चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 152, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हमारी आकाशगंगा में एक और ब्लैक होल की खोज 14

कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया 13










INDIA
रिश्ते नाते खूब निभाओ, पर पहले मतदान कर आओ
आइए आज 19 अप्रैल को हम सभी लोकतंत्र के महापर्व में सबसे पहले वोट डालें, और बेहतरीन सरकार का चुनाव करें।
विकेश जायसवाल
पूर्व सभासद
नगर पंचायत बिलसंडा
नागरिकों की है पहचान
सबसे पहले करें मतदान
सौरभ गंगवार
पौत्र
बाबू तेज बहादुर गंगवार
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश
सरकार
Madhurvani
infra private limited
YOUR VOTE IS YOUR VOICE
DIRECTOR:
VED PRAKASH KASHYAP
+91 9411482700, 7017756570
MADHURVANI.PBT@GMAIL.COM
WWW.MADHURVANIINFRA.COM
हमको यह समझना है, सबके वोट डलवाना है।
आज हम सभी जिम्मेदार नागरिक बनकर सबसे पहले वोट डालेंगे
शीतल हॉस्पिटल
बीसलपुर रोड बिलसंडा
24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं एवं प्रसव की सुविधा उपलब्ध
प्रमोद यादव (एमडी)
भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India
वोट हमारा अधिकार
लोक सभा चुनाव- 2024
19 अप्रैल, 2024
चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
आइये संकल्प लें कि अपने मताधिकार का सदुपयोग करेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।
B.S.M.
J.P. Road, Pilibhit
मतदान हमारा अधिकार है, इससे बनती सरकार है।
आओ आज 19 अप्रैल को हम सब काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करें।
सुनील कुमार सक्सेना
उर्फ मन्ने
संरक्षक
व्यापार मंडल बिलसंडा
मतदान अवश्य करें।
लोकतंत्र की शक्ति के लिए संकल्प करें, आओ मतदान से समाज को सशक्त करें।
गुरजीत सिंह
उर्फ पंछी
ग्राम भरा पचपेड़ा
सह प्रबंधक बरेली
गौशाला सोसायटी
तहसील -अमरिया
जनपद -पीलीभीत
लोकतंत्र है तभी महान, जब सभी करेंगे मतदान।
सभी नगर वासियों से विनम्र आग्रह है कि आज लोकतंत्र के महापर्व में अपना अमूल्य वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।
डीके गुप्ता
चेयरमैन
नगर पंचायत बिलसंडा
RCIC
Branch From Canada
GLOBAL ROUTE IMMIGRATION
IELTS I PTE
Visa Refused? We Can help!
Charanjeet Singh
M.: 8279371416
पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी गुलड़िया भिंडारा मझोला
Study Permit
Work Permit
Family Sponsorship
Visitor Visa
Simardeep Singh
M.: 7505387557
Dunidam Road, Majhola
Canada Office
No. +1 (289) 937-1341
पहले मतदान, फिर दूसरा काम
दारा सिंह
दलजीत सिंह
ग्राम बिरहनी तहसील अमरिया जनपद-पीलीभीत
कर्तव्यों से कोई न रुठे, किसी का वोट कभी ना छूटे
आज 19 अप्रैल को हम सभी मिलकर सबसे पहले वोट डालेंगे उसके बाद ही कोई अन्य कार्य करेंगे।
पंकज जायसवाल
प्रबंधक
गांधी स्मारक सुंदरलाल इंटर कॉलेज, बिलसंडा
सरकार बनाना आता है, क्योंकि हम मतदाता हैं।
आओ आज हम सब मिलकर सबसे पहले बूथ पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग करेंगे।
डॉ. हिमांशु सक्सेना
फर्म- जोहरी क्लीनिक
बिलसंडा
हम सभी मतदान करें देश का निर्माण करें
सुख अमृत पाल सिंह
(सोनू छीना)

चैत्र शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 152, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला 14
फिल्म अक्षरा का गाना 'चलि अइहा घरवा' रिलीज 13

## श्री राम का नारा लगाने पर हमला, चार गिरफ्तार

**बेंगलुरु, एजेंसी**

बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर जय श्री राम का नारा लगाने पर एक समुदाय के लोगों ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। चिक्काबेट्टा हल्ली में बुधवार को यह घटना घटी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं दो नाबालिगों को पकड़ा गया है।

पुलिस के मुताबिक सभी आरोपी एमएस पाल्या के रहने वाले हैं। इस बीच बेंगलुरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने बुधवार रात पीड़ितों से उनके आवास पर मुलाकात की और मारपीट की घटना की निंदा की। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब संजीवनी नगर के पवन कुमार, राहुल और बिनायक एक सेकेंड हैंड दोपहिया वाहन देखने के लिए अपनी कार से एमएस पाल्या की ओर जा रहे थे। उनके पास भगवा झंडा था और वे जय श्री राम का नारा लगा रहे थे। रास्ते में बाइक पर सवार फरमान और समीर ने उन्हें रोका तथा फरमान ने उनसे सवाल करना शुरू कर दिया कि वे जय श्री राम के नारे क्यों लगा रहे हैं और उन्हें केवल अल्लाहु अकबर कहना चाहिए।

**मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित**

## हर बार आलोचना अच्छी नहीं, सराहना भी करें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित याचिकाओं पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह भी कहा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता है।

पीठ ने चुनाव में ईवीएम को जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) की



- सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता

पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक करने या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग वाली याचिकाओं पर संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया।

शीर्ष अदालत ने गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और अन्य की ओर दायर जनहित याचिकाओं पर दलीलें सुनीं। पीठ ने सुनवाई पूरी करने से ठीक पहले याचिकाकर्ताओं से कहा, हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता। हमने चुनाव आयोग को सुना है। अगर उन्होंने कुछ अच्छा किया है तो कृपया सराहना करें। हर बार आपको हर चीज को लेकर आलोचनात्मक होने की जरूरत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट की चुनावी प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से संबंधित कोई भी आशंका नहीं रहनी चाहिए। पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि या तो आपको या किसी अन्य अधिकारी को अदालत कक्ष के अंदर या बाहर के लोगों की सभी आशंकाओं को दूर करना चाहिए... यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है।

शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि यह (वीवीपैट) पर्ची वोटर को थमा दी जाए तो इसमें क्या नुकसान है?" इस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि इससे वोटों की गोपनीयता प्रभावित होने के साथ ही जानबूझकर शरारत की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

## दूल्हा बनकर जाना था, ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान

**तिलहर/शाहजहांपुर।** बरात से चंद घंटे पहले दूल्हे ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। गांव के एक व्यक्ति ने परिजनों को जानकारी दी तो कोहराम मच गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।



- बरात से चंद घंटे पहले हरिद्वार स्पेशल समर एक्सप्रेस के आगे कूद गया
- गुरुवार को जानी थी बरात, कुछ उखड़ा-उखड़ा सा था मूड

गांव खनपुरा निवासी रेलवे कर्मचारी श्रीराम वर्मा के 24 वर्षीय पुत्र लखन वर्मा की बरात गुरुवार शाम 4:30 बजे बदायूं जिले के उझानी के गांव भगवानपुर जानी थी। दोपहर करीब 12 बजे घर से बाहर निकलते हुए वह बड़े भाई अजय से बोला कि आप सब बरात चले जाना, हम जा रहे हैं। उसकी इन उखड़ी बातों को सुनकर उसे रोकने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रुका और गांव के बाहर रेल पटरी पर पहुंच गया। उसी समय अपलाइन पर हरिद्वार स्पेशल समर एक्सप्रेस ट्रेन आ गई और वह ट्रेन के आगे कूद गया। एक ग्रामीण ने उसे ट्रेन के आगे कूदते देख लिया। उसने परिवार वालों को जानकारी दी। परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे तो वहां मेंहदी लगा हुआ एक हाथ और एक पैर पड़ा हुआ था। परिजनों में चीख-पुकार मच गई। इधर, उसका धड़ ट्रेन में फंसकर चला गया जिसे कटरा स्टेशन पर निकाला गया। उसकी लवमैरिज थी। बुधवार को लड़की पक्ष तिलक में आई-10 कार देकर गया था। बरात से कुछ देर पहले लड़के ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या क्यों कर ली इसके बारे में परिजन कुछ नहीं बता रहे।

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।



डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी
कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# लोकतंत्र का महापर्व आज, तैयारी पूरी

| 21 | 18 | 16 | 70 | 35 | 41 | 14 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्यों की 102 सीटों पर होगी वोटिंग | लाख से अधिक कर्मी 1.87 केंद्रों पर तैनात | करोड़ से अधिक मतदाता डालेंगे वोट | हजार से अधिक जवान उत्तर प्रदेश में तैनात | लाख 67 हजार पहली बार करेंगे मतदान | हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां लगाईं | हजार से अधिक मतदेय स्थल उप्र में |

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को मतदान शुरू होने के साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महाकुंभ का शंखनाद होने जा रहा है। पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

प्रथम चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री संजीव वालियान, सर्बानंद सोनोवाल और भूपेन्द्र यादव, कांग्रेस के गौरव गोगोई, और द्रमुक की कनिमोई शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान सुबह 7 बजे शुरू हो कर शाम 6 बजे तक चलेगा। आयोग ने 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है।

इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डाल सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष रेलगाड़ियां और लगभग एक लाख वाहन तैनात किए गए हैं।

**पीलीभीत, मुरादाबाद और रामपुर में सुबह 7 बजे से मतदान**



मुरादाबाद में बुद्धि बिहार मैदान से पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। सिर पर ईवीएम रखकर केंद्र पर जाता कर्मी।

### पीलीभीत में 10 प्रत्याशी मैदान में

**पीलीभीत।** यहां 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। कुल मतदान केंद्र 1242 और मतदेय स्थल 1924 पर 18,31,699 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**लखनऊ।** उप्र. में लोकसभा के पहले चरण की आठ सीटों पर चुनाव लिए 19 अप्रैल यानी आज मतदान होगा। सभी सीटों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत में मतदान होगा। कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। कुल मतदाताओं की संख्या 1,44,01,543 है। जिसमें पुरुष 76,54,658, महिला 67,46,136 व थर्ड जेंडर 749 हैं। कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। मतदान के लिए 18,662 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 18,734 बैलट यूनिट व 19,603 वीवीपैट तैयार किये गये हैं। 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सभी सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

**चुनाव कराने पहुंचे अफसरों सहित 70 हजार से अधिक जवान:** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को संपन्न कराने के लिए नौ जनपदों के आठ लोकसभा क्षेत्रों में कुल 248 बैरियर स्थापित किए गए हैं। इसमें जनपद पीलीभीत के अंतर्राष्ट्रीय सीमा प्रभावित क्षेत्र में 11 तथा जनपदों की सीमा क्षेत्र में 88 बैरियर शामिल हैं। यहां पर चुनाव कराने के लिए 6018 निरीक्षक, 35750 मुख्य आरक्षी, 24992 होमगार्डस, 60 कंपनी पीएसी, 220 कंपनी सीआरपीएफ के जवान भेजे गए हैं। फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में 6764 चौकीदार 155 पीआरडी जवान भेजे गए हैं। इसके अलावा 348 फ्लाइंग स्क्वाएड, 459 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 55 क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।

## ईडी ने कहा, जेल में केजरीवाल खुद खा रहे आम और मिठाई

**नयी दिल्ली।** आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद हर दिन आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि चिकित्सा आधार पर उन्हें जमानत मिल सके। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने गुरुवार को यह दावा किया। न्यायमूर्ति बावेजा ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। केजरीवाल ने मधुमेह के स्तर में उतार-चढ़ाव के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने डॉक्टर से परामर्श करने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख किया है। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को कल तक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत कल इस मामले पर दोबारा सुनवाई कर सकती है। ईडी ने अदालत से कहा केजरीवाल प्रतिदिन आलू पूड़ी, आम, मिठाई खा रहे हैं। ऐसा चिकित्सा आधार पर जमानत पाने के लिए किया जा रहा है।

**एक नजर**

### प्रो. मणींद्र आईआईटी कानपुर के नए निदेशक

**कानपुर।** प्रो. मणींद्र अग्रवाल को आईआईटी कानपुर का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की गई। वे आईआईटी में कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रोफेसर हैं। इसके अलावा सीर्थीआई हब में प्रोग्राम डायरेक्टर हैं। संस्थान में सितंबर 2023 में निदेशक अभय करंदीकर को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव नियुक्त किए जाने के बाद निदेशक का पद खाली चल रहा था। कार्यकारी निदेशक के रूप में प्रो एस गणेश प्रभार संभाल रहे थे।



### बसपा प्रत्याशी राकेश कुशवाहा पार्टी से निष्कासित

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने झांसी में संगठन को लेकर बड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने, झांसी-ललितपुर लोकसभा सीट के घोषित प्रत्याशी राकेश कुशवाहा को पार्टी से निष्कासित कर दिया। साथ ही झांसी के जिलाध्यक्ष जयपाल अहिरवार को हटाकर, बीके गौतम को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दे दी है। नवनियुक्त अध्यक्ष बीके गौतम ने गुरुवार को निष्कासन की पुष्टि करते हुए बताया कि मंडल प्रभारी कैलाशपाल को ललितपुर का जिला प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया है।

## शिल्पा व राज कुंद्रा की संपत्तियां कुर्क

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के करीब 98 करोड़ रुपये के शेयरों के अलावा एक बंगला और एक फ्लैट को कुर्क किया है। संघीय एजेंसी ने दंपति की संपत्ति कुर्क करने के लिए धन शोधन रोकथाम कानून के तहत एक अस्थायी आदेश जारी किया है। यह मामला बिटकॉइन जैसी क्रिप्टो करेंसी के इस्तेमाल के जरिए निवेशक निधि में धोखाधड़ी से जुड़ा है।

कुर्क संपत्ति में अभी शेट्टी के नाम पर जुहू (मुंबई) में एक रिहायशी फ्लैट और कुंद्रा के नाम पर पुणे में एक रिहायशी बंगला तथा इक्विटी



- ईडी ने पोंजी योजना से जुड़े धन शोधन मामले में की कार्रवाई, 98 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

शेयर शामिल हैं। इन संपत्तियों की कीमत 97.79 करोड़ रुपये है। दंपति के एक वकील ने बताया कि उनके मुवक्किलों के खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है और वे प्राधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। धन शोधन का यह मामला वैरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कई एजेंट के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की प्राथमिकियों से निकला है।

आरोप लगाया कि इन लोगों ने बिटकॉइन के रूप में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ जनता से बिटकॉइन (2017 में 6,600 करोड़ रुपये मूल्य) के रूप में भारी मात्रा में धनराशि एकत्र की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि इन प्रवर्तकों ने निवेशकों से धोखाधड़ी की। उसने दावा किया कि कुंद्रा ने यूक्रेन में एक बिटकॉइन माइनिंग फार्म लगाने के लिए गेन बिटकॉइन पोंजी के मास्टरमाइंड और प्रोमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त किए।

## सीबीआई ने रिश्वत ले रहे रेलवे इंजीनियर को पकड़ा

**लखनऊ।** सीबीआई ने वाराणसी रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इंजीनियर ने यह रिश्वत अपने अधीनस्थ से उसके तबादले के बाद कार्यमुक्त करने के बदले में मांगी थी। आरोपी सीनियर सेक्शन इंजीनियर सलेमपुर, देवरिया, एनईआर, वाराणसी में तैनात था। आरोपी ने शिकायतकर्ता को उसकी वर्तमान तैनाती से मुरादाबाद मंडल के लिए कार्यमुक्त करने के लिए उससे 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के अफसरों ने जाल बिछाकर शिकायतकर्ता को इंजीनियर के पास भेज दिया।

## बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई दो बच्चों सहित चार की मौत

**संवाददाता, एटा**

**अमृत विचारः** एटा में तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक युवक की छह दिन बाद शादी थी। जबकि दूसरा युवक चचेरे भाई की शादी में शामिल होने जा रहा था। पांच लोग घायल हो गए।

मैनपुरी के दन्नाहार थाना क्षेत्र के ग्राम साथिनी निवासी विनोद कुमार का सबसे बड़ा पुत्र रवि (35) और सबसे छोटा पुत्र 24 वर्षीय कुलदीप नोएडा में काम करते थे। कुलदीप की 24 अप्रैल को शादी थी। इसीलिए दोनों भाई नोएडा से कार से घर लौट



कुलदीप आराध्या अदिति गुलशन

- सभी नोएडा से जा रहे थे मैनपुरी शेयरिंग में बुक की थी कार

रहे थे। साथ में रवि की पत्नी रंजना, बेटी आराध्या (6), अदिति (1), पुत्र आदित्य (5) भी थे। कार में जनपद मैनपुरी के औंछा थाना क्षेत्र के ग्राम सतेन्द्र सिंह पुत्र सुघर सिंह, गुलशन (23) पुत्र रामऔतार सिंह निवासी ब्यूति थाना ऐलाऊ जिला मैनपुरी भी सवार थे। सभी ने शेयरिंग में स्विफ्ट डिजायर कार बुक की थी। गुरुवार सुबह 4 बजे एटा के पिलुआ थानान्तर्गत सुन्ना नहर पुल के पास चालक को नींद का झोंका आ गया। हादसे में कुलदीप, अदिति, आराध्या और गुलशन की मौत हो गई। गुलशन चचेरे भाई की शादी में शामिल होने आ रहा था। चालक विष्णु, रंजना, रवि, आदित्य, सतेन्द्र घायल हो गए।

## आपसी संघर्ष में दो युवा तेंदुओं की गई जान

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- अलग-अलग खेतों से बरामद हुए शव, पोस्टमार्टम के बाद शवों को किया जमींदोज

**अमृत विचारः** थाना ईसानगर क्षेत्र में दो युवा तेंदुओं के शव मिलने से हड़कंप मच गया। पशु चिकित्सकों ने शवों का पोस्टमार्टम किया, जिसमें आपसी संघर्ष में आई चोटों के कारण मौत की बात सामने आई है।

थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव कैरातीपुरवा के मजरा गांव टांडा पुरवा में कुछ लोग गुरुवार की दोपहर बाद खेतों की तरफ गए। उन्होंने दो तेंदुआ देखे तो इसकी सूचना वन विभाग को दी। धौरहरा वन रेंज की टीम मौके पर पहुंची और कांबिग की तो अलग-अलग खेतों में दोनों तेंदुआ के शव बरामद हुए। बफर जोन के डीडी सौरीष सहाय समेत दुधवा नेशनल पार्क और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए। दोनों शव धौरहरा वन रेंज लाये गए जहां पशु चिकित्सक ने पोस्टमार्टम किया। डीडी सौरीष सहाय ने बताया कि दोनों करीब ढाई वर्ष उम्र के नर तेंदुआ थे। पोस्टमार्टम में पता चला कि दोनों की मौत चोटों के कारण हुई है। उन्होंने आपसी संघर्ष की संभावना जताई। दोनों की मौत में दो घंटे से ज्यादा का अंतर है।

## पांच सहकारी बैंकों पर ठोंका 60.3 लाख रुपए का जुर्माना

**मुंबई।** आरबीआई ने मानदंडों के उल्लंघन के लिए पांच सहकारी बैंकों पर 60.3 लाख का जुर्माना ठोंका है। राजकोट नागरिक सहकारी बैंक पर 43.30 लाख का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना निदेशकों और उनके रिश्तेदारों को कर्ज और अग्रिम पर प्रतिबंध समेत अन्य बातों को को लेकर रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने को लेकर लगाया है। केंद्रीय बैंक ने द कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक (नई दिल्ली), राजधानी नगर सहकारी बैंक (लखनऊ) व जिला सहकारी बैंक, गढ़वाल पर 5-5 लाख का जुर्माना लगाया है। जिला सहकारी बैंक (देहरादून) पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## जीवनसाथी के नियोक्ता से शिकायत क्रूरता के समान

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

**हाईकोर्ट की पीठ ने जोड़े को दी विवाह को समाप्त करने की अनुमति**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि जीवनसाथी की पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने की मंशा से उसके नियोक्ता से की गयी अपमानजनक शिकायत क्रूरता के समान है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की पीठ ने जोड़े को विवाह को समाप्त करने की अनुमति देते हुए कहा कि इस तरह की शिकायतें आपसी सम्मान और सद्भाव की कमी को प्रदर्शित करती है जो स्वस्थ वैवाहिक संबंध के लिए अहम होता है।

अपीलकर्ता पति ने उसे तलाक देने से इनकार करने के कुटुंब



- चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची अपमान करने वाली शिकायतें करना क्रूरता

अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए कहा कि उसने रिश्ते में गंभीर मानसिक यातना और पीड़ा सहन की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्नी ने सहकर्मियों के सामने उन्हें शर्मिंदगी और अपमानित करने के इरादे से उनके नियोक्ता को शिकायतें भेजीं। पीठ ने इस महीने के शुरुआत में फैसला देते हुए टिप्पणी की, चाहे शिकायतें झूठी हों या सच्ची, इस तथ्य से परे पेशेवर प्रतिष्ठा और वित्तीय संभावना को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पति या पत्नी के नियोक्ता को अपमानजनक शिकायतें करना क्रूरता के अलावा कुछ नहीं है।

इस पीठ में न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा भी शामिल थीं। अदालत ने कहा, ''ऐसी शिकायतें करना आपसी सम्मान और सद्भावना की कमी को दर्शाता है, जो एक स्वस्थ विवाह के लिए महत्वपूर्ण है। केवल यह कहने से कि ऐसी शिकायतें पक्षकारों के अलग होने के बाद की गई थीं, किसी भी तरह से पति-पत्नी को क्रूरता करने के अपराध से मुक्त नहीं किया जा सकता है। दंपति का जनवरी 2011 में हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह हुआ था और दोनों सितंबर 2011 से अलग-अलग रह रहे थे। पीठ ने फैसले में कहा कि पत्नी के आचरण से अपरिहार्य निष्कर्ष निकलता है कि उसके व्यवहार ने पति को चिंतित किया और उसकी मानसिक शांति भंग हुई जिसकी वजह से दोनों पक्षों के लिए अपने वैवाहिक संबंध को बनाए रखना मुश्किल हो गया।

अदालत ने कहा, नियोक्ता से शिकायत करने की प्रतिवादी की स्वीकारोक्ति को क्रूरता माना जा सकता है। ऐसी घटनाएं वैवाहिक संबंधों में तनाव और अस्थिरता का माहौल पैदा करती हैं, जिससे दोनों पक्षों को भावनात्मक नुकसान होता है।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल

सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा

फ्री

भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।

ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।

नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री

अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट

किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली

सम्पर्क करें: संजीव कुमार पाण्डेय चेयरमैन

9837892555 9412192305



हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर

समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक

गठिया फालिज जोड़ों एवं नसों का दर्द झनझनाहट सुन्नपन

फातिमा हॉस्पिटल जगतपुर रोड, बरेली

9267043010


# सबका यह अरमान है, करना सबको आज मतदान है..




मतदाता जागरुकता रैली निकालते स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

**पूरनपुर।** नगर के सेंट जोसेफ स्कूल के बच्चों ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में शामिल बच्चे हाथों में मतदान संबंधी नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। इस दौरान देश के मतदाता हैं वोट देना आता है.., सबका यह अरमान है करना सबको मतदान है..आदि नारे लगाए गए। लोगों से कहा गया कि व्यक्तिगत रूप से सारे काम छोड़ छुट्टी का दिन न मानकर शुक्रवार को होने वाले चुनाव में वोट जरूर दें। इस दौरान मतदाताओं को जागरूकता पत्रक भी बांटे गए। रैली माधोटांडा रेलवे क्रासिंग से होते हुए तहसील रोड पर पहुंचने के बाद तहसील परिसर पहुंची। इस मौके पर प्रधानाचार्य फादर राजेश, उप प्रधानाचार्या सिस्टर दीपा, लॉरेंस क्रास्टा, अंशू गुप्ता, रियाज़ अहमद खान, वंदना गुप्ता, मोहम्मद आशी, अमृता सिंह, भारती पांडेय, राजवीर वर्मा आदि मौजूद रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE जाँचों पर विशेष छूट
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow) Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का आपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
समय: प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पता:- फेज़ हॉस्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059


# ट्रैक्टर की टक्कर से 5 साल के बच्चे की मौत

## बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर पट्टी में शुक्रवार दोपहर हुआ हादसा, घर के बाहर खड़ा था बच्चा

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** बेकाबू गति से दौड़ते ट्रैक्टर ने घर के बाहर खड़े पांच साल के बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन फौरन उसे उठाकर सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक मोहसिन।

थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी निवासी हाशिम अली कारचोबी का काम करते हैं। गांव में ही उनकी ससुराल है। गुरुवार को हाशिम अली के ससुर जुम्माशाह की तबीयत खराब हो गई थी। इससे वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ससुर को दवा दिलाने बरखेड़ा चले गए। उनका पांच वर्षीय पुत्र मोहसिन भी साथ आया था। दोपहर करीब दो बजे सभी वापस घर आ गए। मोहसिन परिवार के अन्य सदस्यों संग घर के बाहर मौजूद था। इस बीच एक ग्रामीण ट्रैक्टर के पीछे धान कुटाई की मशीन बांधकर तेजी से चलाते हुए आया। तभी घर के बाहर खड़ा मोहसिन ट्रैक्टर की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिवार वाले उसे सीएचसी बरखेड़ा ले गए। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान मौके पर जा पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मौका मुआयना किया।



विलाप करते बालक के परिजन।

### बुझ गया घर का चिराग

मोहसिन अपने माता-पता का इकलौता बेटा था। उसकी मौत की खबर पहुंची तो मां शबाना गश खा गिर गई। घर में कोहराम मच गया। आसपास के ग्रामीण और रिश्तेदार ढांढस बंधाने में जुटे रहे।

### ट्रैक्टर चलाते समय गाने सुन रहा था चालक

परिजन ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। उनका कहना है कि ट्रैक्टर पर म्यूजिक सिस्टम लगा है। जिस पर तेज आवाज में गाना बज रहा था। गाने सुनने में मगन चालक अनियंत्रित गति से ट्रैक्टर चलाकर लाया। हादसे के बाद चालक मौके पर छोड़कर भाग गया।

## कैश वैन की टक्कर से प्रवक्ता की मौत, दोस्त घायल

**बीसलपुर।** बरेली हाईवे पर कमुआ मोड़ के पास कैश वैन की टक्कर से बाइक सवार प्रवक्ता की मौत हो गई, जबकि उनका साथी घायल हो गया। नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खो शुमाली निवासी ज्योतिषाचार्य पंडित बिल्लू महाराज के बड़े पुत्र कविश पांडे (28) नगर के रामदुलारी श्याम सुंदर इंटर कॉलेज में संस्कृत प्रवक्ता के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को वह आईफोन खरीदने के लिए दोस्त यश गंगवार के साथ बाइक पर बरेली जा रहे थे। बरेली हाईवे पर कमुआ मोड़ के पास एक बैंक की कैश वैन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें गंभीर चोटें आने से कविश पांडे की मौत हो गई, जबकि यश गंगवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बरेली के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।



मृतक कविश पांडे।

## आग से झुलसे युवक की मौत

**बीसलपुर।** नगर की बसंत विहार कॉलोनी निवासी अमित मिश्रा (40) पुत्र सुरेश मिश्रा बुधवार को घर में चाय बना रहे थे। इस बीच सिलेंडर में आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गए थे। गंभीर हालत में उन्हें सीएचसी ले जाया गया। वहां से उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया। बरेली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई।



मृतक अमित मिश्रा।

# आग से 20 एकड़ गेहूं और छह घर जले

- दो लोग झुलसे, माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम बगा मझारा का मामला बगैर पानी पहुंची दमकल की टीम

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार:** नाले के पास झाड़ियों में लगी आग की चपेट में आकर छप्परपोश छह घर जल गए। ग्रामीणों ने एकत्र होकर बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग बुझाने के प्रयास में महिला समेत दो लोग झुलस गए। उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम बगा मझारा में आबादी के कुछ दूरी पर नाले के किनारे झाड़ियां हैं। गुरुवार दोपहर इन झाड़ियों में अचानक आग लग गई। हवा तेज चलने से आग खेतों में खड़े गेहूं तक पहुंच गई। इसकी सूचना देने के करीब तीन घंटे बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची। टीम एक तो छोटी गाड़ी लेकर पहुंची, दूसरे उसमें पूरा पानी नहीं था। ऐसे में ग्रामीणों को ही आग बुझाने का प्रयास करना पड़ा। खेतों से आग बुझी तो आबादी की तरफ पहुंच गई। इसके बाद एक-एक करके हदीस अहमद, शाहिद, मोहम्मद हुसैन, साउदीन, शबाना के छप्परपोश घर जल उठे। इस पर लोग एकजुट होकर पानी डालकर आग बुझाने लगे।

तेज हवा के चलते आग पर काबू पाने में ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग बुझाने के दौरान वहीं की शबाना और हदीस झुलस गए। उन्हें जिला अस्पतालमें भर्ती कराया गया। वहां उनकी हालत में सुधार है। उधर, आग में कृपाल, रामसकल, मनोगी, शिवचंद के करीब 20 एकड़ खेत में खड़ी गेहूं की फसल जल गई। वहीं, छप्परपोश मकानों में रखा घरेलू सामान जल गया और छह बकरियां जलकर मर गईं। इसकी सूचना मिलने पर माधोटांडा पुलिस व राजस्व टीम ने मौका मुआयना किया।

# पशुशाला में आग लगने से पांच पशु जिंदा जले

संवाददाता, अमरिया (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** अमरिया तहसील क्षेत्र में एक पशुशाला में लगी आग में पांच पशुओं की जिंदा जलकर मौत हो गई। कई अन्य जगह आग लगने की घटनाएं हुईं।

तहसील क्षेत्र के ग्राम भूड़ा निवासी अशरफ अली के मकान के बाहर की तरफ पशुशाला है। गुरुवार दोपहर अचानक पशुशाला में आग लग गई। हवा तेज चलने से कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटें उठतीं देख आसपास के लोग जमा हो गए। फिर किसी तरह पशुशाला में बंधे पशुओं को बाहर निकाला गया। हालांकि कुछ पशु आग में फंसे रह गए। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। मगर चार पड्डा और एक बकरी की जलकर मौत हो गई। घरेलू सामान भी जल गया। आग की चपेट में आने से पड़ोसी महबूब छप्पर जल गया। इसके अलावा चठिया न्याज गांव के किसान आफाक, कमरोज, हारून, मोबीन, मंगल सिंह, हरजीत सिंह, गुलाब सिंह के खेत में आग लगने से 100 बीघा नरई जल गई।

## पुरैना के मतदाता वोट न डालने पर अड़े

**बरखेड़ा।** देवहा नदी पर पुल की मांग को लेकर मतदान बहिष्कार के ऐलान पर पुरैना के ग्रामीण अड़े हैं। पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष पहुंची और ग्रामीणों को मनाने की कोशिश की। हालांकि प्रशासन का कहना है कि ग्रामीण वोट डालने को मान गए हैं। बरखेड़ा के ग्राम पुरैना के ग्रामीण लंबे समय से देवहा नदी पर पुल की मांग कर रहे हैं। मंगलवार को मतदान बहिष्कार के पोस्टर लगाए थे। पुलिस ने बुधवार को पोस्टर उतरवा दिए। सीओ बीसलपुर विशाल चौधरी, इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान के साथ ही सेतु निगम के इंजीनियर भी पहुंचे थे और बरेली सीडीओ की ओर से भेजे प्रस्ताव की प्रति ग्रामीणों को दी। मतदान से एक दिन पहले गुरुवार को भी मामला गरम रहा। पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंगवार टीम संग गांव पहुंची और ग्रामीणों को बेहतर जनप्रतिनिधि का चुनाव करने के लिए मतदान करने को मनाया। बहरहाल ग्रामीणों में प्रशासनिक हीलाहवाली को लेकर नाराजगी है। बीसलपुर एसडीएम ने बताया कि ग्रामीण मतदान को मान गए हैं।



पुल न होने से इस तरह नदी पार करते हैं ग्रामीण।

- पैनी नजर संस्था की अध्यक्ष ने मनाने का किया प्रयास

## शादी तय होने पर युवती प्रेमी संग फरार

**बीसलपुर।** प्रेम प्रसंग का पता चलने पर परिवार ने युवती की शादी का रिश्ता तय कर दिया। इसका पता लगने पर युवती मौका पाकर प्रेमी संग फरार हो गई। पुलिस ने युवती के पिता से मिली तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली में दी गई तहरीर में एक व्यक्ति ने बताया कि वह अपनी पुत्री के साथ ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने गया था। वहां शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम घुसगांव निवासी रोहित कुमार से उसकी पुत्री की मुलाकात हुई। दोनों आपस में बातचीत करने लगे। उन्हें इसकी जानकारी लगी तो पुत्री की डांट फटकार लगाई और अपने घर लौट आए। उन्होंने पुत्री की शादी का रिश्ता तय कर दिया। आरोप है कि 17 अप्रैल को आरोपी रोहित कुमार उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, चालक घायल

**बरखेड़ा।** कोतवाली दियोरियाकलां क्षेत्र के ग्राम पिपरैइया निवासी मनोज कुमार (27) पुत्र देवदत्त गुरुवार को अपने घर से गांव हिम्मतपुर में भूसा भरने के लिए ट्रैक्टर ट्राली लेकर गए थे। ट्राली में भूसा भरने के बाद वापस आ रहे थे। अचानक ट्रैक्टर ट्राली गांव हिम्मतपुर के पास ही अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। जिसमें मनोज कुमार दब गए। जबकि ट्रैक्टर पर बैठे चार अन्य श्रमिकों ने कूदकर खुद को बचाया। ग्रामीणों ने बमुश्किल मनोज को बाहर निकाला और फिर सीएचसी भर्ती कराया। हादसे के चलते मौके पर भीड़ जुटी रही।

## अधिवक्ता के परिवार को धमकाने का आरोप

**पीलीभीत।** सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम रुपपुर कमालू के निवासी पूर्व एडीजीसी दिनेश कुमार एडवोकेट की ओर से डीएम को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया गया कि उनके गांव का ही एक अपराधी उन्हें व परिवार के अन्य सदस्यों को लगातार धमकियां दे रहा है। वह व उनके परिवार वाले एक मुकदमे में उसके खिलाफ गवाही न दें, इसका दबाव बना रहा है। आरोपी से परिवार को जान का खतरा बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। आपराधिक इतिहास बताते हुए उसकी हिस्ट्रीशीट खुलवाने की मांग की गई है।

# अंधेरे में रहने को मजबूर हैं हसनी हुसैनी नगर के लोग

- पूर्व प्रधान ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर लगाई विद्युतीकरण की गुहार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** योगी सरकार ने घर-घर बिजली सप्लाई के लिए सौभाग्य विद्युत योजना चलाई। मगर हसनी हुसैनी नगर के लोगों के लिए यह योजना भी बेमानी साबित हुई। लोगों के कई बार मांग करने के बावजूद यहां बिजली सप्लाई नहीं हो सकी। अब सिमरिया तालुके महाराजपुर के पूर्व प्रधान ने सीएम को पत्र भेजकर विद्युतीकरण कराने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिमरिया तालुके महाराजपुर के पास ब्लॉक रोड पर बसे हसनी हुसैनी नगर में लगभग एक हजार की आबादी है। यहां से लगभग सौ मीटर की दूरी पर हाईटेंशन लाइन गुजरी रही है। यहां के बाशिंदे जनप्रतिनिधि और विभाग के अधिकारियों से कई बार बस्ती में विद्युतीकरण कराने की मांग क चुके हैं।

बावजूद इसके उनकी नहीं सुनी गई। इस कारण यहां बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी। सिमरिया तालुके महाराजपुर के पूर्व प्रधान नाबिर अली मंसूरी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि हसनी हुसैनी नगर में बिजली सप्लाई न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। यहां लोग अंधेरे में गुजर करने को मजबूर हैं। मुख्य रोड पर बस्ती होने के बावजूद यहां कुटीर उद्योग और अन्य व्यापार नहीं हो पा रहा है। पूर्व प्रधान ने हसनी हुसैनी नगर में विद्युतीकरण की मांग की है। उनका आरोप है कि बस्ती के लोगों को सौभाग्य विद्युत योजना का लाभ भी नहीं दिया गया।

> हसनी हुसैनी नगर में विद्युतीकरण के लिए एस्टीमेट बनाकर भेजा जा चुका है। अभी तक विद्युतीकरण के लिए आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। आदेश मिलते ही विद्युतीकरण का काम शुरू करा दिया जाएगा।
>
> – कुलदीप सिंह, जेई ग्रामीण

## पति समेत तीन पर एफआईआर

**बरखेड़ा।** दहेज में बाइक की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को ससुराल वालों ने पीटकर घर से निकाल दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के गांव ढुक्सी निवासी बनवारी लाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनकी पुत्री सुनीता देवी की शादी पांच साल पहले बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर भत निवासी रक्षपाल पुत्र मदनलाल से हुई थी। बाइक की मांग पूरी ना होने पर ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। कुछ माह पूर्व बेटी को पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने उस वक्त सुनवाई नहीं की। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## तेज हवा के झोंके में बिजली के दो पोल गिरे, बड़ा हादसा बचा

**घुंघचिहाई।** तेज हवा चलने से गुरुवार को बिजली के दो जर्जर पोल गिर गए। इनमें एक पोल ठेले पर जा गिरा, जबकि दूसरा सड़क पर गिरा, जिसकी चपेट में आने से कई राहगीर बच गए। करीब दो घंटे तक पोल बीच सड़क पर पड़ा रहा, जिससे आवागमन बाधित रहा। यह हादसा पूरनपुर-बंडा मार्ग पर घुंघचिहाई बस अड्डे के पास हुआ। बीते कुछ सालों में इस मार्ग पर बाजार लग रही है, जिससे भीड़ रहती है। गांव के ही नन्हे यादव का खोखा के आगे ठेला लगा था। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे तेज हवा झोंके में एक-एक करके बिजली के दो पोल गिर गए। एक पोल नन्हें यादव के ठेले पर गिरा तो वह डरकर भाग दूर भाग गए। जबकि दूसरा पांच फीट दूर गिरा, तारों के सहारे काफी देर तक झूलता रहा। इसकी चपेट में आने से कई राहगीर बच गए। इसकी सूचना मिलने पर करीब दो घंटे बाद पॉवर कारपोरेशन के संविदा कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पोल हटवाए। टीम ने श्रमिक लगाकर बिजली के पोल लगवा दिए। एकत्र हुए व्यापारियों का कहना था कि गेहूं कटाई के चलते इन दिनों सप्लाई बंद रखी जाती है। इससे बड़ा हादसा बच गया।






# 18.31 लाख वोटर 1242 केंदों पर आज करेंगे मतदान

## पीलीभीत लोकसभा सीट के 10 प्रत्याशियों की किस्मत होगी ईवीएम में बंद, सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 1924 बूथों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जाएंगे वोट

**अमृत विचार:** आखिरकार इंतजार की घड़ियां खत्म हो गईं। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में शुक्रवार 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा, जो शाम छह बजे तक चलेगा। पांच विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता भाजपा, सपा (गठबंधन), बसपा समेत 10 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद करेंगे। प्रशासन ने निष्पक्ष और शांति पूर्ण चुनाव कराने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के 1924 बूथों पर 18,31,699 मतदाता शुक्रवार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 9,78,577 पुरुष, 8,53,082 महिलाएं एवं 40 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान के लिए बृहस्पतिवार को पोलिंग पार्टियों की रवाना की गईं। सबसे पहले शारदा पार इलाके के सात मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं। सभी पोलिंग पार्टियां शाम तक बूथों पर पहुंच गईं। मतदान कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। मतदान प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू होगी, जो शाम छह बजे तक चलेगी। मतदान केंद्रों पर पुलिस के साथ सीआरपीएफ एवं पीएसी के जवान भी मुस्तैद रहेंगे। पीलीभीत सीट से भाजपा, सपा (गठबंधन), बसपा समेत 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, जिनकी किस्मत शुक्रवार को ईवीएम में बंद हो जाएगी। प्रशासन ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए 14 जोनल एवं 102 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की है। इसके अलावा विधानसभा वार एक-एक सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में 67.38 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### वोटर आईडी के अलावा इन विकल्पों से करें मतदान

चुनाव आयोग ने वोटर आईडी के तौर पर 12 विकल्प तय किए हैं। इन 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेज में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, राज्य या केंद्र सरकार की ओर से जारी फोटो पहचान पत्र, बैंक / डाकघर की फोटो युक्त पासबुक, आरजीआई एवं एनपीआर का जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा कार्ड होने पर मतदान कर सकते हैं।

### पीलीभीत लोकसभा के आंकड़े एक नजर में

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 18,31,699 |
| महिला मतदाता | 8,53,082 |
| पुरुष मतदाता | 9,78,577 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 40 |
| कुल मतदान केंद्र | 1242 |
| कुल मतदेय स्थल | 1924 |
| क्रिटिकल बूथ | 516 |
| वल्नरेबल बूथ | 51 |
| पोलिंग पार्टियां | 1674 |

### दिव्यांगों के लिए रहेगी ट्राइसाइकिल की व्यवस्था

दिव्यांग वोटरों को वोटिंग में किसी तरह की दिक्कत न हो, इसको लेकर मतदान केंद्र पर ट्राइसाइकिल की विशेष सुविधा रहेगी। इसके अलावा उनको घर से लाने और ले जाने के लिए वाहन तैयार रहेंगे। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या करीब 23747 हजार है।

### विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| पीलीभीत | 202230 | 178954 | 19 | 381203 |
| बरखेड़ा | 176320 | 154060 | 04 | 330384 |
| पूरनपुर | 205983 | 179085 | 12 | 385503 |
| बीसलपुर | 195727 | 168243 | 02 | 363972 |
| बहेड़ी | 198317 | 172317 | 03 | 370637 |

### चुनाव मैदान में ये प्रत्याशी ठोक रहे ताल

भाजपा के जितिन प्रसाद, सपा (गठबंधन) के भगवत शरण गंगवार, बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू, भारतीय कृषक दल के राजीव कुमार सक्सेना, राष्ट्रीय समाज दल (आर) के संजय कुमार भारती के अलावा निर्दलीय आदर्श पांडेय, आशीष कुमार, प्रमोद कुमार पटेल, मोहम्मद शाहिद हुसैन, सुशील कुमार शुक्ला चुनाव मैदान में है।

### हर विधानसभा में 10-10 मतदान केंद्र बनाए मॉडल

लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा वार 10-10 मतदान केंद्रों को मॉडल मतदान केंद्र बनाया गया है। इन मतदान केंद्रों को प्रशासन की ओर से मूलभूत सुविधाओं से लैस किया गया है। इसके अलावा विधानसभावार दो-दो बूथों को पिंक बूथ बनाया गया है। इन बूथों पर महिला मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक विधानसभा में एक-एक दिव्यांग प्रबंधित बूथ बनाया गया है।

### बूथ के अंदर सेल्फी ली तो मोबाइल हो जाएगा जब्त

अगर आप वोट डालते वक्त सेल्फी लेने की सोच रहे हैं तो भूलकर भी ऐसा न करें। सेल्फी लेने पर सुरक्षा कर्मी मोबाइल जब्त कर सकते हैं। अच्छा तो यह रहेगा कि बूथ के अंदर जाते वक्त मोबाइल साथ ही न ले जाएं।

## पैरामिलिट्री फोर्स के हवाले रहेंगे अतिसंवेदनशील बूथ


बूथ की सुरक्षा संभालने के लिए रवाना होते एसएसबी के जवान।

**पीलीभीत।** शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। मतदान के दौरान किसी तरह का माहौल खराब करने की कोशिश की तो फोर्स सख्ती से निपटेगा। इसके लिए पुलिस के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स को भी कमान सौंपी गई है। चुनाव में आठ हजार से अधिक सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान के दौरान मणिपुर, बलिया, प्रयागराज समेत कई जिलों की पुलिस मुस्तैद रहेगी। पीलीभीत लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को मतदान होगा। प्रशासन की ओर से 958 मतदान केंद्र और 1521 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इनमें 261 क्रिटिकल मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। यहां की सुरक्षा व्यवस्था पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बल संभालेगा। अफसरों की कोशिश है कि कोई भी सूचना मिलने तत्काल मौके पर पहुंचा जा सके। मतदान के लिए सुरक्षा के खास इंतजामात किए गए हैं। लोकसभा चुनाव में 27 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स के अलावा चार कंपनी पीएसी आ आठ हजार हजार पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई गई है। जिले से लगभग 2000 पुलिसकर्मियों को भी ड्यूटी में लगाया है। जिले को 14 जोन और 102 सेक्टरों में बांटकर मजिस्ट्रेट और पुलिस अफसर तैनात किए गए हैं। जो अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केंद्रों का लगातार भ्रमण करते रहेंगे। इसके अलावा 60 क्लस्टर मोबाइल भी बनाई गई हैं। कंट्रोल रूम में पुलिस कर्मियों की 24 घंटे ड्यूटी रहेगी। पर्यवेक्षक व अन्य अफसरों ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया।

### मतदान केंद्र पर मोबाइल लेकर न जाएं

मतदाता अपना मोबाइल लेकर मतदान केंद्र में नहीं ले जा सकेंगे। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि मतदान के दिन कोई भी मतदाता मोबाइल लेकर मतदान केंद्र में प्रवेश न कर सके। इसके लिए सभी पोलिंग बूथों पर सख्त निगरानी होगी। मतदान केंद्र पर मोबाइल पकड़े जाने पर सुरक्षाकर्मी उसे जब्त कर लेंगे। इसीलिए असुविधा से बचने के लिए बेहतर है कि मतदान केंद्र पर मोबाइल लेकर जाएं ही नहीं।

### खूब करें मतदान, बनाएं नया कीर्तिमान



स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान के लिए सभी को पूरे संकल्प के साथ मतदान करने की आवश्यकता है। मतदाताओं से अपील है कि पीलीभीत की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत में सर्वोच्च मतदान प्रतिशत का रिकॉर्ड अपने नाम करें। प्रत्येक मतदाता संकल्प ले कि हम न केवल खुद मतदान करेंगे, बल्कि सभी सगे संबंधियों और पड़ोसियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

–संजय कुमार सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम



अच्छी सरकार चुनने के लिए पांच साल बाद मौका मिल रहा है। इसलिए इस मौके का फायदा सभी मतदाताओं को उठाना चाहिए। मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए बिना किसी डर और लालच के मतदान करें। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के खास इंतजाम हैं। किसी भी मतदान केंद्र पर गड़बड़ी नहीं होने पाएगी। – अविनाश पांडेय, एसपी

## मतदान को लेकर उत्साहित हैं युवा, गृहणियां भी तैयार

- कोई विकास पर डालेगा वोट, किसी का महंगाई पर ध्यान, हर वर्ग ने कर ली है वोड डालने की तैयारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लोकतंत्र के महापर्व में हर कोई हिस्सा लेने को तैयार है। सबने अपने-अपने मुद्दे तैयार कर लिए हैं और आज अपना सांसद चुनने के लिए वोट डालेंगे। अपने-अपने तर्क और मुद्दों के बीच निडर और निष्पक्ष तरीके से मतदाता बूथ पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। महंगाई, बेरोजगारी को दूर करने वाला तो कोई विकास की उम्मीद के साथ मतदान करने के लिए तैयारी कर चुका है। अमृत विचार की टीम से मतदाताओं ने खुलकर बात की और दूसरों से मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।



अपने मतदान का प्रयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करना चाहिए। ताकि भारत पूरे विश्व में अपना परचम लहरा सके। आने वाली सरकार से यह अपेक्षा है कि वह देश की सुरक्षा और देशवासियों की सुरक्षा के साथ विकसित भारत बनाने की ओर अग्रसर हो। –आनंद मिश्रा, अधिवक्ता



आम जनता को बेहतर काम करने वाली सरकार को ही वोट देना चाहिए। मगर वोट अवश्य दें। हमें ऐसे प्रत्याशी का चुनाव करने है कि जो जिले का विकास कर सके। जिले में सड़कों और शिक्षा पर काम करने वाले सांसद की जरूरत है। – शिरीष सक्सेना, अधिवक्ता



प्रत्याशी उसे चुनना है जो वास्तविक विकास की बात करे। प्रत्याशी के पास न दौड़ना पड़े, बल्कि वह जनता के बीच रहकर उनकी समस्याएं सुने। मतदान करना जरुरी है। आपका एक वोट अच्छी सरकार का चुनाव कर सकता है। – देवेश बंसल व्यापारी



चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है। सभी को मतदान करना चाहिए। जिले को ऐसे सांसद की जरूरत है, जो व्यापारी और राष्ट्र हित में काम करें। ताकि जिले का विकास संभव हो सके। मतदान जरूर करें। यह मौका पांच साल में मिलता है। इसलिए बेहतर चुनाव करें। – अनूप अग्रवाल, व्यापारी नेता



शहर की सुंदरता में सबसे महत्वपूर्ण शहर की सड़कें होती हैं। शहर में ज्यादातर सड़कों की हालत काफी खराब है। होने वाला सांसद को सबसे पहले शहर में सड़कों का जाल बिछवाए। शिक्षा के क्षेत्र में काम करे। ताकि बच्चों बेहतर शिक्षा मिल सके। – रोजी दीक्षित, शिक्षिका




वोट सभी का अधिकार है। लोकतंत्र में जो सशक्त हो उसे वोट दें। खुद का वोट डालने के साथ ही दूसरों को भी वोट डलवाएं। ऐसे सांसद का चयन करना चाहिए जो जनता की समस्याओं के समाधान को उनकी आवाज को बुलंद करे। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाए। –अनीता जोशी, शिक्षिका



सरकारी योजनाओं को क्रियान्वयन कराने के लिए सांसद का उच्च शिक्षित होना चाहिए। आज के समय में महंगाई चरम सीमा पर है। इसलिए सरकार को महंगाई कम करना चाहिए। इसलिए अधिकतर महिलाएं महंगाई के मुद्दे पर वोट करेंगी। – दीपाली पुरी, गृहणी



पहली बार वोट डालने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं उसको वोट दूंगी जो जिले के विकास और नारी सुरक्षा पर काम करेगा। मैं चाहती हूं कि लड़कियों की सुरक्षा के लिए और भी सख्त कानून बने और रोजगार के साथ शिक्षा के मुद्दे पर भी बात करें। – खुशी दीक्षित



# खून के आंसू



हकीम
जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार
रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306


# मतदान में 6084 कर्मचारी लगे, केंद्रों पर पहुंचीं पोलिंग पार्टियां

## लू के थपेड़ों के बीच रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां, जाम लगा तो परेशान हुए कर्मचारी, कमिश्नर और आईजी ने रवानगी स्थल का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** मंडी में गुरुवार कर्मचारियों की भीड़ जुटी तो यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई। जाम की वजह से लोग घंटे परेशान रहे। जांच के बीच मंडी परिसर से पोलिंग पार्टियां रवाना की गईं, जो शाम तक पोलिंग बूथों पर पहुंच गईं। गर्मी और लू के बीच मतदान कर्मियों को तमाम अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। अधिकांश मतदान कर्मी अपनी टोली और वाहन की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे। मतदान के लिए बनी 1521 पोलिंग पार्टियों में 6084 मतदान कर्मी शामिल हैं।

गुरुवार को मंडी समिति परिसर से पोलिंग पार्टियां ईवीएम-वीवीपैट व अन्य मतदान सामग्री लेकर रवाना हुईं। सुबह आठ बजे से मतदान कर्मियों को ड्यूटी वितरित करने का सिलसिला शुरू हो गया। इसके लिए विधानसभावार काउंटरों की व्यवस्था की गई थी। ड्यूटी एवं ईवीएम-वीवीपैट समेत अन्य सामग्री लेने के बाद कर्मियों ने सामग्री आदि को चेक करने के साथ मिलान भी किया। मंडी से सबसे पहले शारदा पार इलाके के सात मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना की गई। इसके बाद अन्य बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना की गई।

इधर, ड्यूटी कटवाने वालों की कतार लगी देखी गई। उनके स्थान पर रिजर्व में रहे कर्मियों को भेजा गया। 153 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पीलीभीत जनपद में मतदाताओं की संख्या 14,61,062 हैं। वहीं बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में 3,70,637 मतदाता हैं। जनपद में 1521 मतदेय स्थलों पर मतदान होना है। मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टियों के ठहरने को इंतजाम किए गए हैं।

इधर, मंडी परिसर में पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और आईजी डॉ. राकेश सिंह ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ॠतु पूनिया, प्रभारी कार्मिक अधिकारी/सीडीओ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर आदि मौजूद रहे।



मंडी में व्यवस्थाओं का जायजा लेतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवाल व आईजी डॉ. राकेश सिंह।



काउंटर पर ड्यूटी लेने को लगी कर्मचारियों की भीड़। ● अमृत विचार



धूप में चेहरे को ढककर जाती महिला कर्मी।

### दो कर्मियों की हालत बिगड़ी मेडिकल कॉलेज रेफर

**पीलीभीत।** मंडी परिसर में पोलिंग पार्टी रवानगी के दौरान दो मतदान कर्मियों की हालत बिगड़ गई। दोनों मतदानकर्मियों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इसमें एक मतदान कर्मी को चक्कर आकर गिरने से सिर में चोट भी लग गई। इन कर्मियों को तत्काल हेल्थ कैंप लाया गया। जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया।



रवानगी स्थल पर ईवीएम कंधे पर रखकर ले जाता मतदान कर्मी।

### बिजली के तारों में स्पार्किंग से मंडी में मची भगदड़

मंडी में पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान एक पोल के समीप बिजली के तारों में स्पार्किंग के साथ चिंगारियां निकलने लगीं। अचानक आवाज के साथ हुई स्पार्किंग से मतदानकर्मी सामान लेकर इधर–उधर भागने लगे। इसे देख अन्य मतदानकर्मी भी सामान लेकर भाग खड़े हुए। इससे अफरा तफरी का माहौल बन गया।

### पुरुष शिक्षामित्र बैरंग लौटे, महिलाओं को ड्यूटी पर भेजा

गुरुवार को मतदान ड्यूटी करने पहुंचे पुरुष शिक्षामित्रों को बैरंग लौटा दिया गया। उनके स्थान पर महिला शिक्षामित्रों की ड्यूटी लगा दी गई। इसको लेकर पुरुष शिक्षामित्रों में खासा रोष देखा गया। उनका कहना है कि वह स्कूल में भी गैरहाजिर माने जाएंगे और मतदान ड्यूटी से मना कर दिया। शिक्षामित्रों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की है।



मतदान ड्यूटी के लिए बस में सवार होते पंजाब से आए जवान।



टीमों की रवानगी के समय शहर में रामलीला रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार



मंडी परिसर में बिजली के तारों में स्पार्किंग होने पर कर्मचारियों में मची भगदड़।

### मंडी से हाईवे तक घंटों लगा जाम, राहगीरों का छूटा पसीना

**पीलीभीत।** पोलिंग पार्टियों की रवानगी को लेकर तैयारकिया ट्रैफिक प्लान बृहस्पतिवार को धराशायी हो गया। करीब दो घंटे तक मंडी से हाईवे तक लगे ट्रैफिक जाम में फंसे लोग बेहाल हो गए। ऊपर से चिलचिलाती धूप ने लोगों के खूब पसीना छुड़ाया। लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पुलिस और प्रशासनिक अमला तीन महीने से जुटा था। पोलिंग पार्टियों के आवागमन को लेकर एक दिन पूर्व ही अधिग्रहित वाहनों को मंडी परिसर में खड़ा करा लिया गया था। बावजूद इसके जब बृहस्पतिवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू हुई तो शहर से लेकर हाईवे तक जाम की गिरफ्त में आ गए। मंडी रोड, रामलीला रोड, असम चौराहा समेत कई स्थानों पर वाहनों का रेला लगा रहा। जाम खुलवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# बिलसंडा सीएचसी में नहीं हैं महिला डॉक्टर, मरीज परेशान

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** करीब डेढ़ लाख से अधिक की आबादी के बीच नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक भी महिला चिकित्सक नहीं हैं। इससे प्रसूताओं व अन्य महिला मरीजों को दिक्कत होती है। इस कारण उचित इलाज न मिलने से कई प्रसूताओं की जांच जा चुकी है।

● **उचित इलाज न मिलने से कई प्रसूताओं की जा चुकी है जान, नहीं हुआ समाधान**

नगर स्थित सीएचसी पर कहने को तो 24 घंटे प्रसव की सुविधा है। मगर, प्रसव कराने के लिए महिला चिकित्सक की तैनाती नहीं है। एएनएम ही बारी-बारी से 24 घंटे अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद रहती हैं। सीएचसी पर प्रसव कराने के लिए जो महिलाएं पहुंचती हैं। वह अधिकांश गरीब परिवार से जुड़ी होती हैं। जिन्हें जान जोखिम में डालकर एएनएम से ही प्रसव कराना पड़ रहा है। बीते साल गांव गुलड़िया मरौरी की एक प्रसूता के बाद आरोप लगे थे कि एएनएम ने बगैर डॉक्टर की मौजूदगी के ही ऑपरेशन करके प्रसव करा दिया था। इसकी विभागीय जांच के अलावा एडीएम ने भी सीएससी आकर जांच की थी। अभी कुछ दिन पहले ही क्षेत्र से एक मामले का शोर मचा रहा जिसमें झोलाछाप के घर पर हुए प्रसव के बाद प्रसूता की मौत होने की बात कही जाती रही थी। हालांकि बाद में मृतका के परिवार ने कार्रवाई से इनकार कर इसे गलत बताया था। स्वास्थ्य विभाग ने जांच की बात कही लेकिन उसे भी रफ्तार नहीं मिल सकी। इन तमाम घटनाओं के बाद भी सीएससी पर न तो महिला डॉक्टर की तैनाती हो सकी है न ही इसका समाधान करने को जिम्मेदार गंभीर हैं।



आधी आबादी के लिए सरकारी अस्पताल में कोई सुविधा नहीं है। एएनएम नॉर्मल डिलीवरी की स्थिति होने के बाद भी रेफर कर देती हैं। इससे मरीजों को प्राइवेट अस्पताल ले जाना पड़ता है। पता नहीं कब सुधार होगा। – **दीक्षा जायसवाल**



बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षित प्रसव के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही है। मगर ये सारी योजनाएं और व्यवस्था तब तक बेकार साबित होती रहेंगी जब तक महिला डॉक्टर की व्यवस्था नहीं होती। –**स्नेहलता गंगवार**

## सार-संक्षेप

### विद्यालय कप्तान चुनने के लिए बच्चों ने किया मतदान



**पीलीभीत।** गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में गुरुवार को विद्यालय के कप्तान व उप–कप्तान के चयन के लिए चुनाव किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को उनके कर्तव्यों व अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही लोकसभा चुनाव के बारे में जानकारी देना रहा। चेयरपर्सन सोनिया गोस्वामी ने कहा कि एक विद्यालय की ज़िम्मेदारी होती है कि वह छात्रों को न केवल अच्छा इंसान बल्कि अच्छा नागरिक भी बनाएं। आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं। इसी सोच के साथ छात्रों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करते हुए उनकी सोच को सही आकार देने का प्रयास किया जा रहा है। भारत एक गणतंत्र देश है। गणतंत्र में मतदान ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम देश के विकास के लिए अच्छी सरकार चुन सकते हैं। मतदान हमारा अधिकार है और हमें इसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए। नए सत्र में विद्यालय का नेतृत्व करने के लिए विक्टर्स क्लब से रिधिमा अग्रवाल, अलिश्बा शम्सी, लेजेंड क्लब से जायेबा फातिमा, आरुष भट्ट, सुप्रीम क्लब से अनमता शम्सी, निबाह फातिमा, इलीट्स क्लब से प्रियांशी चंद, पूजा सिंह ने प्रतिनिधित्व किया।

### राज्यमंत्री ने सपरिवार लगाई मां के दरबार में हाजिरी



**पीलीभीत।** कन्या पूजन और भोज के साथ राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने नवरात्र व्रत का समापन किया। गुरुवार को अपने आवास पर पत्नी रश्मि सिंह गंगवार समेत अन्य परिवार वालों संग मां भगवती की पूजा अर्चना की। फिर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया गया। मां भगवती से सुख समृद्धि एवं जनकल्याण की प्रार्थना की। कन्याओं को उपहार देकर परंपरागत ढंग से तिलक लगाकर विदाई दी। राज्यमंत्री सपरिवार माता यशवंतरी देवी मंदिर में गए और दर्शन कर पूजा अर्चना की। रामलीला मैदान स्थित काली मां के दरबार में भी हाजिरी लगाकर पूजा अर्चना की।

### झंडी यात्रा लेकर पहुंचे भक्त, गूंजे जयकारे

बिठौराकलां, अमृत विचार : देवीभक्तों की आवाजाही मां यशवंतरी देवी मंदिर में गुरुवार को भी बनी रही। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर में लगे मेले का लुत्फ उठाया। ग्राम बिठौरा कला से बड़ी संख्या में भक्तों का जत्था पैदल झंडी यात्रा लेकर सिद्धपीठ यशवंतरी देवी मंदिर परिसर में पहुंचे। डीजे पर भक्तिगीतों पर भक्त पहुंचते रहे। भक्तों ने मां का विधि विधान से पूजन किया। भक्त नंगे पैर पदयात्रा करते हुए पहुंचे थे। माता की जय–जयकार गूंजती रही। इस मौके पर ग्राम प्रधान अरविंद कुमार, जसपाल, प्रेम, रामअवतार, टिंकू, राम सिंह, ओमप्रकाश, गयाप्रसाद आदि मौजूद रहे।

### मेड़ को लेकर विवाद

**पूरनपुर।** गांव मुझाखुर्द के रहने वाले सिकंदर पुत्र अनवर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पड़ोसी तसव्वर से खेत की मेड़ को लेकर विवाद है। गुरुवार को आरोपी अपने साथियों संग आया और पीड़ित से गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर पिटाई कर दी। पिता बचाने आए तो उनकी भी पिटाई कर दी।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Admission Open 2024-25
योगा सिखायें स्वस्थ रहें



COURSE OFFERED
PGDYN
Post Graduate Diploma in Yoga and Naturopathy
Course Duration : 1 year
योग्यता : स्नातक
Contact : 8755922339
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India
Email : ramchorg@gmail.com

रामस्वरूप त्रिपाठी सेवा संस्थान द्वारा संचालित
05870357120
9140089004
विद्या कुँवरि स्मारक
सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज
माध्यमिक शिक्षा परिषद-उ॰प्र॰, प्रयागराज द्वारा विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग में अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम से मान्यता प्राप्त
अर्जुन नगर कॉलोनी, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर (खीरी) उ. प्र.
शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु
नर्सरी से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ
वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा/ सेवा में चयनित



स्मृति अग्रवाल - चार्टेड एकाउन्टेंट
शिवम वर्मा - सतर्कता अधिकारी (NCB)
आयुष वर्मा - जिला सूचना अधिकारी
उदय प्रताप सिंह - गृह मंत्रालय
दीपशिखा - एम॰बी॰बी॰एस॰
मयंक शेखर श्रीवास्तव - आबकारी निरीक्षक
जनपद की टॉप टेन मेधावी सूची - 2023 में सर्वाधिक 5 विद्यार्थी इसी विद्यालय से चयनित
मधु त्रिपाठी प्राचार्या (बालिका विभाग)
महेन्द्र कुमार त्रिपाठी प्राचार्य (माध्यमिक विभाग)
प्रवेश फार्म विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध




# भाजपा प्रत्याशी सहित दो ने कराया नामांकन, 17 ने लिए पर्चे

## पहले दिन सादगी से अजय मिश्र टेनी ने एक सेट दाखिल किया, कलेक्ट्रेट के इर्द-गिर्द रहा पुलिस का कड़ा पहरा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में नामांकन के पहले दिन गुरुवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने एक सेट दाखिल किया। वह गाजे-बाजे के साथ 25 अप्रैल को नामांकन कराएंगे। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी नरेश सिंह भदौरिया ने भी नामांकन कराया। इसके अलावा खीरी सीट से आठ नामांकन पत्र के 14 सेट लिए गए। वहीं धौरहरा से एक भी नामांकन पत्र नहीं भरा गया, जबकि नौ लोगों ने नामांकन पत्रों के 20 सेट प्राप्त किए। नामांकन के पहले दिन कलेक्ट्रेट के इर्द-गिर्द फोर्स का पहरा रहा।

पहले दिन सुबह से ही कलक्ट्रेट में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। धौरहरा से भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा, बसपा के श्याम किशोर अवस्थी, खीरी सीट से सपा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा सहित 17 लोगों ने पर्चे खरीदे। दोपहर में भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक योगेश वर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार, अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की पूर्व सभापति पुष्पा सिंह, अरविंद सिंह संजय, अंबरीश सिंह के साथ सादगी पूर्ण तरीके से अपने नामांकन का पहला सेट दाखिल किया। उन्होंने बताया कि वह 25 अप्रैल को एक सेट और दाखिल करेंगे। पश्चात निर्दलीय नरेश सिंह भदौरिया ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक का समय निर्धारित किया गया है। नामांकन 25 अप्रैल तक दाखिल किए जा सकेंगे


नामांकन पत्र दाखिल करते भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी। • अमृत विचार


नामांकन स्थल का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह। • अमृत विचार


नामांकन पत्र दाखिल करने जाते निर्दलीय प्रत्याशी नरेश सिंह भदौरिया। • अमृत विचार

• **खीरी से आठ, जबकि धौरहरा से नौ लोगों ने लिए पर्चे**

## व्यय प्रेक्षक ने कहा- चेकपोस्ट व नाकों पर करें निरंतर रैंडम चेकिंग



**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए खीरी संसदीय क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक सुदीप्त पाल ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट में निर्वाचन व्यय पर निगरानी रखने के लिए गठित टीमों संग बैठक की। उन्होंने प्रत्याशियों के व्यय पर पैनीनजर रखने के निर्देश दिए। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने व्यय प्रेक्षक सुदीप्त पाल का स्वागत किया। व्यय प्रेक्षक ने मौजूद अधिकारियों का परिचय जानते हुए निर्वाचन में उनकी भूमिका जानी। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने कहा कि उम्मीदवार निर्वाचन के दौरान जो भी धनराशि व्यय करते हैं, उसे छाया प्रेषण रजिस्टर में अंकित करें, सभी व्यय टीम आपसी समन्वय स्थापित कर अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। चेक पोस्ट और नाकों पर रैंडम चेकिंग करें। पुलिस, आयकर, आबकारी, नारकोटिक्स, परिवहन, वाणिज्य कर सहित सभी प्रवर्तन एजेंसियां निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव करवाने के लिए गंभीरता से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस दौरान उन्होंने अब तक विभागवार हुई कार्रवाईयों की जानकारी लेकर व्यय संवेदनशील पॉकेट्स पर विशेष निगरानी करने के लिए कहा। सहायक व्यय प्रेक्षक से प्रत्याशियों की जनसभा व रैली आदि पर व्यय होने की मॉनिटरिंग की प्रगति पूछकर सभी को भ्रमणशील रहकर निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्धारित व्यय संबंधी गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए। प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा अमित कुमार राय ने बताया कि वाहनों की चेंकिंग, अवैध शराब, नगदी व अन्य विवादास्पद वस्तुएं जब्त करने की कार्रवाई जारी है। इसके लिए तीन शिफ्ट में टीमे लगाई गई हैं। एडीएम संजय कुमार सिंह, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम श्रद्धा सिंह, रत्नाकर मिश्रा, कार्तिकेय सिंह, अश्विनी सिंह, प्रभारी अधिकारी एसडीएम रेनू मिश्र, डीईओ राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# सहकारिता राज्य मंत्री ने कहा, बूथ जीतो- चुनाव जीतो

कार्यालय संवाददाता,लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लखीमपुर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में मुख्य अतिथि सहकारिता राज्य मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि आप के दम पर ही भाजपा इस बार 400 का आंकड़ा पार करेगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में कहावत है कि बूथ जीतो- चुनाव जीतो।

गुरुवार को एक मैरिज लॉन में सम्मेलन में उन्होंने कहा कि सभी लोग पार्टी की पांच निष्ठाओं को ध्यान में रखकर अपने कार्य को अंजाम दें और एक बार फिर मोदी सरकार लाने के लिए क्षेत्र में कार्य करें। खीरी लोकसभा प्रत्याशी एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। खीरी लोकसभा प्रभारी अचिन मल्होत्रा ने बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र संयोजकों को उनके दायित्व बताए। जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने कांग्रेस के गुरमीत सिंह भुल्लर, बसपा के हरि ओम बरनवाल को भाजपा की सदस्यता दिलाई। सदर विधायक योगेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह, खीरी जिला संयोजक विनीत मनार, पालिका अध्यक्ष डॉ. हीरा श्रीवास्तव, नकहा ब्लाक प्रमुख पवन गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह,रमेश चन्द्र मिश्रा जितेंद्र साहनी, सभी संयोजक प्रभारी व शक्ति केंद्र संयोजक मौजूद रहे।


बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बोलते सहकारिता राज्य मंत्री जेपीएस राठौर। • अमृत विचार

• **शहर के मैरिज लॉन में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को जेपीएस राठौर ने किया संबोधित**

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी हिरासत में

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** हैदराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। किशोरी की मां का आरोप है कि पुलिस रिपोर्ट लिखने में टालमटोल कर रही है।

हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव में एक किशोरी घर के बाहर बने टॉयलेट में शौच को गई थी। तभी एक युवक भी उसमें दाखिल हो गया। आरोप है कि युवक ने टॉयलेट के अंदर ही किशोरी से दुष्कर्म किया। युवक के बाहर निकालने पर लोगों ने उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर दोनों पक्ष में सुलह समझौता कराने की कोशिश कर रही है। थानाध्यक्ष दीपक तिवारी का कहना है कि उन्होंने मामले की पूरी जांच कर ली है। मामला फर्जी है। यह किशोरी एक बार पहले भी दूसरे युवक के साथ चली गई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज थी हुई थी। फिर इन लोगों ने सुलह-समझौता कर लिया था।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

### सूचना

मैंने अपने पुत्र रेहान के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से तंग व परेशान होकर रेहान को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके रेहान से सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में रेहान अपने अच्छे-बुरे कृत्यों के लिये स्वयं जिम्मेदार होगा। **नूरजहाँ पत्नी स्व. वसीउद्दीन, निवासी-मो. रोहली टोला, बरेली**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी B.Tech. प्रथम वर्ष (प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर) की अंक तालिका वर्ष 2010-2011 जिसका अनुक्रमांक नं. 0914310012 एनरोलमेन्ट नं 091431041796 जो गौतम बुद्ध टैक्निकल यूनिवर्सिटी (पूर्व में उ.प्र. टैक्निकल युनिवर्सिटी, लखनऊ) संस्थान I.M.S. Engineering College, गाजियाबाद है वास्तव में कहीं खो गई है। **अनमोल अरोडा पुत्र श्री विजय अरोडा निवासी एस-5, म.नं. 123, ग्रेटर ग्रीन पार्क, बरेली।**

### सूचना

मैंने अपने पुत्र पप्पे कश्यप पुत्र श्री खुशीराम कश्यप को उसके गलत संगत व दुर्व्यवहार के कारण उससे समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **दीपा पत्नी श्री खुशी राम कश्यप, निवासी गली नं. 1, तिवारी मन्दिर वाली गली, सुभाष नगर, बरेली**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र रजत पटेल व उसकी पत्नी को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अगरास सिंह पुत्र श्री अम्बा सहाय व शान्ति देवी पत्नी अगरास सिंह निवासीगण ग्राम धौरेरा माफी तहसील व जिला बरेली।**

### सार्वजनिक सूचना

सुशील कुमार शुक्ला प्रत्याशी 26 पीलीभीत -बहेड़ी लोकसभा के विरुद्ध एक अपराधिक मुकदमा धारा 323, 504, 506 आईपीसी सि. ज.जू.डि. न्यायालय पीलीभीत में लम्बित है।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## चीनी मिल कर्मियों को बताया आग बुझाने का तरीका


चीनी मिल कर्मियों को आग बुझाने का तरीका बताते अग्निशमन अधिकारी।

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार :** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत अग्निशमन अधिकारी राधेश्याम पाल ने बजाज चीनी मिल पलिया में मॉक ड्रिल कराया और मिल कर्मियों को बचाव और आग पर काबू पाने के तरीके बताए।

उन्होंने कहा कि जिस जगह पर आग लगने की आशंका हो।,वहां बाल्टी में पानी, मग, सूती कपड़ा का गमछा और बालू मौजूद रहनी चाहिए। इसके जरिए आग बुझाने में काफी मदद मिलती है। रसोई गैस के सिलेंडर में आग लगने पर उसे सूती कपड़े की चादर या टाट के बोरे से ढक देना चाहिए। इससे आग तुरंत बुझ जाती है। आग लगने पर इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को भी देनी चाहिए। इस मौके पर अग्निशमन विभाग और चीनी मिल के तमाम कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

## टीम को राइस मिलों में सब कुछ मिला ओके, भेजी रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर के राइस मिलों में गेहूं का स्टॉक चेक करने के लिए आई टीम को राइस मिलों में सब कुछ ओके मिला। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी हैं।

गुरुवार को तहसीलदार सुखबीर सिंह की अगुवाई में सहायक विपणन अधिकारी सुभाष चंद्रा, मंडी सचिव राम लखन, सेल टैक्स अधिकारी के साथ आरआरएस अग्रवाल एंड कंपनी पहुंचकर गेहूं का स्टॉक चेक किया। जहां उन्हें स्टाक 5000 क्विंटल से कम मिला। उसके बाद उन्होंने नेहा अग्रवाल एंड कंपनी में पहुंच कर स्टॉक की जांच की वहां भी स्टाक ठीक मिला, टीम मोहम्मदी रोड पर श्याम जी इंटरप्राइजेज और अलीगंज रोड पर विजय राइस मिल में स्टाक ठीक मिलने पर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी है।

## इग्नू के अपर निदेशक ने नये विद्यार्थियों को दिए टिप्स


नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते डॉ. अनिल कुमार मिश्र।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** नगर के सीजीएन पीजी कॉलेज के पं.दीनदयाल उपाध्याय सभागार में इग्नू के अपर निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने परिचय वार्ता में नए प्रवेशार्थियों को इग्नू के विभिन्न कोर्सेस की जानकारी देते हुए आवश्यक टिप्स भी दिए।

बताया कि इग्नू विद्यार्थियों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरह के लगभग 300 से अधिक कोर्स उपलब्ध करा रहा है। इग्नू का प्रत्येक कोर्स विद्यापीठ द्वारा अनुमोदित होता है। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत अब विद्यार्थी दो डिग्री कोर्स एक साथ कर सकते हैं। उन्होंने वोट देने के लिए प्रेरित कर मतदाता शपथ भी दिलायी। संचालन डॉ योगेश कनौजिया ने किया। प्राचार्य प्रमोद कुमार, डॉ. गौरव अवस्थी, डॉ. अशोक कुमार, आदर्श पटेल, अमित कुमार यादव, देवानंद, विवेक कुमार सिंह, शैलेन्द्र, सुनील गुप्ता, डॉ. विकास चौरसिया, राघवेन्द्र सिंह, डॉ. शेषमणि विश्वकर्मा, डॉ अरुण कुमार सिंह, राकेश कुमार अग्रहरि आदि मौजूद रहे।




## सूरज दिखाने लगा तेवर बेहाल करने लगीं हवाएं


बाजार में सिर ढक कर निकलीं महिलाएं। • अमृत विचार

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** इंडो-नेपाल सीमा पर स्थित सम्पूर्णानगर में गुरुवार दोपहर बाद से मौसम ने जबरदस्त करवट बदली। तेज आंधी की तरह गर्म हवाएं चलने लगीं। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। अचानक गर्म हवाएं चलने से खेत - खलिहानों में काम कर रहे मजदूर घरों को लौटने लगे। क्षेत्र के मिर्चिया में बाग ठेकेदार रमीज रजा ने बताया कि आज क्षेत्र में काफी तेज और गर्म हवाएं चलीं,जिसके चलते बगीचे में आम के छोटे टिकोरे बड़ी संख्या में पेड़ों से टूटकर गिर गए हैं। इससे काफी नुकसान हुआ है।

## बिजली कटौती से किसानों सहित आमजन परेशान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** तेज हवाओं से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में दिन के समय बिजली गुल हो जाती है। पूरे दिन बिजली कटौती से किसान सहित आमजन परेशान हैं। किसानों को फसल सींचने के लिए रात में बिजली दी जाती है, रात में वन्य जीवों का खतरा उन्हें सता रहा है। पिछले एक सप्ताह से दिन में ग्रामीण इलाके में बिजली गायब रहती है। बुधवार और गुरुवार को नगर समेत पूरे इलाके की बिजली गुल रही। लोगों के इनवर्टर जवाब दे गए। अधिकारियों ने बताया कि तेज हवा के कारण सप्लाई रोकी गई है। किसान भी दिन के समय बिजली न मिल पाने के कारण अपने फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

## एक नजर

### चार लोगों ने युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**पसगवां।** थाना पसगवां क्षेत्र के गांव गदनापुर में मामूली विवाद में चार लोगों ने मिलकर एक युवक की पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। गांव गदनापुर निवासी अनुराग पुत्र राजबहादुर बुधवार को खेत से घर जा रहा था। शाम साढ़े सात बजे जैसे ही मैकू लाल के घर के सामने पहुंचा कि गांव के ही रामदेव पुत्र लक्ष्मण, कलट्टर, सत्यपाल और भवन लाल ने उसे रोक लिया और लाठी डंडों से उसकी पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग आ गए। इस पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल का चिकित्सकीय परीक्षण कराया है।

### डिप्टी सीएम केशव मौर्य आज निघासन में

**लखीमपुर खीरी।** निघासन विधान सभा का शक्ति केंद्र बूथ सम्मेलन निघासन में एक मैरिज हाल में शुक्रवार दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। जिसमें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्र ने बताया कि सम्मेलन में जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, खीरी लोक सभा प्रभारी अचिन मेहरोत्रा और जिलाध्यक्ष सुनील सिंह भी मौजूद रहेंगे।

### किशोरी को ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**पसगवां।** 14 नवंबर को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी की 16 वर्षीय पुत्री को शाहजहांपुर के थाना रोजा के ग्राम मानपुर निवासी श्यामू बहला-फुसलाकर कर भगा ले गया था। पसगवां पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी पहले ही बरामद की जा चुकी है। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है।

# आधा किलोमीटर दूरी तय करने में लगे 30 मिनट, हांफते रहे वाहन

## पहले ही दिन ध्वस्त हो गई ट्रैफिक व्यवस्था, तपती दोपहरी में झुलसते रहे लोग, पूरा दिन बनी रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** नामांकन को लेकर लागू की गई ट्रैफिक व्यवस्था पहले दिन ही लोगों के लिए बवालेजान बन गई। गुरुवार को विलोबी हाल के सामने से शहपुरा कोठी चौराहा के बीच करीब पांच सौ मीटर की दूरी तय करने में वाहनों को आधे घंटे से अधिक समय लग गया। यह हालात पूरे दिन बने रहे। भारी जाम के कारण बाइक छोड़िए। लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा था।

लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस ने कलेक्ट्रेट के चारों तरफ लोहिया भवन से कचहरी, डीसी रोड तिराहा, नौरंगाबाद चौराहा. शहपुरा कोठी चौराहा और विलोबी हाल से कांग्रेस कार्यालय की तरफ जाने वाले मार्ग को पूरी तरह से बंद कर फोर्स तैनात की है। इससे हमदर्द दवाखाना से शाहपुरा कोठी, खीरी रोड, जेल रोड पर वाहनों का अत्यधिक दबाव बढ़ गया। इन मार्गों पर दोनों तरफ से वाहनों का आना-जाना हो रहा है। विलोबी हाल से लेकर शाहपुर कोठी की दूरी करीब 500 मीटर है। पहले दिन ही ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था ध्वस्त हो गई। वाहन जाम में फंसे रहे।

तपती दोपहरी में 500 मीटर की दूरी तय करने में वाहन चालकों को 30 मिनट से ज्यादा जूझना पड़ा। पूरे दिन जाम की समस्या बनी रही। यहां तक इस मार्ग पर लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा था। यहां ट्रैफिक के जवान कहीं पर भी तैनात नजर नहीं आए। यही हाल निघासन रोड का रहा। शहर में प्रवेश करने वाले निघासन मार्ग पर मेला मैदान चौराहे पर नो एंट्री लगा रखी है। इससे चार पहिया वाहन गढ़ी रोड से भुइफोरवनाथ मंदिर वाले रास्ते से निकलते हैं। मंदिर के पास सड़क पर खड़ी होने वाली प्राइवेट बसों के कारण पहले से जाम लगा होता है। इससे शहर में जाने के लिए घंटो आम नागरिकों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

**यहां लगाए गए बैरियर :** यातायात नियंत्रण हेतु कचहरी तिराहा, कोषागार गेट के पास, नौरंगाबाद चौराहा पर बैरिकेडिंग की गयी है। लोहिया भवन चौराहा, विलोबी हाल तिराहा (निकट पंजाबी रसोई) तथा शाहपुरा कोठी पर बैरियर प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है।



विलोबी हाल के निकट तिराहे पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार



लोहिया भवन के निकट लगे बैरियर पर वाहन चालकों को रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

### विलोबी मैदान में खड़े होंगे वाहन

लखीमपुर खीरी। नामांकन में आने वाले सभी वाहनों को खड़ा करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने बिलोबी मैदान में पार्किंग बनाई है। सभी वाहन मैदान में ही खड़े कराए जायेंगे।

### गुरुवार से शहर में लागू हुआ ट्रैफिक प्लान

लखीमपुर खीरी। लोकसभा चुनावों को लेकर कलक्ट्रेट में खीरी और धौरहरा सीट के लिए गुरुवार से नामांकन शुरू हो गए हैं। यहां 13 मई को मतदान होगा। पुलिस ने कलेक्ट्रेट के चारों तरफ बैरियर लगाकर सुरक्षा घेरा तैयार किया है। साथ ही रूट डायवर्जन लागू किया गया है, जो गुरुवार से प्रभावी हो गया है। यातायात संबंधी किसी भी सहायता के लिए यातायात नियंत्रण कक्ष का मोबाइल मोबाइल नंबर 9454844045 जारी किया है। नामांकन में आने वाले सभी वाहन सड़क पर खड़े नहीं होंगे। उन्हें पार्किंग स्थल पर ही खड़ा किया जाएगा। सड़क पर वाहन खड़ा होने पर ट्रैफिक पुलिस आपके वाहन का भारी भरकम चालान भी कर सकती है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी के साथ कलक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और जरूरी दिशा निर्देश दिए।



शाहपुरा कोठी मार्ग पर लगा भीषण जाम। ● अमृत विचार



कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी गणेश प्रसाद साहा।



कलेक्ट्रेट जाने के लिए बैरियर के नीचे से निकलती महिला। ● अमृत विचार

### यह है रूट डायवर्जन

- कचहरी तिराहा से नौरंगाबाद चौराहे की ओर आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। कचहरी तिराहा से नौरंगाबाद दिशा की ओर जाने वाले वाहन लोहिया भवन चौराहा, विलोबी हाल तिराहा, शाहपुरा कोठी चौराहा होते हुए नौरंगाबाद चौराहे की ओर जायेंगे। इसी मार्ग से वापस आयेंगे।
- लोहिया भवन से शाहपुरा कोठी चौराहा की ओर जाने वाले वाहन विलोबी हाल तिराहा, शाहपुरा कोठी चौराहा होते हुए नौरंगाबाद चौराहे की ओर जायेंगे, जो इसी मार्ग से वापस आयेंगे।

### डीसी रोड पर कलेक्ट्रेट तिराहे पर बैरियर का औचित्य नहीं

लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने डीसी रोड पर कलेक्ट्रेट तिराहे के पास बैरियर लगाकर रास्ता बंद किया है। लोगों का कहना है कि इस बैरियर का कोई औचित्य नहीं है। प्रशासन को चाहिए कि नामांकन प्रक्रिया तक इस रोड की तरफ स्थित कलेक्ट्रेट गेट को बंद कर दे। सामने गेट से ही लोगों का आना-जाना रहे। इससे डीसी रोड से सीधे वाहन नौरंगाबाद चौराहा होते हुए आ जा सकेंगे। बैरियर लगने से जेल रोड और डीसी रोड के वाहन लोहिया भवन होते हुए हमदर्द तिराहा-शाहपुरा कोठी मार्ग पर निकाले जा रहे हैं, जिससे हालात काफी खराब हो रहे हैं। बैरियर हटाने से काफी हद तक लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

> बैरियर लगने से ट्रैफिक लोड बढ़ा है। इससे थोड़ी दिक्कत आ रही है। ड्यूटी पर लगे यातायात सिपाही और प्रशिक्षित होमगार्ड जाम न लगे इसको लेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं। अगर कहीं समस्या आ रही है तो उसे दिखवाया जाएगा।
>
> **-रमेश कुमार तिवारी**, सीओ सिटी

## सड़क दुर्घटनाओं में छह घायल, तीन रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** महोली सीतापुर निवासी अवनीश वर्मा (36), सिंघाकली महोली सीतापुर निवासी सोहन (20) पुत्र परशुराम, हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव हरिहरपुर निवासी सुरजीत (29), कोतवाली क्षेत्र के गांव बहेरा निवासी रीना (30), मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव अयोध्यापुर निवासी सुदीप (29) और नगर की मोहम्मदी मार्ग निवासी छोटू (18) पुत्र पवन गंभीर घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद छोटू, सुरजीत और सोहन की हालत में सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## तमंचे के साथ युवक का वीडियो वायरल, गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** युवक का तमंचे के साथ बुधवार की शाम एक वीडियो वायरल हुआ। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर तमंचा बरामद किया है। बुधवार की शाम एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमे एक युवक तमंचा लिए जाता दिख रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद खीरी पुलिस हरकत में आ गई। एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने बताया कि पुलिस ने गांव मल्हपुर निवासी रामलोटन को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**पसगवां, अमृत विचार :** बरवर-जहानीखेड़ा मार्ग पर बुधवार की देर शाम कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार वाले उसे शाहजहांपुर अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम चंदिला निवासी मोहम्मद नईम (38) पुत्र शमीम खां बाइक से मकसूदपुर की ओर जा रहा था। ग्राम सहिजना रामपुर बनवारी के प्राथमिक विद्यालय के निकट सामने से आ रही ब्रेजा कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार मौके पर छोड़कर भाग निकला। सूचना पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए शाहजहांपुर ले जा रहे थे। रास्ते में उसने दम तोड दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के भाई मोहम्मद नसीम खां की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट अज्ञात चालक के खिलाफ दर्ज कर ली है। मृतक मोहम्मद नईम के घर पत्नी गुलनाज के अलावा पुत्र आफिज और पुत्री जयना है। पुलिस ने कार कब्जे में ली है।

## शिक्षिकाओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



प्रशिक्षण लेतीं बालिका शिक्षा कार्यक्रम में सेवारत शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

- 65 ग्रामों की शिक्षिकाएं प्रशिक्षण में कर रहीं प्रतिभाग

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश वनवासी सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पलिया क्षेत्र के 65 ग्रामों में संचालित बालिका शिक्षा कार्यक्रम में सेवारत शिक्षिकाओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ।

संस्थान के मंत्री अमित कुमार ने बताया कि सभी शिक्षिकाओं को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बच्चों में नेतृत्व विकास, रचनात्मक विकास नवाचार एवं विज्ञान की उपयोगी शिक्षा तथा खेल खेल में रुचि पूर्ण शिक्षा सामग्रियों के माध्यम से बालिकाओं की समझ को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।मुख्य अतिथि रामबचन तिवारी ने गांव-गांव में सेवारत शिक्षिकाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सबको जब भी किसी सेवा की आवश्यकता हो, वे सहयोग करेंगे।

कार्यक्रम अधिकारी फरहान फलाही ने संस्था द्वारा बालिका शिक्षा हेतु किए जा रहे प्रयासों को बताया। इस दौरान संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक पुष्पेंद्र सिंह , आसिफ अली, अनिल, विकास, नीलम व फिरदौस आदि रहे। संचालन अजय कुमार चौबे ने किया।

## बजाओ ढोल स्वागत में, मेरे घर राम आए हैं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



चैती मेला में दीप प्रज्ज्वलन करतीं मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमारी पांडे।

- चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुति

**अमृत विचार:** छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्कूली विद्यार्थियों ने प्रस्तुति देकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमारी पांडेय, विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार एवं पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरूआत लिटल होपर्स एकेडमी के किंजल यादव, सिदरा बानो, मिस्ठी वर्मा आदि बच्चों ने रंगीलो मारो ढ़ोलना-ढ़ोलना पर अपनी शानदार प्रस्तुति देकर की। इंडियन हेरिटेज एकेडमी की रितिका श्रीवास्तव, मन्नत शर्मा आदि ने राम आयेंगे रिकार्डिंग पर प्रस्तुति दी। कृषक समाज इंटर कॉलेज, मां सरस्वती शिक्षा मंदिर, शारदे ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल, आदर्श दुर्गा बाल विद्या मंदिर, उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी, एफएम ज्ञान दायिनी विद्या मंदिर आदि के बच्चों ने नृत्य सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन अनुज खरे ने किया। इस दौरान शोभित सिंह, इजरान अहमद अंसारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार बाल्मीकि, हर्ष अवस्थी, धर्मेंद्र कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

### चैती मेला में आज

- 23 अप्रैल को जूनियर गायन और 28 अप्रैल को सीनियर गायन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का ऑडिशन लखीमपुर रोड स्थित नगर पालिका परिषद कार्यालय में पूर्वान्ह 11.00 बजे से।
- चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय कवि सम्मेलन रात्रि आठ बजे से।


VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

# बाइक पर गिरी डाल युवक की मौत, पत्नी व साली घायल

**पलिया कलां, अमृत विचार :** पत्नी व साली को लेकर ससुराल जा रहे युवक की बाइक पर तेज आंधी में अचानक आम के पेड़ की मोटी डाल टूटकर गिर गई, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और साली गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

हादसा गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे हुआ। थाना निघासन के ग्राम लोधपुरवा निवासी लतीफ पुत्र मुकद्दिर (35) पत्नी जुबेरा बानो (30) व साली मोजिदा (18) को बाइक पर बैठाकर अपनी ससुराल सरखना पूरब जा रहा था।

इसी बीच चली तेज आंधी के दौरान गांव के पहले बने रपटा पुल के निकट उसकी बाइक पर आम के पेड़ की एक मोटी डाल टूट कर गिर गई, जिससे लतीफ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी और साली गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर-उधर खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसकी ससुराल दी। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के घर और ससुराल में कोहराम मच गया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिवार वाले घायल पत्नी और साली को लेकर सीएचसी पलिया पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# चूरा टांडा में भीषण आग में 30 से ज्यादा घर राख

## तेज हवाओं ने 20 मिनट में ही समेट लिया पूरा गांव, सामान निकालने का भी नहीं मिला मौका

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत लुधौरी के मजरा टूरा टांडा में गुरुवार की दोपहर खाना बनाते समय एक घर में लगी आग ने तेज हवा चलने के कारण पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों को इतना मौका नहीं मिला कि वह अपने घरों से जरूरत का सामान ही निकाल सकें। लगातार बढ़ रहीं आग की लपटों के कारण लोगों ने किसी तरह से घरों से भागकर अपनी जान बचाई। इस अग्निकांड में 30 से अधिक छप्परदार घर जलकर राख हो गए। दमकल की कई गाड़ियों ने आग बुझाई। इस बार गर्मी के सीजन में यह अब तक का सबसे बड़ा अग्निकांड हैं। राजस्व टीम पीड़ित परिवारों की सूची बना रहा है।

मजरा चूरा टांडा निवासी प्यारे सिंह के घर पर गुरुवार की दोपहर खाना बन रहा था। इसी बीच चूल्हे से निकली चिंगारी से आग भड़क उठी। यह देख परिवार के लोग शोर शराबा करते हुए आग बुझाने की कोशिश करने लगे, लेकिन चल रही तेज आंधी ने घी डालने का काम किया। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते। इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। हवा के साथ काफी दूर तक फैल रही आग की लपटें एक साथ कई घरों को अपनी चपेट में ले रहीं थी और तेजी से आग बढ़ती जा रही थी। यह देख पूरे गांव में हड़कंप मच गया। लोग अपने घरों से एक तिनका भी नहीं निकाल सके और जान बचाकर घरों से भागते रहे।



आग बुझाते फायर ब्रिगेड के कर्मचारी। ● अमृत विचार



आग से जला पड़ा पंपिंग सेट व अन्य सामान। ● अमृत विचार



राख के ढेर में तब्दील हो गए छप्परदार आशियाने। ● अमृत विचार

- **घरों से भागकर ग्रामीणों ने बचाई जान,आग से करीब 50 लाख रुपये की क्षति का अनुमान**

ग्रामीणों की मानें तो 20 मिनट के भीतर ही आग ने लगभग पूरे गांव को अपनी चपेट में ले लिया। आग से घरों के साथ पशुशालाएं भी जल गईं। गनीमत रही कि कोई पशु और जनहानि नहीं हुई।

सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से किसी तरह से आग पर काबू पाया। तेज हवा के लगातार चलने के कारण फायर सर्विस की एक टीम देर शाम तक मौके पर ही मौजूद रही। इस अग्निकांड में मानसिंह, प्यारेलाल, राधेश्याम, कंचन, सुनील, विनोद, अमर , चेतराम , विनोद, राम सिंह, मैंकू, शेर सिंह, मोहर सिंह, केहर सिंह, प्रेम सिंह, शिवलाल, सुधीर, चेतराम, सर्वेश सहित 30 से ज्यादा घर राख के ढेर में तब्दील हो गए। घर में रखी नगदी, जेवर, कपड़ा समेत सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।



नुकसान का आंकलन करते तहसीलदार दिव्यांशु शाही व राजस्व टीम। ● अमृत विचार

### शादी में जाने की हो रही थी तैयारी, आग ने किया तबाह

टांडा गांव निवासी मान सिंह ने बताया कि गुरुवार को ही टांडा सेकेंड गांव में साले संजय की शादी में जाने की तैयारियां चल रही थी। भीषण आग की चपेट में आने से तख्त,चारपाई, बक्से में रखे जेबर, बर्तन समेत 40 हजार की नगदी सब जलकर राख हो गई। अनाज का एक दाना भी नहीं बचा। मोहर सिंह ने बताया कि गृहस्थी के सामान को निकालने का वक्त ही नहीं मिला। जैसे तैसे जानवरो की डोर काटकर खेतों की तरफ भगा पाए। इतनी ही देर में दो छप्परपोश घरों में रखा सारा घरेलू सामान व 13 हजार की नगदी जलगई। इसके अलावा प्यारेलाल, विनोद,सुनील,राधेश्याम,मोहर सिंह, शेर सिंह, शिवलाल,अमर सिंह, चेतराम,ओमप्रकाश, मैकू,केहर सिंह, पप्पू सिंह,आदि लोगों के छप्परपोश आशियाने,घरेलू सामान,खेती के उपकरण राख में तब्दील हो गए।

लेखपाल शिवम गुप्ता ने बताया कि सर्वे किया जा रहा है। 30 से अधिक घर जले हैं। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार दिव्यांशु शाही व प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने अग्निपिड़ितो से मुलाकात की और सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। इस भीषण अग्निकांड में करीब 50 लाख रुपए की क्षति होने का अनुमान लगाया गया है।

## निघासन और सिंगाही में कई बीघा गेहूं की फसल जली

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** निघासन के गांव गोविंदपुर फार्म के निकट खेतों में आग लगने से तीन बीघा गेहूं जल गया। वहीं दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की मझगईं रेंज क्षेत्र के जंगल में धधक रही आग से 45 बीघा गेहूं जलकर राख हो गया।

ग्राम पंचायत लुधौरी के मजरा गोविंदपुर फार्म के निकट बाबा घाट के पास गांव अंबरपुरवा निवासी तौलेराम का खेत है। खेत में आग लग गई, जिससे उसका तीन बाघी गेहूं जलकर राख हो गया। सिंगाही संवाददाता के अनुसार दुधवा नेशनल पार्क के बफर जोन की रेंज मझगईं के किला कोठी बीट के जंगल में लगी आग खेतों तक पहुंच गई। आग की चपेट में आकर खैरीगढ निवासी सुखा सिंह, बलदेव सिंह, जीत सिंह आदि के की खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जल गई। सिंगाही पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई।



गोविंदपुर फार्म में लगी आग से जला गेहूं। ● अमृत विचार

### किरियारा में गेहूं कटे खेतों में लगी आग

**उचौलिया।** गांव ग्राम किरियारा में गेहूं की फसल कटने के बाद खाली पड़े खेत में अचानक आग लग गई। गांव के शाहिद खान के खेत से शुरू हुई आग फैलती गई। लगभग 50 बीघा खेतों तक आग फैली। गनीमत यह रही कि आग स्वयं ही धीमी होते होते बुझ गई और जान माल की क्षति नहीं हुई। आग इतनी विकराल थी कि किरियारा गांव से होते हुए इब्राहिमपुर गांव के किनारे नहर साइड तक पहुंच गई।

# हीट वेव : इमरजेंसी के लिए जिला अस्पताल में 10 बेड का वार्ड तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **डब्ल्यूएचओ की टीम वार्ड का कर चुकी है निरीक्षण, लग रहा एसी**

**अमृत विचारः** मौसम विभाग की ओर से हीट वेव की चेतावनी जारी होने के बाद जिला अस्पताल प्रशासन ने 10 बेड का वार्ड तैयार कर लिया है। दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने के साथ वार्ड में एसी लगाने की कवायद भी शुरू हो गई है।

अप्रैल माह की शुरूआत में ही तापमान 39 डिग्री तक पहुंच चुका है। जबिक पूरा महीना अभी शेष है। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री रिकार्ड हुआ। चिलचिलाती धूप के साथ चल रहीं तेज हवाएं राहगीरों की हलक सुखा रही है। यह हालात अप्रैल के हैं, जबकि मई और जून की भीषण गर्मी वाले महीने अभी बाकी है। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलने से हिट वेव की आशंका बनने लगी है। इसको देखते हुए शासन की ओर से चेतावनी जारी होने के बाद स्वास्थ्य महकमा सतर्क हो गया है। सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि जिला अस्पताल की पहली मंजिल पर दस बेड का वार्ड तैयार है। उसमें एसी भी लगवाई जा रही है। गर्मी तेजी से बढ़ने के साथ तापमान में भी दिन पर दिन बढ़ोतरी हो रही है। हिटवेव के मरीजों के लिए दवाएं भी रिजर्व कर ली हैं।



हीटवेव के अलर्ट के बाद जिला अस्पताल में तैयार किया गया वार्ड। ● अमृत विचार

### हीटवेव से इस तरह करें बचाव

1. रोजाना तीन से पांच लीटर पानी पीएं। एकसाथ पानी पीने के बजाय हर आधा घंटे में एक गिलास पानी पीना ज्यादा फायदेमंद है।
2. दाल, लौकी, तोरई, कद्दू समेत हरी सब्जियों का सेवन करें।
3. सलाद में ककड़ी, खीरा, टमाटर, प्याज लें।
4. तरबूज, खरबूज, अंगूर, संतरा आदि मौसमी फल खाएं।
5. छाछ, लस्सी, दही, नींबू पानी, शिकंजी, नारियल पानी लें।
6. धूप में निकलते समय चश्मा लगाएं और सिर ढ़के रहें।
7. घर से बाहर जाते समय नाश्ता और पानी की बोतल साथ रखें।

# पीलीभीत के ईट-भट्ठा मजदूर का खून से लथपथ शव मिला

संवाददाता, पिपरिया धनी (लखीमपुर खीरी)

- **पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पशु के हमले की पुष्टि घर वाले जता रहे हत्या की आशंका**

**अमृत विचारः** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर कोयला झोंकने का काम करने वाले मजदूर का गुरुवार की सुबह खून से लथपथ शव सड़क किनारे मिला। हत्या की आशंका से सनसनी फैल गई। पुलिस ने पड़ताल की तो पाया कि पंजे से हमले के कारण गहरे जख्म बने हैं। इससे पुलिस ने हिंसक पशु के हमले से मौत होने की आशंका जताई। हालांकि परिवार वाले हत्या की आशंका जता रहे थे। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जख्मों के गहरे घाव किसी हिंसक पशु के पंजे के होने और अत्यधिक रक्तस्राव से मौत की वजह सामने आई है।



जानकारी देते मृतक के पिता बहादुर।

पुलिस चौकी मुड़ा निजामपुर क्षेत्र में गांव मुकुंदापुर गुरुद्वारा के निकट गुरुवार की सुबह एक शव खून से लथपथ गेहूं के खेत के निकट पड़ा देखा गया। प्रभारी निरीक्षक मोहम्मदी चंद्रशेखर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शव की पहचान पीलीभीत जिले के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव मनहरिया निवासी जसवंत के रूप में हुई। वह घटनास्थल से करीब दो सौ मीटर दूर स्थित एक ईंट भट्ठे पर कोयले की झोंकाई का कार्य करता था। उसकी गर्दन, पीठ और सीने पर गहरे घाव थे। सुबह करीब आठ बजे भट्ठा मालिक ने उसके पिता बहादुर को मोबाइल पर सूचना दी कि जसवंत बुधवार की शाम करीब पांच बजे से गायब है, जिसका शव बरामद हुआ है। सूचना से परिवार में चीख पुकार मच गई। परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। मृतक के पिता ने बताया कि जसवंत दिसंबर 2023 से ईंट भट्ठे पर अकेले रहकर मजदूरी करता था। उसने बुधवार की शाम सात बजे अपने छोटे भाई अरुण से मोबाइल पर बात की थी और घर का हालचाल लिया था, जबकि भट्ठा मालिक शाम पांच बजे से गायब होने की बात कह रहे हैं। पुत्र का मोबाइल भी गायब है। उन्होंने बताया कि पुलिस जानवरों के हमले में मौत होने की बात कह रही है, जबकि पुत्र की गर्दन और सीने पर धारदार हथियार के गहरे जख्म प्रतीत हो रहे हैं। उसकी हत्या की गई है। मृतक की बड़ी पुत्री शिल्पी देवी की एक साल पहले शादी हुई थी। पत्नी ममता के अलावा पुत्र अमन (12), पुत्री कामिनी (10) और लक्ष्मी (8) है।



पोस्टमार्टम हाउस के बाहर बैठे मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

> प्रथम दृष्टया हिंसक जंगली जानवर के हमले में मौत होना प्रतीत हो रहा था, क्योंकि पंजे से बने गहरे घाव लग रहे थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसकी पुष्टि हो गई है।
> –चंद्रशेखर सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मोहम्मदी।

### जंगली पशु के हमले में मौत की बात नहीं उतर रही गले

पुलिस भले ही जंगली जानवर के हमले में मौत होने की बात कह रही हो, लेकिन यह बात न तो परिवार के लोगों के गले उतर रही है और न ही प्रत्यक्षदर्शी इसे मान रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह कोई जंगली जानवर का हमला नहीं है। अगर जंगली जानवर का हमला होता तो आसपास पग चिन्ह बने होते। शव पर जो घाव हैं वह चाकू जैसे किसी धारदार हथियार के लग रहे हैं।

### अक्सर शाम को शराब पीने जाता था जसवंत

भट्ठा मालिक सत्यपाल गुप्ता ने बताया कि जसवंत करीब चार महीने पहले से ईंट भट्ठे पर कोयला झोंकाई का कार्य कर रहा था। वह प्रतिदिन शाम को शराब पीने के लिए गांव की तरफ चला जाता था। बुधवार को भी शाम करीब पांच बजे चला गया, लेकिन फिर वापस नहीं लौटा। सुबह उसका शव बरामद हुआ।


## सार्वजनिक सूचना





सूचित किया जाता है कि **उपेन्द्र दिवाकर** (पूर्व लिपिक) IRIS Group, को गलत कार्यो के कारण फर्म से निकाल दिया गया था। उक्त व्यक्ति द्वारा हमारी फर्म के साथ धोखाधड़ी कर फर्म के दस्तावेज गायब कर दिये एवं कम्प्यूटर से डाटा चुरा लिया है। जिसका गलत उपयोग कर रहा है। जिसमें उसका भाई **मोहित दिवाकर** भी पूर्ण रूप से साथ दे रहा है। इनके खिलाफ हमारे द्वारा एफ.आई.आर. **संख्या-80, 2024 धारा 384, 420, 467, 468, 506** के अन्तर्गत थाना प्रेमनगर में प्राथमिकी दर्ज करवायी गई है। जिसमें पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। ऐसा संज्ञान में आया है कि मेरे कुछ कम्पीटीटर उक्त लोगों से मेरा डाटा खरीदकर मेरे फर्म को नुकसान पहुंचाने के फिराक में है। ऐसा करने पर उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

**मुकेश जैन**, IRIS Group, Bareilly


## गर्मी शुरू होते ही बिजली कटौती चालू

**रोशननगर, अमृत विचारः** हैदराबाद फीडर से सम्बन्ध रोशननगर क्षेत्र के दर्जनों गांवों की बिजली कटौती शुरू हो गई है। घरों मे लगे इनवर्टर भी डाउन होने से लोगो को गर्मी और अंधेरे मे गुजारा करना पड़ता है, जबकि प्रदेश सरकार कटौती मुक्त बिजली देने का दावा कर रही हैं। बिजली कटौती अधिकतर शाम को खाना खाने के समय पर होती है। इस संबंध में लाइन मैन श्यामू वर्मा ने बताया कि लोकल फाल्ट की वजह से सप्लाई बाधित है। शीघ्र ही सप्लाई चालू करा दी जायेगी। रोशननगर, बाबरपुर, जमुनहां, रामपुर, नरसिंहपुर, जनकपुर, शेखवापुर, दुलीपुर दर्जनों गांव के लोगो को अंधेरे मे रहना पड़ता है।

## जुआ खेल रहे पांच आरोपी गिरफ्तार

**पलिया कलां, अमृत विचारः** थाना मझगई पुलिस ने गांव खैरहना में जुआ खेल रहे सोनू आरख, विजय पाल, सर्वेश सक्सेना, सूरज सक्सेना और बानो निवासी खैरहना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 4130 रुपये भी बरामद किए हैं।

# ... मगर दैनिक यात्रियों के लिए भी तो कुछ हो

- **हावड़ा-लालकुआं साप्ताहिक ट्रेन को मिली मंजूरी, 25 अप्रैल से 29 जून तक चलेगी**
- **दैनिक ट्रेन न होने से सुबह-शाम आने-जाने वाले यात्रियों को नहीं मिलेगा कोई लाभ**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** रेलवे की ओर से जारी हावड़ा लालकुआं साप्ताहिक ट्रेन के नोटिफिकेशन से जिलेवासियों के हाथ मायूसी लगी है। इस ट्रेन को लेकर पूर्वांचल वासियों में खुशी है वहीं दैनिक यात्रियों में निराशा। दैनिक यात्रियों की मांग थी कि सुबह दस बजे लखीमपुर पहुंचाने और फिर शाम पांच बजे लखीमपुर से मैलानी वापसी के लिए ट्रेन का संचालन शुरू हो। मगर, ऐसा न हो पाने से दैनिक यात्री मायूस है।

30 व 31 मार्च को शाहगढ़ से पीलीभीत का सीआरएस होने के बाद जिलेवासियों ऐशबाग से बरेली तक ट्रेन संचालन शुरू होने की राह देख रहे थे। खासकर दैनिक यात्री सुबह दस बजे लखीमपुर पहुंचने और फिर शाम पांच बजे लखीमपुर से वापसी के लिए ट्रेन की मांग कर रहे थे। बुधवार शाम हावड़ा लालकुआं समर स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन का ऐलान हो गया। ट्रेन तो मिली लेकिन दैनिक यात्रियों को निराशा हाथ लगी।

बता दें कि मैलानी से बांकेगंज, गोला, रजागंज, फरधान एवं देवकली से तमाम लोग रोजाना लखीमपुर आते हैं। इसमें छात्र, शिक्षक, वकील से लेकर निजी संस्थानों में काम करने, इलाज कराने व अन्य लोग हैं। जिला मुख्यालय पर सुबह दस बजे आने और शाम पांच बजे वापसी के लिए कोई ट्रेन न होने से यह सब रोडवेज बसों से लेकर डग्गामार वाहनों से आते जाते हैं। इन यात्रियों को उम्मीद थी कि मैलानी से पीलीभीत तक रेलखंड खुलने के बाद दैनिक यात्रियों को ट्रेन की सुविधा मिलेगी। मगर, दो माह के लिए साप्ताहिक ट्रेन मिलने से जिलेवासियों में निराशा हैं।

**अन्य वाहनों से आना जाना पड़ता है महंगा :** ट्रेन का सफर जहां सुविधाजनक है तो वहीं इसका किराया भी बेहद कम है। मैलानी से लखीमपुर का किराया जहां 15 रूपये है तो वहीं गोला से 10 रुपये। जबकि मैलानी से लखीमपुर आने के लिए लोगों को खुटार के रास्ते गोला होते हुए लखीमुपर आना पड़ता है।

ऐसे में यात्रियों को 100 रुपये तक खर्च करने पड़ जाते हैं। वहीं गोला से लखीमपुर तक रोडवेज बस का किराया जहां 54 रुपये है तो वहीं डग्गामार वाहनों का 40 रुपये।




रेलवे स्टेशन लखीमपुर। ● अमृत विचार

### लंबी दूरी के यात्रियों को मिलेगी राहत

पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी महेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि रेलवे प्रशासन ग्रीष्मकाल में यात्रियों के लिए लालकुआं से हावड़ा तक विशेष ट्रेन का संचालन शुरू कर रहा है। यह ट्रेन लालकुआं से 25 अप्रैल से 27 जून तक हर बृहस्पतिवार को और हावड़ा से 27 अप्रैल से 29 जून तक हर शनिवार को चलेगी। उन्होंने बताया कि इस ट्रेन में जनरेटर सह लगेज यान एक, एलएसएलआरडी का एक, साधारण द्वितीय श्रेणी के तीन, शयनयान श्रेणी के छह, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के पांच, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का एक- एक कोच रहेगा। इस तरह ट्रेन में कुल 18 एलएचबी कोच लगेगें।

### हावड़ा-लालकुआं का निर्धारित समय

| 05060 लालकुआं से हावड़ा | 05059 हावड़ा से लालकुआं |
|---|---|
| लालकुआं से हावड़ा | हावड़ा- 23.30 |
| लालकुआं- 14.00 | बंडेल- 12.32 |
| भोजीपुरा- 15.55 | बर्द्धमान- 01.47 |
| पीलीभीत- 16.23 | दुर्गापुर- 02.39 |
| मैलानी- 18.30 | बरौनी जंक्शन- 10.00 |
| गोला गोकरननाथ- 18.55 | समस्तीपुर- 11.45 |
| लखीमपुर- 19.42 | मुजफ्फरपुर- 13.10 |
| सीतापुर- 21.35 | छपरा- 16.50 |
| बुढ़वल- 22.05 | सीवान-17.45 |
| गोंडा- 23.25 | गोरखपुर- 22.20 |
| बस्ती- 12.55 | बस्ती- 23.30 |
| गोरखपुर- 02.15 | गोंडा से 12.55 |
| सीवान- 06.55 | बुढ़वल- 01.37 |
| छपरा- 07.45 | सीतापुर- 03.45 |
| मुजफ्फरपुर- 10.10 | लखीमपुर- 06.15 |
| बरौनी जंक्शन- 12.35 | गोला गोकरननाथ- 07.25 |
| दुर्गापुर- 17.37 | मैलानी- 09.10 |
| बर्द्धवान- 18.52 | पीलीभीत- 11.00 |
| बंडेल- 20.02 | भोजीपुरा- 12.05 |
| हावड़ा- 21.30 | लालकुआं- 13.55 |

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें


**न्यायालय परगना अधिकारी मीरगंज बरेली**
वाद संख्या 28 सन्-2011
**सुमन चौधरी बनाम मनवीर सिंह आदि**
ग्राम अगरास परगना व जिला बरेली।

**विपक्षी** 1. मनवीर सिंह पुत्र विजयपाल सिंह, 2. शिशुपाल सिंह पुत्र ओमप्रकाश, 3. अंशु माला पत्नी धर्मवीर सिंह, 4. बृजेश पुत्र जितेंद्र सिंह, 5. कंवलजीत सिंह पुत्र शिशुपाल सिंह, 6. बलराम सिंह पुत्र विजयपाल सिंह, 7. वृषभ एवं 8. मोहित न. पुत्रगण बलराम सिंह संरक्षिका नीरज वेवा बलराम सिंह समस्त निवासीगण-अगरास, तहसील मीरगंज, बरेली न्यायालय द्वारा आदेशित किया गया है कि उक्त सभी प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि आगामी तिथि 2/5/2024 में आप स्वयं या अपने वकील के साथ न्यायालय में उपस्थित हो अन्यथा एक पक्षीय आदेश कर दिया जायेगा।

**परगना अधिकारी, मीरगंज, बरेली**

**मु.स. 06/2024 ता. पेशी 3.5.24**
**प्ररूप 7**
**(नियम 11 (1) देखें)**

घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 धारा 13 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना

न्यायालय श्रीमान न्यायाधिकारी महोदय ग्राम न्यायालय गोला खीरी पुलिस थाना गोला श्रीमती रीति राठौर बनाम परिवादी प्रत्यर्थी श्री अरूण राठौर

श्री अरूण राठौर पुत्र श्री शंकर राठौर उर्फ नन्हू निवासी ग्राम जोगी नवादा थाना बारादरी जिला बरेली याची ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 41) की धारा 28 घरेलू हिंसा के अधीन आवेदन किया है/किए है।

आपको यह कारण बताने के लिए कि क्यों न आवेदक द्वारा मांगे गए अनुतोष (अनुतोषों) को आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाय व्यक्तिगत रूप से यह इस न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत काउंसेल के मार्फत 3 तारीख 5 मास 2024 को 10 बजे पूर्वान्ह/अपरान्ह में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एक पक्षीय कार्यवाही करेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा के अधीन तारीख को दी गई। **न्यायालय**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात् ।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

संपादकीय

# भारत की मजबूत दावेदारी

बीते कुछ समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रासंगिकता पर सवाल उठे हैं। सुरक्षा परिषद के बारे में कहा जाता है कि वो अपने मौजूदा रूप में पुराना और कम प्रतिनिधित्व वाला संगठन बन गया है। दूसरी ओर भारत का वैश्विक कद बढ़ा है। भारत लंबे समय से विकासशील दुनिया के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की मांग कर रहा है जिसका समर्थन वैश्विक समुदाय भी करता है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्था में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि इसमें 21 वीं सदी की दुनिया को प्रतिबिंबित किया जा सके। एक्स पर एक पोस्ट में मस्क ने कहा कि दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत के पास सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट नहीं है। इसके चलते परिषद बेतुकी है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को कहा कि अमेरिका ने सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र संस्थानों में सुधार के लिए समर्थन की पेशकश की है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण से पहले 14 अप्रैल को जारी अपने घोषणापत्र में भाजपा ने कहा हम वैश्विक निर्णय लेने में भारत की स्थिति को ऊपर उठाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इससे पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2 अप्रैल को कहा था कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी, क्योंकि दुनिया में यह भावना है कि उसे यह पद मिलना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत, जापान, जर्मनी और मिस्र ने मिलकर संयुक्त राष्ट्र के समक्ष एक प्रस्ताव रखा है और उनका मानना है कि इससे मामला थोड़ा आगे बढ़ेगा। यह एक वैश्विक मंच है, जहां विवादों को निपटाने पर चर्चा होती है। फिलहाल सुरक्षा परिषद में अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और यूनाइटेड किंगडम स्थायी सदस्य हैं। परिषद के 10 अस्थायी सदस्य हैं। भारत फिलहाल अस्थायी सदस्य है। अस्थायी सदस्य जनरल असेंबली द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। सुरक्षा परिषद में जब भी किसी मसले पर फैसला लेना होता है तो उसके लिए 15 में से 9 सदस्यों के वोट की जरूरत होती है। वोटिंग में स्थायी सदस्य काफी अहम होते हैं। अगर कोई भी एक स्थायी सदस्य फैसले से सहमत नहीं होता है तो वो पूरा प्रस्ताव या निर्णय खारिज हो जाता है। स्थायी देशों की इस शक्ति को वीटो पावर कहा जाता है। पिछले कुछ सालों में भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के बिना भी वैश्विक नेतृत्व की भूमिका हासिल कर ली है। अब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समर्थन से भारत के दावे को मजबूती मिली है।

# पूर्वोत्तर में बेहतर प्रदर्शन क्यों जरूरी है भाजपा के लिए


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में आज यानी 19,26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। पिछले यानी वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटें जीते मिली थीं।

केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। रैली में हजारों लोगों की तालियों के बीच गृहमंत्री ने सभा में कहा, "हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।"

पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी, जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं, बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें अकेले असम में 14 सीटें है। इसके अलावा मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नागालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर है। असम में सीएए को लेकर लंबे समय से सियासी उथल-पुथल मची हुई है।

इस बीच एक खबरिया चैनल के मुताबिक 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की 11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं।



बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है, वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं, यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

इस बीच पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15 वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था।

पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशानिर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने घरों से हजारों मील दूर रहने पर भी अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। वो प्यारी सी मुस्कान बिखरते हुए बताते हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है, पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी.वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। इसका नानकपुरा में दफ्तर है। इसमें सब अधिकारी और शेष स्टाफ नार्थ ईस्ट से है। बेशक दिल्ली पुलिस की नार्थ ईस्ट यूनिट के गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक सेंसटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। वे नार्थ ईस्ट के नागरिकों से लगातार मिलते भी हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एम.पी. बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेडिट यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। अब दिल्ली पुलिस में पूर्वोत्तर के सैकड़ों महिला-पुरुष काम कर रहे हैं। बहरहाल चुनावों की सरगर्मियों के बीच राजधानी में कोविड के कारण 2020 से स्थगित फुटबॉल चैंपियनशिप को फिर से शुरू करने की मांग हो रही है। उसमें यहां बसे हुए पूर्वोत्तर राज्यों के दिल्ली में रहने वाले खेल प्रेमी आंबेडकर स्टेडियम में भारी तादाद में दस्तक देते थे। इसे 2007 में नगा सोसायटी ने शुरू किया था।

बीते बीसेक सालों से यहां पत्रकारिता पढ़ा रही मनपाह कोनिएक कहती हैं कि हम अपने राज्यों से हिंदी पढ़कर आते हैं इसलिए हमें यहां सेटेल होने में दिक्कत नहीं होती। उनके गृह राज्य में भी 19 अप्रैल मतदान है। जाहिर है, वो भी नागालैंड में मतदान पर नजर रखेंगी। राजधानी में रहने वाले नागालैंड के ईसाई नागरिक आर.के. पुरम की एक चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। हालांकि नार्थ ईस्ट के ईसाई भी अलग-अलग जनजातियों से आते हैं। इसलिए वे एक धर्म से होते हुए भी कई स्तरों पर बहुत अलग हैं। मनपाह कोनिएक बताती हैं। यही विभिन्नता में एकता ही तो भारत की शक्ति है। बहरहाल भाजपा को अगर लोकसभा चुनावों में 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

व्यंग्य

# एक अनूठी कला

छेड़खानी भारतीय संस्कृति का गौरवशाली हिस्सा है। हमारे यहां छेड़ने वाले आदरणीय देवता मान लिए गए है। नंदलाल का ही उदाहरण ले लीजिए। पनघट पर जाने वाली कन्याएं प्रतीक्षा करती थी उनकी, मनुहार करती थी। कृपया पधारें। आएं और छेड़े हमें। पानी भरना तो बहाना मात्र है, हमें तो आपसे छिड़ जाने में आनंद आता है। आपका कंकरिया मार हमारी मटकी तोड़ देना, हमारी बैंया मरोड़ कर या हमारे वस्त्र चुराकर आपके कदंब के पेड़ पर चढ़ जाने में जो सुख है वो किसी और बात में हैं नहीं।

छेड़खानी है क्या? छेड़खानी के लिए कम से कम एक लड़की का होना आवश्यक है। भारतीय उपमहाद्वीप में लड़का छेड़ू होता है। प्रायः और लड़कियां छेड़ी जाती हैं। लड़की का ध्यान खींचने के लिए किए गए सारे ही क्रियाकलाप छेड़खानी की परिभाषा में आते हैं। मुंह चलाना या उसे छूने की कोशिश करना भी शामिल है इसमें। ऐसा किया जाना तब तक ही सुरक्षित है जब तक कि खुद कन्या अथवा उसका भाई या बाप इसका बुरा न मानें। इनके बुरा माने जाने का डर ही वो वजह है जिससे हमारे देश में कानून एवं व्यवस्था बनी हुई है।


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

छेड़खानी दरअसल प्रेम निवेदन का ही पर्याय है। हमारे पुराणों में मत्स्य कन्या सत्यवती का जिक्र है। नदी पार करने के लिए ऋषि पाराशर उसकी नाव में बैठे। उसकी सुंदरता पर रीझे। कन्या को अपनी अभिलाषा सूचित की उन्होंने। वो सरल कन्या ऋषि के निवेदन को ठुकरा नहीं सकी। नदी और नाव की सार्वजनिक उपस्थिति को देखते हुए कोहरे के वितान का इंतजाम भी ऋषि ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत ऋषि ने उसे आजीवन सुगंधित और चिरकुमारी रहने का आशीर्वाद दिया। इस कथा का सार यह कि यदि पुरुष समर्थ है तो छेड़खानी दोनों ही पक्षों को प्रसन्न कर सकती है और इसे आध्यात्मिक क्रिया माना जा सकता है। छेड़खानी कभी वर्जित विषय नहीं रहा हमारे यहां। हमारे पारिवारिक रिश्तों में भी छेड़छाड़ की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। हमारी संस्कृति में भाभी-देवर, जीजा-साली के बीच हंसी-मजाक, छेड़खानी शास्त्र सम्मत मान्य है। होली जैसे पर्व भी इसी मनोवृत्ति को समर्पित है, होली का एक दिन केवल इसीलिए निश्चित किया गया है ताकि जो अभागे संपूर्ण वर्ष इस आनंद से वंचित रहे हैं वो भी अपने मन की भड़ास निकाल लें। इस दिन ससुर और जेठ के देवर हो जाने को अन्यथा नहीं लिया जाता और शायद यही कारण है कि होली हमारा सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहार है। छेड़खानी मनोरंजन हमारा है। हमारी हिंदी फिल्मों को ही देख लें। हिंदी फिल्मों के हीरो आधी फिल्म में हीरोइन को छेड़ता है और बची हुई आधी फिल्म में अपनी बहन को विलेन से छिड़ने में बचाता है। आप समझ नहीं पाते कि जब हीरो और विलेन एक जैसी ही सांस्कृतिक क्रिया में लिप्त हैं तो हीरोइन खुश क्यों होती है और हीरो की बहन क्यों बुरा मान जाती है?

दरअसल छेड़खानी तभी दुस्साहस है जब आपकी नायिका इसे अन्यथा ले। यदि आपकी छेड़खानी उसे भा रही है, तब तो आपकी चांदी है और यदि ऐसा नहीं तो आपको सर मुंडाने के बाद गधे की सवारी भी करना पड़ सकती है। यह तो हुई पुराणों और फिल्मों की बातें। सच बात तो यह कि हर भारतीय पुरुष छेड़खानी की कला में सिद्धहस्त मानता है खुद को। किसी भी कन्या की उपस्थिति मात्र से उनकी आंखें चमकने लगती हैं। हमारे देश में कन्या, कन्या होने भर से छेड़खानी की पात्र हो जाती है। एकांत हो, भीड़ हो, किसी कन्या का दिखना भर पर्याप्त होता है। जब भी ऐसा होता है भारतीय पुरुषों का मन की करने के लिए रोम-रोम तड़पने लगता है।

छेड़खानी का परिणाम पीटा जाना ही हो हर बार, ऐसा भी जरूरी नहीं। छेड़खानी कला है और आप इस कला में पारंगत है तो आप कन्या की प्रशंसा भी प्राप्त कर सकते हैं। देखने दिखाने में ठीक-ठाक हों आप। जेब में भरा हुआ पर्स हो और बातें बनाना आता हो आपको तब तो आप मास्टर हो सकते हैं इस विधा के। मनोविज्ञान का जानकार होना आपको सफल बना सकता है। छेड़खानी यदि शिष्टता पूर्ण है, तमीज की हद में हो। लड़की की प्रशंसा का भाव शामिल हो, उसमें तो मुमकिन है आप अपनी करनी में सफल हो जाए। यदि आपने जीवन में किसी लड़की को छेड़ा नहीं। छेड़ने का प्रयास या विचार नहीं किया तो आपके इस ग्रह के निवासी होने पर बाबत शक होगा मुझे। यदि आपने ऐसा किया है और समस्त विध्न बाधाओं से सुरक्षित रहते हुए किया है, आपके ऐसा करने से लड़कियां प्रसन्न होती हैं तो यकीनन आप आकर्षक सुदर्शन समर्थ और निडर मनुष्य हैं।

# साहित्य चोरी के लिए हटाए गए नार्वे के दो मंत्री

संपन्न उत्तरी यूरोप राष्ट्र नार्वे, एक विकसित राजतंत्र की गत दिनों बड़ी वैश्विक फजीहत हुई। सरकार की दो मंत्री श्रीमती सांद्रा बोर्स जो रिसर्च और उच्च शिक्षा विभाग संभालती हैं तथा स्वास्थ्य मंत्री श्रीमती इंगविल्ड क्जेर्कोल को बेशर्मी से पद त्याग करना पड़ा। दोनों पर आरोप था कि उन्होंने अपनी थीसिस के लिए दूसरे छात्रों के शोधकार्य से चोरी की। आश्चर्य यह था कि सत्ता और शिक्षा का प्रशासन संभालने वाले सत्तासीन ने ही शैक्षिक तस्करी की। नार्वे की संसद में भी मसला उठा। छात्रों ने गंभीर गुस्सा प्रगट किया।

हालांकि भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है। ठीक जमींदार जैसा जो खेतिहर श्रमिक का शोषण करता है। अब इन महिला मंत्री, वह भी रिसर्च और शिक्षा की, ऐसी ओछी हरकत करें? अक्षम्य ही न है, कठिन दंड की भागी हैं। कई भारतीय विश्वविद्यालय में तो डाक्ट्रेट रिसर्च की थीसिस की चोरी आम बात है। ऐसे चोरी के अभियुक्त साधारण नहीं, ऊंचे लोग भी हैं। विचार कर लें कि साहित्यिक चोरी क्या है? दूसरे के विचारों या शब्दों को अपना मानना, स्रोत को श्रेय दिए बिना उपयोग करना और किसी मौजूदा स्रोत से प्राप्त विचार या उत्पाद को नए और मौलिक के रूप में प्रस्तुत करना।

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रम्प से लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति और वर्तमान डेमोक्रेटिक प्राथमिक उम्मीदवार जो बाइडन तक, साहित्यिक चोरी करते हुए पकड़े गए।


के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत में साहित्यिक चोरी तो आम बात है। दंड से लोग बहुधा बच जाते हैं। ऐसी बौद्धिक उठाईगिरी शत-प्रतिशत चोरी है। ऊंचे स्तर की राहजनी है। बिना मशक्कत के फल की कामना है।

साहित्यिक चोरी के 'वास्तविक जीवन' में बहुत कम या कोई परिणाम नहीं होते हैं। इसके खिलाफ कोई कानून नहीं है। केवल अपमानजनक टिप्पणी, नकारात्मक और शर्म ही है, लेकिन शिक्षा जगत में अमूमन ऐसा नहीं होता है। साहित्यिक चोरी के परिणाम, जो शैक्षणिक नैतिकता का उल्लंघन है, गंभीर सजा हो सकती है जिसमें कक्षाओं में असफल होना और डिग्री रद्द करना शामिल है। उदाहरण के लिए साहित्यिक चोरी के आरोप लगने के बाद एक कनाडाई शिक्षक को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा, उसकी पीएचडी रद्द कर दी गई। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में नौकरी के लिए नामित एक व्यक्ति ने उस समय अपना नाम वापस ले लिया जब उसकी पीएचडी थीसिस में साहित्यिक चोरी का पता चला।

यहां मेरा अभिप्राय भी मेरे कई लेखों की निंदनीय चोरी से है। यह एक अति गंभीर बौद्धिक तथा शैक्षणिक गुनाह है। इसके वर्गीकृत अपराध हैं : हार्वर्ड के 2006 में एक स्नातक ने एक पुस्तक प्रकाशित की जो 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की सर्वाधिक पठनीय वाली सूची में काफी ऊपर आ गई। मगर जब पता चला कि उसके कई हिस्से दूसरी पुस्तकों से चुराए गए हैं तब वह लेखिका गुमनामी के अंधेरे में खो गई। ऐसा सिर्फ पत्रकारों के साथ नहीं है। भविष्य में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में देखे जाने वाले अमेरिका के एक उभरते हुए सासंद ने मूर्खता के कारण अपने सारे अवसर खो दिए। उन्होंने बराक ओबामा के भाषण को अपना बताकर दर्शकों के सामने हूबहू दोहरा दिया।

मेरे निजी अनुभव में एक बड़ी विकराल दगाबाजी हो गई, गाजियाबाद की एक पत्रिका के संपादक ने मेरा लेख हूबहू शतप्रतिशत जैसा था छाप दिया। बस मेरा नाम काटकर अपना नाम लिख मारा। फोन पर जब मैंने बहुत डांटा और चोरी के जुर्म में लखनऊ पुलिस को भेजने की चेतावनी दी तो पहले तो प्रमाण मांगने लगे। बाद में डरकर माफी मांगने लगे। मेरा लेख था मंदिर और मजार बनाकर फुटपाथ कब्जियाना। लखनऊ सचिवालय के ठीक सामने बापू भवन के फाटक पर एक गैर कानूनी मंदिर बन गया था। मैंने पुलिस द्वारा उसे तुड़वाया, क्योंकि यातायात बाधित हो रहा था। फिर मैंने पत्रिका के संपादक का प्रमाण दिया। मैंने लिखा कि मुख्यमंत्री के सचिव नृपेन्द्र मिश्रा (आईएएस) ने मंदिर तुड़वाने हेतु मेरी शिकायत पर सहायता की थी। पत्रिका के संपादक डर गए कि नृपेन्द्र मिश्र उन्हें जानते ही नहीं। मदद की बात तो हुई नहीं। फिर उनका यह लेख कैसे हुआ? बिजनौर के पत्रकार ने मेरी सहायता की थी। अंततः संपादक जी ने बेहतर समझ कि मुझसे माफी मांग ली। वर्ना हर सप्ताह उन्हें लखनऊ अदालत में आना पड़ता।

सोशल फोरम

# चार कंधे भी मिलने मुश्किल

हृदय बहुत व्यथित है। रोज किसी न किसी परिजन या परिचित की इस फानी दुनिया से कूच कर जाने की मनहूस खबर मिलती है। अफसोस का बड़ा मुद्दा यह भी है कि विदाई देने वालों की संख्या सीमित खुद-ब-खुद सीमित हो गई है। हरेक की कोई न कोई मजबूरी भी है। और हम भी अस्थमा के कारण विदाई देने वाली सीमित संख्या का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं। कई लोग तो खबर भी नहीं कर रहे हैं। सोचते हैं बताने से फायदा ही क्या? बंदा आ तो पाएगा नहीं। और अगर आ भी गया तो इस भीषण गर्मी में उसे संभालना भी पड़ेगा।


वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

चौहत्तर प्लस हो चुका है। नाना प्रकार की व्याधियों से पीड़ित है। उसे कुछ हो गया तो ये तय करना मुश्किल हो जाएगा कि किस वजह से मरा। सच तो ये है कि डर तो हमें भी लगता है। पहले तो हम जरा सी जान-पहचान वाले को भी विदा करने चले जाते थे। पत्नी उलाहना दिया करती थी, कुछ ज्यादा ही सामाजिक हो चले हो। हम कहते थे, नहीं जाएंगे तो हमारी बारी में कौन जाएगा? वो पलटवार करती थी, जब सभी संगी-साथी चले जा रहे हैं तो तुम्हारे साथ जाएगा कौन? आज हम सोचते हैं, पत्नी सही कहती है। सब तो जा रहे हैं। दस लोग जुटने भी मुश्किल हो चले हैं और अगर ये सिलसिला आगे भी जारी रहा तो कंधा देने के लिए चार जरूरी बंदे भी नहीं मिलेंगे। हो सकता है वो दिन भी आए कि नगर निगम की तरफ से लाश ढोने वाली गाड़ी आए, निर्जीव शरीर लाद ले जाए और अगले फेरे में एक पोटली में राख समेट कर दे दे, अपनी फुरसत से नदी में बहा देना।

हमें तो वो जमाना याद आता है जब आवागमन के साधन सीमित थे। हमारे पुश्तैनी शहर मियांवाली (अब पाकिस्तान में) से साल दो साल बाद सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार के लिए एक कारवां चलता था, सबके हाथों में अपने-अपने परिजनों की अस्थियां पोटलियों में बंधी होती थीं। कुछ के हाथ में ज्यादा पोटलियां होती थीं। ये उनकी होती थीं जिनके वारिसान सैकड़ों मील दूर स्थित हरिद्वार का लंबा सफर करने में अक्षम होते थे। वो जाने वाले से गुजारिश करते थे - भाई, मेरे बाऊजी जी की अस्थियां भी गंगा मैया में बहा देना। वर्तमान व्यस्त हालात देखकर ख्याल आता है, क्या वो युग वापस आने वाला है?

-फेसबुक वॉल से

# शिक्षा और परीक्षा

हम सभी जानते हैं कि साहित्य सौंदर्य बोधात्मक विषय है। वह सौंदर्य किसी भी क्षेत्र का हो सकता है। प्रकृति का, मानव का, चरित्र का, भाव का, कला का इत्यादि। सौंदर्य की खासियत यह है कि वह मनुष्य को डुबाकर अपने रंग में रंग देता है। सौंदर्य-नद में स्नान किया हुआ व्यक्ति अपने को पावन महसूस करता है। उसके भीतर अनायास ही एक सकारात्मक रूपांतरण की घटना घटने की पृष्ठभूमि तैयार हो जाती है और कई लोग रूपांतरित भी हो जाते हैं। साहित्य में विचार भी घुले-मिले होते हैं। विचार सुंदर भी हो सकते हैं और कुरूप भी, विचार प्रगतिशील भी हो सकते हैं और पतनशील भी, जो साहित्य प्रतिगामी विचारों को लेकर चलता है, उसे ही घटिया साहित्य कहा जाता है। इसी तरह सौंदर्य भी मनुष्य को शाश्वत शांति की ओर ले जाने वाला और अशांति पैदा करने वाला भी हो सकता है। साहित्य की समीक्षा में यह देखना होता है कि वर्णित सौंदर्य हमें किस दिशा में ले जा रहा है या ले जा सकता है, जो समीक्षा इस दृष्टि से विश्लेषण न कर सके, वह सार्थक नहीं कही जा सकती।


मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिंदी आलोचना की सबसे बड़ी कमी यह है कि उसका ध्यान साहित्य के सौंदर्योद्घाटन पर नहीं है। वह मुख्य रूप से विचार पर आधारित होती है, जबकि साहित्य मुख्य रूप से सौंदर्य पर आधारित होता है। ऐसी आलोचना को साहित्यालोचन कैसे कह सकते हैं? आचार्य शुक्ल ने तुलसीदास, सूरदास आदि पर पुस्तकें लिखकर जिस आलोचना की नींव डाली थी, वह सौंदर्योद्घाटन पर आधारित थी। उसका विकास किया जाना चाहिए, लेकिन अफसोस कि शुक्ल जी से आगे इस दिशा में समीक्षा नहीं बढ़ सकी। जिस तरह साहित्य की शुष्क समीक्षा लिखी जा रही है। उसी तरह उसका अध्यापन भी शुष्क होता चला गया। मैंने अनेक अच्छे शिक्षकों से पढ़ा है, लेकिन काव्य पढ़ाने का जो ढंग गुरुवर कविवर केदारनाथ सिंह का पास था, वह अन्यत्र दुर्लभ था, उनकी कक्षा में रसधार बहती थी। खासकर निराला की "राम की शक्ति पूजा" और "सरोज स्मृति" पढ़ाते समय ऐसा समां बंधता था कि विद्यार्थी सुध-बुध खोकर उनके साथ बहे चले जाते थे। वह साहित्य की शुष्क समीक्षा नहीं थी, वे सौंदर्य की गहराई में उतरते थे और अपने सहृदय विद्यार्थियों को उसमें बहा ले जाते थे।


बहुत समय पहले की बात है। पटना के गांधी मैदानमें विशाल पंडाल लगा था। वहां मोरारी बापू का रामचरित मानस पर प्रवचन चल रहा था। उन्होंने गायकों और वाद्ययंत्रों की सहायता से वीर रस को साकार कर दिया। कक्षा में वीर रस की कविताओं को समझाने के क्रम में यह कहना कि इसमें कठोर और द्वित्व वर्णों का समायोजन होता है। एक बात और है उसे सही कंठ और वाद्ययंत्रों से जीवंत कर देना कितनी अलग बात है। मुझे साहित्य के अध्यापन का सूत्र वहां मिला। हमारे शिक्षक बंधु तुरंत बोल उठेंगे कि कक्षा में यह कैसे संभव है? इस सड़े सिस्टम में तो सचमुच संभव नहीं है। मैं तो इस प्रणाली से बाहर की बात कर रहा हूं। इस प्रणाली में तो लिखित परीक्षा लेकर कागज पर अस्सी प्रतिशत और उससे भी अधिक अंक दे दिए जाते हैं। कागज का वह टुकड़ा हमें खुशियों से भर देता है कि अब हमें नौकरी मिल सकती है। क्या इसी बात के लिए साहित्य बना है? हमारा कोई परिष्कार नहीं हुआ। हमारे उदात्त भाव नहीं जगे, बल्कि कुछ उल्टा ही हुआ। हमारे अंदर अनेक तरह की विकृतियां आ गईं। साहित्य हमने डूबकर पढ़ा और समझा है, इसकी परीक्षा जीवन के दैनंदिन क्रियाकलापों में होनी चाहिए या परीक्षा भवन में कागज के पन्नों पर? द्रोणाचार्य ने धनुर्विद्या की परीक्षा कक्षा में कागज पर न लेकर पेड़ पर एक नकली चिड़िया रखकर ली थी। विद्यार्थियों के हाथ में कागज और कलम नहीं, धनुष और बाण थे। इसे कहते हैं शिक्षा और परीक्षा।

# संघर्षों की विरासत को आगे बढ़ाएं

मई दिवस अमर रहे, दुनिया के मेहनतकशों एक हो। पूरी दुनिया की मेहनतकश जनता एक मई को मजदूर दिवस के रूप में मनाती आई है, हमारे देश में भी 1923 से मजदूर दिवस मनाया जाता रहा है।

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है। पूंजीवाद का विरोध और समाजवाद की स्थापना के लिए संघर्ष को आगे बढ़ाना मेहनतकश वर्ग का मूल उद्देश्य है। वैसे तो काम के घंटे तय करने की लड़ाई के लिए लड़े गए इस संघर्ष को बढ़ाने का काम तेजी से आगे बढ़ा है। किंतु पिछले कुछ सालों की पूंजीवादी सोच को बढ़ाने वाली सत्ता और उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों के कारण देश में बेरोजगारी, भुखमरी, महंगाई और अमीरी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियां किसी से छिपी नहीं हैं। सौ वर्ष पहले हासिल काम के घंटे के अधिकार को समाप्त करने, स्थाई रोजगार के बदले ठेका/संविदा प्रथा, अग्निवीर, शिक्षामित्र, बैंक मित्र, लेबर कोड लागू करने, एकतरफा छटंनी, तालाबंदी, जबरन हो रहे वीआरएस से आम जनता त्रस्त हुई है।

इस बार का मजदूर दिवस लोकसभा चुनाव के समय में होने जा रहा है। ऐसे में कामगार वर्ग की जिम्मेदारी ज्यादा हो जाती है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस बार मई दिवस एक बार फिर मेहनत कश जनता को पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ लामबंद होने और क्रांतिकारी संघर्ष को पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने का समय है। आइए अपनी क्रांतिकारी संघर्षों की विरासत को इस मई दिवस पर और आगे बढ़ाएं।



## आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल समेत कई दिग्गजों की किस्मत का आज फैसला

# देश के मूड का आज पहला इम्तिहान
# 102 सीटें तय करेंगी नया रोड मैप

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की आठ, उत्तराखंड की सभी पांच, मध्य प्रदेश की छह, बिहार की चार, राजस्थान की 12, पश्चिम बंगाल की तीन, तामिलनाडु की सभी 39 के अलावा अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, छत्तीसगढ़ की 11, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो सीट, मिजोरम, सिक्किम, नगालैंड, त्रिपुरा, लक्षद्वीप व पुडुचेरी अंडमान और निकोबार द्वीप तथा जम्मू-कश्मीर की की एक-एक पर मतदान होगा। इस बार पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्रियों, तीन पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो जाएगा। तीन पूर्व मुख्यमंत्री त्रिपुरा के बिप्लव कुमार देब, असम के सर्बादानंद सोनोवाल और बिहार के जीनराम मांझी हैं। केंद्रीय मंत्रियों में नितिन गडकरी, किरण रिजिजू, डॉ. संजीव बालियान, जितेंद्र सिंह, भूपेंद्र यादव और अर्जुन मेघवाल प्रमुख उम्मीदवार हैं।



**जिन 102 सीटों पर आज पड़ेंगे वोट, उन पर 2019 में स्कोर**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40 |
| डीएमके | 24 |
| कांग्रेस | 15 |
| अन्य | 23 |

### मध्य प्रदेश में भाजपा की चुनौती से निपटने में कांग्रेस के लिए बसपा बन रही स्पीड ब्रेकर

- मध्यप्रदेश में पहले चरण की अन्य सीटों में सीधी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के राजेश मिश्र और कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल को बसपा के पूजनराम साकेत चुनौती दे रहे हैं। शहडोल भाजपा की हिमाद्रि सिंह और कांग्रेस के फुंदेलाल सिंह मार्को के मुकाबले बसपा से धनीराम कोल मैदान में हैं। जबलपुर में भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे और कांग्रेस के दिनेश यादव के सीधे मुकाबले को बसपा के राकेश चौधरी त्रिकोणीय बनाने में प्रयासरत हैं। बालाघाट में भाजपा प्रत्याशी भारती पारथी के कांग्रेस के अशोक सिंह सरस्वार के साथ कंकर मुंजारे की चुनौती से निपटना पड़ रहा है।

### गडकरी को जीत की हैट्रिक में नहीं दिख रही कोई मुश्किल बड़ी

महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा सीट से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीसरी बार मैदान में हैं। गडकरी के खिलाफ कांग्रेस से निधायक विकास ठाकरे उतरे हैं। 2014 में गडकरी ने सात बार के सांसद रहे विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख वोटों से हराया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नाना पटोले को 2.16 लाख वोटों से हराया था। गडकरी की जीत की हैट्रिक जानकार आसान मान रहे हैं, लेकिन विपक्ष उन्हें विकास कार्यों में भेदभाव के आरोप पर घेर रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी अपने जातीय समीकरण के आधार पर भी गडकरी को घेरने का प्रयास कर रहा है।

**08%** महिला प्रत्याशी ही पहले चरण में चुनाव मैदान में

**77** भाजपा प्रत्याशी पहले चरण में लड़ रहे चुनाव, कांग्रेस के 56 प्रत्याशी

**86** सबसे ज्यादा उम्मीदवार पहले चरण में बसपा से उतरे हैं मैदान में

### रिजिजू के लिए आसान नहीं नजर आ रहा जीत का चौका लगाना

- अरुणाचल प्रदेश की पश्चिम लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू चुनाव मैदान में हैं। किरेन रिजिजू 2004 से तीन बार इस सीट से सांसद रह चुके हैं और चौथी बार जीत के लिए मैदान में उतरे हैं। रिजिजू का मुकाबला पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी से है। माना जा रहा है कि रिजिजू को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। रिजिजु अब तक इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चार चुनाव लड़ चुके हैं, जिनमें तीन बार बिजयी रहे हैं।

### जितेंद्र सिंह विकास के सहारे तीसरी बार

- जम्मू-कश्मीर के दिग्गज नेता और मोदी सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्य मंत्री डॉ .जितेंद्र सिंह उधमपुर लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे हैं। इस सीट से वह लगातार दो बार से चुनाव जीत चुके हैं। जितेंद्र सिंह के खिलाफ कांग्रेस ने चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। भाजपा ने इलाके के विकास को मुद्दा बनाया है, जबकि कांग्रेस विकास के दावों को झूठा बताने के साथ अग्निवीर भर्ती को मुद्दा बना रही है। मोदी, योगी, राजनाथ, अनुराग ठाकुर के मुकाबले यहां सचिन पायलट, राजबब्बर, उमर अब्दुल्ला प्रचार कर गए हैं।

**51** सीटों पर अन्य दलों ने 2019 में पहले चरण की कुल 91 सीटों पर हुए चुनाव में कब्जा जमाया था। 31 सीटें भाजपा के खाते में गई थीं। कांग्रेस को 9 सीटें मिली थीं।

### यूपीए और मोदी सरकार के मंत्रियों राजा और मुरुगन के बीच दिलचस्प जंग

- बागवानी और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट पर मोदी सरकार के मंत्री और मनमोहन सरकार में मंत्री रह चुके दो नेताओं के बीच मुकाबला है। यहां डीएमके से पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा चुनावी मैदान में हैं, जिनके खिलाफ भाजपा की मोदी सरकार में मत्स्य, पशु चिकित्सा और डेयरी राज्य मंत्री एल मुरुगन ताल ठोंक रहे हैं। ए राजा इस सीट से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। पिछली बार एआईएडीएमके के प्रत्याशी त्यागराजन को ढाई लाख से ज्यादा मतों से हराया था। मुरुगन पहली बार नीलगिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### चेन्नई साउथ : त्रिकोणीय संघर्ष में पूर्व राज्यपाल दे रहीं डीएमके को चुनौती

- चेन्नई को डीएमके का गढ़ माना जाता है। यहां तीन सीटें चेन्नई साउथ, चेन्नई सेंट्रल और चेन्नई नार्थ हैं। चेन्नई साउथ सीट से पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन भाजपा से चुनाव लड़ रही हैं। वह मार्च तक तेलंगाना की राज्यपाल थीं। सुंदरराजन 2019 में थुथूकोडी सीट से लड़ी थीं लेकिन डीएमके की कनिमोड़ी से हार गई थीं। इसके बाद उन्हें राज्यपाल बना दिया गया था। सुदरराजन 2014 से 2019 तक तमिलनाडु भाजपा की अध्यक्ष रह चुकी हैं। सुंदरराजन के सामने दो मजबूत प्रत्याशी हैं। डीएमके के मौजूदा सांसद थमिजाची थंगापांडियन और एआईडीएमके से उतरे जयवर्धन। जयवर्धन 2014 में चेन्नई साउथ से जीते थे। 2019 में वह दूसरे नंबर पर रहे थे। इस सीट पर डीएमके को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है, इसकी वजह बाढ़ के दौरान हुई लोगों की परेशानी है। एआईडीएमके और भाजपा प्रत्याशी सुंदरराजन स्थानीय मुद्दों को भुनाने में जुटे रहे।

### कोयंबटूर में कितना कमाल दिखा पाएंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई

- तमिलनाडु के कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई मैदान में उतरे हैं। यहां उनका सामना डीएमके के नेता गणपति पी. राजकुमार और एआईडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन से है। इस सीट पर वामपंथी दलों का प्रभाव भी है। 2019 के चुनाव में माकपा के पीआर नटराजन जीते थे। लेकिन इस बार भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई की सभाओं में आने वाली भीड़ उनके समर्थन का इशारा कर रही है। इसी तरह राज्य की शिवगंगा लोकसभा सीट पर मौजूदा सांसद और कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम का मुकाबला भाजपा के टी देवनाथन यादव और अन्नाद्रमुक के जेवियर दास से है। कार्ति इस पर 2014 में चुनाव हार गए थे। लेकिन 2019 में जीते थे।

### कहीं इस बार भी मंझधार में ही न रह जाएं जीतन राम मांझी

- बिहार की गया सुरक्षित सीट से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी चुनाव लड़ रहे हैं। मांझी पिछले दो चुनाव इस सीट से हार चुके हैं। इस बार उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम पार्टी भाजपा गठबंधन का हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी उनके लिए वोट मांग गए हैं। मांझी का सीधा मुकाबला राजद के प्रत्याशी कुमार सर्वजीत से हैं। सर्वजीत बोध गया विधानसभा सीट से विधायक हैं। नीतीश-तेजस्वी की सरकार में मंत्री भी रहे हैं। जातीय आधार के मुताबिक इस सीट पर माझी की जाति महादलित के मतदाता सबसे ज्यादा हैं। लेकिन दूसरे नंबर पर दुसाध यानी पासवान है, राजद के सर्वजीत इसी बिरादरी से आते हैं।

### निशीत प्रमाणिक को कूच बिहार सीट जीतने से रोकने में जुटी टीएमसी

- कूच बिहार लोकसभा सीट पर भाजपा के निशीत प्रमाणिक का सीधा मुकाबला तृण मूल कांग्रेस के जगदीश चंद्र बसुनिया से है। पिछली बार प्रमाणिक इस सीट पर 50 हजार से ज्यादा वोटों से जीतने में सफल रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस सीट पर सभाएं कर गई हैं। अंतिम समय तक दोनों प्रत्याशी राजबंशी समुदाय के मतदाताओं को लुभाने में लगे रहे, जिनकी इस सीट पर 40 फीसदी से अधिक आबादी है।

### चेन्नई सेंट्रल में दयानिधि मारन के सामने जीत का अंतर बचाना चुनौती

- चेन्नई सेंट्रल सीट से डीएमके से उतरे दयानिधि मारन को भाजपा के विनोज पी सेल्वम के साथ डीएमडीके के प्रत्याशी पार्थसारथी की चुनौती से पार पाना पड़ रहा है। यूपीए सरकार में मंत्री रह चुके दयानिधि मारन का इस लोकसभा क्षेत्र में अच्छा प्रभाव है। 2019 में मारन यहां से करीब साढ़े चार लाख मतों से चुनाव जीते थे। हालांकि 2014 में एआईएडीएमके के एसआर विजयकुमार ने दयानिधि मारन को हरा दिया था। भाजपा ने इस बार 2019 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रही पीएमके को राजग गठबंधन में जोड़कर मारन के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है।

### मंडला में केंद्रीय मंत्री कुलस्ते को मरकाम से मिल रही तगड़ी टक्कर

- मंडला में भाजपा ने छह बार के सांसद केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को उतारा है, जिनका मुकाबला कांग्रेस के चार बार के विधायक ओमकार सिंह मरकाम से है। दोनों नेता 2014 के लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने आ चुके हैं, तब मरकाम को हार मिली थी। उधर, कुलस्ते इस सीट से केवल एक बार 2009 में हारे थे। कुलस्ते को हाल ही में विधानसभा चुनाव में मंडला लोकसभा की निवास सीट से पराजय का सामना करना पड़ा था। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस काबिज है, तीन पर भाजपा जीती थी। इसके चलते लोकसभा चुनाव में जीत के लिए कुलस्ते को कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है।

### डिब्रूगढ़ ले रहा केंद्रीय मंत्री सोनोवाल की कड़ी परीक्षा

- असम की डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल चुनावी मैदान में उतरे हैं। भाजपा ने इस बार केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली की जगह सोनोवाल को यहां से मैदान में उतारा है। कांग्रेस से मनोज धनोवर उन्हें चुनौती दे रहे हैं। डिब्रूगढ़ सीट पर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक दोनों दलों का घमासान देखने को मिला। जानकर यहां मुकाबला नजदीकी मान रहे हैं।

### जोराहट में गौरव गोगोई को जोर लगाने पर भी छूट रहा पसीना

- असम में कांग्रेस ने इस बार सीट बदलकर अपने नेता गौरव गोगोई को जोराहट सीट से मैदान में उतारा है। वह पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई के बेटे हैं। इस सीट पर 2019 में भाजपा के तपन कुमार गोगोई जीते थे। वह इस बार भी यहां कमल खिलाने में लगे हैं। इसके चलते गौरव गोगोई को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। इस सीट पर अहोम समुदाय के मतदाता ज्यादा हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों के प्रत्याशी इसी समुदाय से आते हैं।



### एक अकेला छिंदवाड़ा क्या इस बार भी बनेगा कांग्रेस का सहारा

- मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा अकेली लोकसभा सीट जिस पर 2019 के चुनाव में कांग्रेस जीती थी। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुल नाथ एक बार फिर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। छिंदवाड़ा से भाजपा ने विवेक बंटी साहू को उतारा है, जो इस बार पार्टी नेताओं का जोरदार समर्थन मिलने से नकुल नाथ के सामने जमकर चुनौती पेश कर रहे हैं। इस सीट को कमलनाथ का गढ़ माना जाता है। 1997 को छोड़कर कांग्रेस यहां से बराबर जीतती रही है। लेकिन इस बार कमलनाथ ऐसा फंसे हैं कि राज्य की अन्य सीटों पर प्रचार नहीं कर पा रहे हैं।

## चतुष्कोणीय मुकाबले में फंसा नगीना इस बार चुनेगा किस दल की अंगूठी



मतदान से पहले बिजनौर जिले की नगीना लोकसभा क्षेत्र में चुनावी लड़ाई रोचक और दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि अपनी आजाद समाज पार्टी से मैदान में उतरे युवा दलित नेता चंद्रशेखर आजाद ने मुकाबला चतुष्कोणीय बना दिया है। यहां दलित और मुस्लिम वोटों पर घमासान मचा है, जो संख्या में लगभग बराबर हैं। भाजपा से इस सीट पर नहटौर के विधायक ओम कुमार को रालोद का भरपूर समर्थन मिलने के बाद भी चुनाव निकालने में पसीना छूट रहा है। इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार और बसपा के सुरेंद्र पाल भी जमकर ताल ठोंक रहे हैं। पिछली बार इस सीट पर बसपा जीती थी। लेकिन यहां के सांसद गिरीश चंद्र इस बार बसपा से ही बुलंदशहर से चुनाव लड़ रहे हैं।

## रामपुर में मुकाबला सीधा या तिकोना इसी पर टिकी हैं जीत की उम्मीदें

रामपुर लोकसभा सीट पर सपा नेता मो. आजम खान का दबदबा रहा है, लेकिन वह इस बार जेल में हैं, तो नवाब खानदान भी चुनाव से दूर है। हालांकि पूर्व सांसद बेगम नूर बानो कांग्रेस-सपा के उम्मीदवार के साथ हैं, तो उनके पौत्र हमजा मियां भाजपा में शामिल होने के बाद कमल खिलाने में लगे हैं। 2019 में आजम खान ने इस सीट पर भाजपा से उतरीं पूर्व अभिनेत्री जयाप्रदा को हराया था। 2002 में विधायक का चुनाव लड़ने के लिए सांसदी छोड़ दी थी। उप चुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी विजयी रहे थे। भाजपा ने उन्हें ही दोबारा मैदान में उतारा है। सपा से जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी और बसपा से जीशान खान भाजपा को चुनौती दे रहे हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के मशहूर वकील महबूब प्राचा भी मैदान में हैं। माना जा रहा है कि इस सीट पर ध्रुवीकरण होने की स्थिति में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला होगा, लेकिन ऐसा नहीं होने पर त्रिकोणीय संघर्ष में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

## कैराना में सपा की इकरा हसन ने मेहनत से भाजपा को दी चुनौती

कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा से मौजूदा सांसद प्रदीप चौधरी के सामने सपा-कांग्रेस गठबंधन से इकरा हसन और बसपा से धर्म सिंह सैनी मुकाबले में हैं। यहां चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद भी तीनों दल जातीय समीकरण साधने में जुटे रहे।



भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी गुर्जर हैं और इस सीट पर भाजपा के कोर वोट के साथ डेढ़ लाख से अधिक गुर्जर मतदाता का उन्हें समर्थन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां पलायन की याद दिलाकर पार्टी वोटों को लामबंजद कर गए हैं। ऐसे में सपा और बसपा में मुस्लिम वोट पाने के लिए होड़ मची है। लेकिन सपा की युवा प्रत्याशी इकरा हसन ने जिस तरह गांव-गांव जाकर मेहनत की है, उसने माहौल उनके पक्ष में मोड़ा है। इकरा की मां पिछली बार इस सीट से चुनाव हार गई थीं। जानकारों के मुताबिक राजनीतिक परिवार से आने वाली इकरा भाजपा को चुनौती देने में सफल होती दिख रही हैं। उनके पास जहां मुस्लिम वोट बैंक हैं, वहीं वह दलित, जाट, कश्यप, गुर्जर वोट की जुगत में लगी हैं।

## सहारनपुर में मसूद को भाजपा से सीधे मुकाबले में आने से रोक रही बसपा

सहारनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के राघव लखनपाल शर्मा का मुकाबला कांग्रेस-सपा गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद और बसपा के माजिद अली से है। यहां प्रचार थमने से पहले प्रियंका गांधी ने रोड शो के जरिए कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया। 2014 में यहां भाजपा जीती थी, लेकिन 2019 में राघव लखनपाल बसपा प्रत्याशी से चुनाव हार गए थे। कांग्रेस के इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर तीसरे नंबर पर थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा ने इस बार बसपा के दलित वोट बैंक में सेंध लगा दी है। चार दिन पहले ही बसपा के पूर्व विधायक व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस सीट पर मतदाताओं में जोश भर गए थे। गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद वोट के समीकरण साधकर सीधी लड़ाई में चुनाव जीतने की जुगत भिड़ा रहे हैं, तो भाजपा बसपा प्रत्याशी माजिद अली के मुस्लिम वोट बांटने से राहत की सांस ले रही है।



## पीलीभीत में जनता ले रही भाजपा की रणनीति का कड़ा इम्तिहान

पीलीभीत लोकसभा सीट पर वरुण गांधी का टिकट काटने के बाद भाजपा ने पूरी ताकत लगाई है। यहां से भाजपा को जीत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे तो मुख्यमंत्री योगी तीन बार आए हैं। भाजपा प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भी प्रचार में दिन-रात एक किए रखा। यहां करीब 17 .40 लाख मतदाताओं में ओबीसी 34 प्रतिशत, दलित 17 प्रतिशत के साथ मुस्लिम करीब 24 प्रतिशत निर्णायक भूमिका में हैं। यहां से सपा के टिकट पर उतरे बरेली जिला में नवाबगंज सीट से पांच बार के विधायक भगवत शरण गंगवार प्रचार में वरुण गांधी के साथ स्थानीय मुद्दों को उठाकर भाजपा को घेरते रहे। उनके समर्थन में अखिलेश यादव सभा कर गए हैं। बसपा भी पीलीभीत के मुकाबले में पीछे नहीं कही जा सकती है। पार्टी सुप्रीमो प्रत्याशी अनीस अंसारी के समर्थन में जनसभा करने आयी थीं। जानकारों का मानना है कि भाजपा यहां हिंदुत्व और राम के मुद्दे को आगे करके जीत के लिए ध्रुवीकरण कराने की कोशिश में है।





**मिलेगी जीत** हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार माधवी लता ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने विक्ट्री निशान बनाकर समर्थकों का उत्साह बढ़ाया।

**आज मतदान** पहले चरण में जिन 12 सीटों पर मतदान, उनमें पांच पर भाजपा ने उतारे हैं नए चेहरे, हाई प्रोफाइल सीटों बीकानेर व अलवर में दो केंद्रीय मंत्रियों की दांव पर लगी प्रतिष्ठा

# राजस्थान में प्रत्याशी बदलने वाली सीटों पर मुकाबले में फंसी भाजपा

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** राजस्थान में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार पार्टी क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की तरफ देख रही है। राज्य में लोकसभा चुनाव -2024 के पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर शहर और ग्रामीण, दौसा तथा नागौर में शुक्रवार को मतदाता सांसद का चुनाव करेंगे। इन एक दर्जन में पांच लोकसभा सीटों भरतपुर, दौसा, जयपुर शहर, नागौर और चूरू पर सबकी नजर हैं, इसकी वजह यह है कि इन सीटों पर भाजपा ने मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इन सभी सीटों पर मुकाबले का जोर लगा रखा है।

भरतपुर सीट प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गृह क्षेत्र है। यहां जाट आरक्षण का मुद्दा गर्म है। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली और कांग्रेस से संजना जाटव में मुकाबला है। यहां करीब पांच लाख जाट मतदाता हैं।

दौसा में कांग्रेस ने विधायक मुरारीलाल मीणा को उतारा है। वह यहां से सांसद रहे सचिन पायलट के करीबी हैं। भाजपा से पूर्व विधायक कन्हैयालाल मीणा मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद भी यहां भाजपा को कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है।

जयपुर शहर लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक रखी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा विधायक रहे भजन लाल शर्मा की बेटी मंजू शर्मा यहां भाजपा से प्रत्याशी हैं। उनके सामने कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खच्चरिया वास हैं।

नागौर से आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल कांग्रेस-आरएलपी गठबंधन के प्रत्याशी हैं। पिछली बार एनडीए से गठबंधन में वह जीते थे। उनका मुकाबला पिछली बार कांग्रेस से प्रत्याशी रहीं भाजपा की ज्योति मिर्धा से है। ज्योति दिग्गज कांग्रेस नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। वह हाल ही में भाजपा में शामिल हुई थीं। यह सीट भी सीधे मुकाबले में फंसी है। चुरु सीट भाजपा का गढ़ है। लेकिन भाजपा ने दो बार के सांसद राहुल कस्वां का टिकट काट दिया था। अब वे कांग्रेस से मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा के पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझड़िया से है। मोदी यहां सभा कर गए हैं। भाजपा प्रतिष्ठा लगाए है, लेकिन कस्वां की चुनौती कम नहीं है। मुकाबला रोचक हो गया है।

**2024** में भी सभी 25 सीटें जीतकर क्लीन स्वीप हैट्रिक की तरफ देख रही है भाजपा



### अर्जुनराम मेघवाल की स्थिति मजबूत, पर भूपेंद्र यादव को मिल रही कांग्रेस विधायक से चुनौती

- बीकानेर सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा के दिग्गज और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल फिर से मैदान में हैं, उनके खिलाफ कांग्रेस से पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल प्रत्याशी हैं। अर्जुनराम मेघवाल यहां से तीन बार चुनाव जीत चुके हैं। 2004 में यहां से फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र सांसद चुने गए थे। अर्जुनराम की इस सीट पर स्थिति मजबूत मानी जा रही है।
- इसी तरह अलवर लोकसभा सीट पर भाजपा के एक और दिग्गज नेता केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मैदान में है। कांग्रेस से युवा विधायक ललित यादव सामने हैं। 2019 में यहां से भाजपा प्रत्याशी बाबा बालक नाथ ने चुनाव जीता था। यादव बहुल सीट है। कांग्रेस और भाजपा दोनों के उम्मीदवार यादव हैं। मुकाबला दिलचस्प है। भूपेंद्र यादव मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके लिए समर्थन जुटा गए हैं, लेकिन ललित यादव वोटों में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

## अपनी ढपली अपना राग



मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए। मोदी को किसान, गरीब मजदूरों की नहीं बल्कि अदाणी-अंबानी की चिंता है।
- प्रियंका गांधी



वह वायनाड को अपना परिवार बता रहे, हिंदी में कहावत है कि लोग रंग बदलते हैं, लेकिन परिवार बदलते पहली बार देखा।
- स्मृति इरानी



भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। फेयर चुनाव हुआ और गड़बड़ी नहीं हुई तो जुमलेबाजी, गारंटी वाली बातें कुछ काम नहीं आने वाली।
- मायावती



जिन्होंने भाजपा को पैसा दिया, आपने वो तारीखें क्यों छिपाईं? यह दुनिया की सबसे बड़ी लूट-खसोट वाली स्कीम है।
- राहुल गांधी



समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आज आईसीयू में हैं और जनता दोनों ही पार्टियों को ऑक्सीजन देने के लिए तैयार नहीं हैं।
- केशव प्रसाद मौर्य

# तीन स्तरों से प्रेक्षक रखेंगे मतदान पर नजर

## 7582 मतदेय स्थलों पर होगी वेबकास्टिंग | 1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी होगी व्यवस्था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव के लिए चुनाव प्रेक्षक मतदान पर सतर्क नजर रखेंगे। 7582 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग होगी। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 1510 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 14,845 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7,693 मतदान केन्द्र हैं। इन मतदेय स्थलों में से 3571 संवेदनशील हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से आठ सामान्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक व 10 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा अतिरिक्त 1272 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 150 जोनल मजिस्ट्रेट, 103 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 1861 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 4083 भारी वाहन, 5058 हल्के वाहन व 65380 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं। मतदान के बाद स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। चरण के निर्वाचन के दौरान अर्द्ध सैनिक बलों-पुलिस बलों के तैनाती में आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायतार्थ एयर एम्बुलेंस व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन मुरादाबाद व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन बरेली में रहेगी।

### 111 आदर्श मतदेय स्थल

पहले चरण में चरण में कुल 111 आदर्श मतदेय स्थल, 45 महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 36 समस्त युवा कर्मी मतदेय स्थल व 32 दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

### सबसे अधिक प्रत्याशी कैराना में

कुल 80 प्रत्याशियों में सात महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 14 प्रत्याशी कैराना क्षेत्र में हैं व सबसे कम प्रत्याशी नगीना (अजा) व रामपुर निर्वाचन क्षेत्र में हैं, जहां छह-छह प्रत्याशी हैं।

### सबसे ज्यादा मतदाता मुरादाबाद में, नगीना में कम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता मुरादाबाद व सबसे कम मतदाता नगीना (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। कैराना से 14 प्रत्याशी व कुल मतदाताओं की संख्या 17,22,432 है, जिसमें पुरुष 9,21,832, महिला 8,00,504 तथा थर्ड जेन्डर 96 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1750 मतदेय स्थल है। मुजफ्फरनगर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 18,17,472 है, जिसमें पुरुष 9,68,869, महिला 8,48,460 तथा थर्ड जेन्डर 143 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1698 मतदेय स्थल हैं। बिजनौर से 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 17,38,307 है, जिसमें पुरुष 9,23,530, महिला 8,14,693 तथा थर्ड जेन्डर 84 है। इस निर्वाचन क्षेत्र में 1837 मतदेय स्थल है। नगीना (अ0जा0) से छह प्रत्याशी चुनाव मैदान में खड़े है। कुल मतदाताओं की संख्या 16,44,909 है, जिसमें पुरुष 8,72,364, महिला 7,72,485 तथा थर्ड जेन्डर 60 है।

## इलेक्शन बॉयस्कोप



लखनऊ: चुनाव के प्रचार का जोर और शोर भले दिखायी, सुनायी न दे रहा हो, लेकिन, राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री बेचने वाली दुकानें पूरी तरह सजी-धजी नजर आ रहीं हैं। दरअसल, लखनऊ की ऐसी दुकानों से आसपास के जिले से आकर भी अलग-अलग पार्टियों के समर्थक झण्डा-बैनर खरीद कर ले जाते हैं। अमृत विचार

## भविष्यवाणियों पर भी मुहर लगाएगा वेस्ट यूपी का वोटर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुक्रवार को संपन्न होगा। इस चरण में पश्चिम उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाली आठ सीटों पर एनडीए मजबूती से ताल ठोक रहा है। दरअसल, पिछले लोकसभा चुनाव में इन 8 सीटों में से 4 सीटों पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा था। हालांकि, विभिन्न चैनलों के ओपिनियन पोल में इस बार इन सभी 8 सीटों पर अलग-अलग तरह की भविष्यवाणी की जा रही है। एनडीए के लिए हो रही भविष्यवाणी के पीछे डबल इंजन की सरकार द्वारा हर तबके और हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना भी अहम फैक्टर माना जा रहा है। खासतौर पर राज्य सरकार ने केंद्र की योजनाओं को जिस तरह बिना लीकेज जन-जन तक पहुंचाया है, उसके चलते समझा जा रहा है कि मतदाताओं के मन मे एनडीए की सकारात्मक छवि बनी है। वहीं, कहीं युवाओं का मन टटोल कर तो कहीं जात-बिरादरी और उम्मीदवार को लेकर छायी नाराजगी के बहाने सपा-कांग्रेस गठबंधन का वजन बढ़ा बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि, क्षेत्रीय स्तर पर गुटबंदी का फायदा विपक्ष को भी मिल सकता है। बहरहाल, भाजपा को उप्र. में अपने सबसे बड़े स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ पर पूरा भरोसा है। इन सभी सीटों पर वह तूफानी रैलियां कर चुके हैं। उन्होंने भी भविष्यवाणी की थी कि पहले ही चरण से एनडीए अपने विपक्षी दलों पर बढ़त हासिल कर लेगा।

- पिछले लोकसभा चुनाव में पहले चरण की 8 सीटों में से 4 पर भाजपा, जबकि 3 पर बसपा और एक पर सपा का कब्जा

## 57 वर्षों के इतिहास में 9 सांसदों ने किया है अमेठी का प्रतिनिधित्व

# 3 सांसद रहे अपराजित, 6 को मिल चुकी है पराजय


नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

### ये सांसद रहे अपराजित

| | |
|---|---|
| 1967, 71 | विद्याधर वाजपेई |
| 1981, 84, 89, 91 | राजीव गांधी |
| 1999 | सोनिया गांधी |

**अमृत विचार।** अमेठी लोकसभा के चुनावों में तीन सांसद ही ऐसे हुए हैं जिनको अमेठी की जनता ने कभी हार का स्वाद नहीं चखाया। अब तक हुए 09 सांसदों में तीन ही अजेय रहे हैं, बाकी के 06 सांसद ऐसे रहे हैं जिन्हें कभी ना कभी अमेठी में पराजय का सामना करना पड़ चुका है।

1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोकसभा सीट का 57 वर्षों का इतिहास देखें तो अब तक कुल 16 बार चुनाव हुए हैं, जिसमें विजयी हुए 09 सांसदों ने अब तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया है। विद्याधर बाजपेई, राजीव गांधी और सोनिया गांधी ही ऐसे सांसद हैं जो अमेठी में अजेय रहे। 1967 में सबसे पहले कांग्रेस से विद्याधर बाजपेई सांसद बने। उन्होंने 1971 का भी चुनाव जीता। इसके बाद उन्होंने चुनाव भी नहीं लड़ा। दोनों चुनाव जीतने से अमेठी के पहले सांसद रहे विद्याधर बाजपेई अजेय रहे। संजय गांधी के निधन के बाद अमेठी आए राजीव गांधी ने 1981, 1984, 1989 और 1991 में चुनाव जीतकर लगातार 10 वर्षों तक अमेठी का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें भी कभी पराजय का सामना नहीं करना पड़ा। अमेठी के अजेय योद्धाओं में उनका नाम लिया जाता है। सोनिया गांधी ने अमेठी से सिर्फ 1999 में ही चुनाव लड़ा। और जीतने के बाद वो रायबरेली चली गई। जिससे उन्हें भी कभी अमेठी में हार नहीं मिली। इसके अलावां रवींद्र प्रताप सिंह, संजय गांधी, सतीश शर्मा, संजय सिंह, राहुल गांधी व स्मृति इरानी ऐसे सांसद हैं जिन्हें जीतने के बाद या फिर पहले पराजय का सामना करना पड़ चुका है।



### इन सांसदों को मिल चुकी है हार

| वर्ष | हारे सांसद | कितने वोटों से मिली हार |
|---|---|---|
| 1977 | संजय सिंह | 75844 |
| 1980 | रवीन्द्र प्रताप सिंह | 128545 |
| 1998 | सतीश शर्मा | 23270 |
| 1999 | संजय सिंह | 300012 |
| 2014 | स्मृति इरानी | 107903 |
| 2019 | राहुल गांधी | 55120 |

# लोस चुनाव का शोर, रायबरेली में अभी नहीं पकड़ रहा जोर

## कांग्रेसियों को प्रियंका के आने की उम्मीद

## भाजपा खेमा रुको-देखो की रणनीति पर

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में सियासी हलचल बढ़ने लगी है। रायबरेली सीट पर गांधी परिवार ने प्रियंका को उतरने के संकेत भी दे दिए है। वहीं, भाजपा अभी भी कांग्रेस के पत्ते खोलने का इंतजार कर रही है। वर्तमान में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व प्रत्याशी रह चुके अधिवक्ता अजय अग्रवाल, पूर्व सांसद व हाई कोर्ट के अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह लोगों के बीच जाकर मजबूत अपनी-अपनी दावेदारी की पेशबंदी कर रहे हैं। इसके अलावा कई और नामी-गिरामी हस्तियां भी दावेदारी करते नजर आ रहीं हैं।

दूसरी ओर बसपा की बात करें तो अभी भी पार्टी की तरफ से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है। संभवतः उसे भी पहले कांग्रेस से उम्मीदवार के सामने आने का इंतजार है। ऐसे में राजनीतिक पार्टी ही नहीं बल्कि स्थानीय जनता भी कांग्रेस उम्मीदवार की सूरत स्पष्ट होने को बेकरार है। वीआईपी सीटो में शुमार कांग्रेस का गढ़ रही रायबरेली सीट पर लगातार सोनिया गांधी ने चार बार जीत दर्ज की है, जबकि इससे पहले भी कांग्रेसी ही ज्यादातर जीत दर्ज कराते रहे। नेहरू गांधी परिवार से ताल्लुक रखने वाले उम्मीदवारों की जीत होती रही है। इस बार जहां देश मे इंडिया बनाम एनडीए के मध्य चुनाव हो रहा है। दोनों गठबंधन अपने अपने मुद्दे लेकर जनता के बीच जा रहे है।

इन सबके बीच अभी तक रायबरेली में भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशियों को लेकर पत्ते नही खोले है। दोनों पार्टियां एक दूसरे के ताक में है, जबकि 26 अप्रैल से नामांकन भी होने है। सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद अब कांग्रेस से किसी नए चेहरे का आना तय है। ऐसे में पार्टी के पदाधिकारियों की माने तो पार्टी की तेज तर्रार नेता सोनिया गांधी की बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा इस बार रायबरेली से अपनी सियासी पारी का आगाज कर सकती है। प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस खेमे में उत्साहित है, लेकिन जमीनी स्तर पर चुनाव का माहौल काफी सुस्त है। वही भाजपा की ओर से भी अभी तक किसी के नाम की घोषणा नही कि गई है। उप्र. की दो सीटें जहां पर भाजपा ने अपने प्रत्याशी नही उतारे है उनमें एक सीट रायबरेली भी है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस से बागी होकर सोनिया गांधी के सामने सियासी ताल ठोंकने वाले दिनेश प्रताप सिंह भाजपा को जीत तो नही दिला सके बल्कि कांग्रेस की रिकार्ड जीत को जरुर कम किया था। इस बार भी वह तेजी से अपने समीकरण बनाने में जुटे है, लेकिन अभी किसी के नाम की घोषणा नही हुई है।




### 1952 से अब तक सिर्फ तीन बार चुनाव हारी है कांग्रेस

उप्र में रायबरेली का जिक्र आते ही मस्तिष्क में वीआइपी जिले का नक्शा आ जाता है। कारण भी साफ है क्योंकि इसी सीट से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी लड़ चुकी हैं। वह जीतीं भी और उन्हें खाटी समाजवादी राजनारायण के हाथों हारना भी पड़ा। यह वही सीट है जहां नेहरू-गांधी परिवार की दो पीढ़ियों का सीधा नाता रहा है। इतना ही नहीं, इस परिवार ने जिसे भी यहां से खड़ा किया उसने जीत का परचम फहराया। इसे कांग्रेस का गढ़ भी कहा जाता है क्योंकि जब उप्र. में इस दल का सूपड़ा साफ हो गया तो इसी जिले ने लाज भी बचाई। 1952 से लेकर 2014 तक की चुनावी तस्वीर बताती है कि, सिर्फ तीन बार कांग्रेस हारी है। जबकि, फिरोज गांधी से लेकर इंदिरा गांधी, शीला कौल, अरुण नेहरू, सतीश शर्मा जैसी बड़ी हस्तियां यहां से चुनाव जीतकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंच चुकी हैं।


# आईना : रायबरेली लोकसभा सीट

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| सोनिया गांधी | 534,918 |
| दिनेश प्रताप सिंह | 367,740 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | सोनिया गांधी | 526,434 |
| भाजपा | अजय अग्रवाल | 173,721 |
| बसपा | प्रवेश सिंह | 63,633 |
| एएपी | अर्चना श्रीवास्तव | 10,383 |

2014 नोटा 5,409 | 2019 नोटा 10,252



### निर्वाचित सांसद


| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952,57 | फिरोज गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1960 | आरपी सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | बैजनाथ कुरील | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | इंदिरा गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | इंदिरा गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | राज नारायण | जनता पार्टी |
| 1980 | इंदिरा गांधी व अरुण नेहरू | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | अरुण नेहरू | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 व 91 | शीला कौल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1996 व 98 | अशोक सिंह | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004,06,09,14 व 19 | सोनिया गांधी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | सोनिया गांधी | 481,490 |
| बसपा | आरएस कुशवाह | 1,09,32 |
| बीजेपी | आरबी सिंह | 25,444 |

2024

| | | |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | - | 2139284 |
| पुरुष मतदाता | - | 1116539 |
| महिला मतदाता | - | 1022706 |




# सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग चलाते थे दंगा पॉलिसी, हम विकास की पॉलिसी : योगी

## योगी ने बुलंदशहर, मेरठ और गाजियाबाद में चुनावी जनसभाओं को किया संबोधित

## गौतमबुद्ध नगर, मेरठ-हापुड़ और गाजियाबाद सीटों पर रैली कर भाजपा प्रत्याशियों का किया प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पश्चिमी उप्र. की तीन लोकसभा सीटों पर प्रचार किया। उन्होंने गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा, मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण गोविल और गाजियाबाद सीट से पार्टी प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में चुनावी जनसभाएं कीं। इस दौरान उनके निशाने पर कांग्रेस, सपा और बसपा रही।

भाजपा मुख्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, जनसभाओं उन्होंने कहा कि रामनवमी पर अयोध्या में राम के भव्य सूर्य तिलक को देख हर कोई अभिभूत रह गया। उन्होंने सवाल भी पूछा कि अगर कांग्रेस, सपा या बसपा की सरकार होती तो क्या अयोध्या में राम का भव्य मंदिर बन पाता। योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक रूप से तबाह हो रहे पाकिस्तान की दुर्दशा का भी जिक्र किया, कहा कि एक तरफ भारत 80 करोड़ लोगों को पिछले चार साल से मुफ्त राशन दे रहा है और अगले 5 साल तक देता रहेगा, वहीं 22 करोड़ की आबादी वाले पाकिस्तान में लोग भूखों मर रहे हैं।

बुलंदशहर में गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के लिए आयोजित रैली के दौरान उन्होंने कहा कि आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को ''राम-राम'' और माफिया-अपराधियों के लिए ''राम नाम सत्य'' की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। सीएम योगी ने यहां गौतमबुद्ध नगर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के वोट की अपील की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



मेरठ में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंट करते मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण गोविल।

### आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है

मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट के लिए किठौर में प्रचार की कमान संभालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक साथ ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुए। लेकिन आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है। भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है, बंटवारे के समय उनके हिस्से उर्वरा भूमि गई, बावजूद इसके आज पाकिस्तान की जनता भूखों मर रही है। वहीं पाकिस्तान की आबादी से भी अधिक लोग भारत में पिछले 10 साल में गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं।

## चुनावी चक्कर

- **मिशन 80 साधने को खुद मोर्चा संभालेंगे मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में फिर चुनावी माहौल गरमाने को रुहेलखंड में कई रैलियां करेंगे। 26 अप्रैल को मोदी बरेली में भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल सिंह गंगवार के पक्ष में रोड शो करेंगे। इसी बीच, शाम को प्रधानमंत्री करीब एक घंटे जनता के बीच होंगे। जबकि, इससे एक दिन पहले 25 अप्रैल को बदायूं और शाहजहांपुर में उनकी चुनावी रैलियां होनी हैं। मोदी के रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। बरेली के भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि 26 अप्रैल को अपराह्न 4 बजे प्रधानमंत्री बरेली में रोड शो की शुरुआत करेंगे। वह करीब एक घंटे तक बरेली में रहेंगे। राम मंदिर के लोकार्पण के बाद मोदी पहली बार बरेली आएंगे। ऐसे में इस रोड शो में उनका आभार भी प्रकट किया जाएगा।
- **चौराहे पर संवाद किया और हो गई एफआईआर :** मछली शहर लोकसभा से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार प्रिया सरोज पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में जौनपुर के मड़ियाहूं में मुकदमा दर्ज हुआ है। इस पर प्रिया का तर्क है कि जब से उन्हें चुनाव मैदान में उतारा गया है तब से भाजपा को हार का डर सताने लगा है। यही कारण है कि नियमों का पालन करते हुए जनसंपर्क किए जाने पर भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। दरअसल, मड़ियाहूं कोतवाली के सामने गांधी तिराहे पर जनसंपर्क के दौरान उन्होंने संवाद किया था। आरोप है कि इसकी पूर्व अनुमति नहीं ली गई। इसलिए उड़ान दस्ता टीम ने उन पर कार्रवाई करा दी। बहरहाल, प्रिया सरोज कहतीं हैं कि भाजपा लाख कोशिश कर ले, लेकिन वह डरने वाली नहीं। वहीं प्रिया सरोज के पिता मछली शहर के पूर्व सांसद तूफानी सरोज का कहना है कि तहसील मुख्यालय होने के चलते वहां पर कुछ लोग एकत्र हो गए थे। कार्यक्रम में सपा का तो कोई कार्यकर्ता ही नहीं था।

# प्रधान शिक्षिका ने सहायक शिक्षिका को दांत से काटा, दोनों निलंबित

## विद्यालय में फेशियल कराने का वीडियो बनाने पर हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



चोटें दिखाती सहायक शिक्षिका।

- एक शिक्षिका ने दूसरे के शरीर को जगह-जगह दांतों से काटकर किया लहुलुहान

**अमृत विचार :** बीघापुर तहसील व ब्लाक क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका का फेशियल कराते हुए वीडियो बनाना न सिर्फ सहायक शिक्षिका को महंगा साबित हुआ। बल्कि, बीएसए ने दोनों को निलंबित भी कर दिया है। दोनों शिक्षिकाओं के बीच तहसीलदार द्वारा निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षिका को अनुपस्थित दर्शाए जाने को लेकर बीते एक माह से तनातनी चली आ रही थी। बीईओ शुची गुप्ता ने बताया कि जांच आख्या भेजते हुए शिक्षिकाओं को निलंबित करने की संस्तुति भेजी है।

बीघापुर ब्लाक क्षेत्र के दुंदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय की सहायक शिक्षिका एक अन्य सहयोगी शिक्षिका विज्ञानकी से फेशियल करा रही प्रधान शिक्षिका का वीडियो बना रही थी। सहयोगी शिक्षिका को वीडियो बनाते देख प्रधान शिक्षिका ने उसे डिलीट कराने का दबाव बनाया। इस दौरान दोनों के बीच हाथापाई होने लगी। एक शिक्षिका ने दूसरे के शरीर को जगह-जगह दांतों से काटकर लहुलुहान कर दिया। यह बात शिक्षकों के बीच से आम लोगों के बीच ही नहीं बीएसए संगीता सिंह तक पहुंच गई। उन्होंने बीईओ को विद्यालय पहुंचकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बीईओ विद्यालय पहुंचती, इससे पहले ही दोनों शिक्षिकाएं बीघापुर थाने पहुंचकर अपनी-अपनी तहरीर दे चुकी थीं। सीओ बीघापुर माया राय ने बताया कि इस मामले में विधिक करवाई की जा रही है। वहीं, बीएसए संगीता सिंह ने बताया कि दोनों शिक्षिकाओं को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच बीईओ सिकन्दरपुर सरोसी को सौंपी गई है।

# सपना चौधरी को मिली बड़ी राहत

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गायिका सपना चौधरी को बड़ी राहत देते हुए, उनके पासपोर्ट के नवीनीकरण पर विचार का आदेश रीजनल पासपोर्ट ऑफिसर को दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने सपना चौधरी की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से पासपोर्ट नवीनीकरण का निर्देश देने संबंधी एक प्रार्थना पत्र अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ की कोर्ट में उसके द्वारा दिया गया था। हालांकि उक्त प्रार्थना पत्र निचली अदालत ने खारिज कर दिया। याची की ओर से दलील दी गई कि पासपोर्ट नवीनीकरण में बाधा आने के कारण वह विदेश नहीं जा पा रही है। न्यायालय ने सपना चौधरी को 20 दिनों में नवीनीकरण के लिए प्रार्थना पत्र देने का आदेश दिया।



# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर लगाया 5 लाख का जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- बिजनौर में मध्य गंगा नहर चरण-द्वितीय परियोजना में अनुबंध को लेकर हुआ था विवाद

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनावश्यक मुकदमेबाजी को बढ़ावा देने पर राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि निरर्थक मुकदमेबाजी के मामलों में जुर्माना लगाना केवल एक दंडात्मक उपाय नहीं है बल्कि न्यायिक प्रणाली की अखंडता को बनाए रखने और कानूनी प्रक्रियाओं के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक उपकरण है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से कहा कि जुर्माने के प्रावधानों को तुच्छ मुकदमेबाजी के लिए एक निवारक के रूप में अपनाना चाहिए।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि जहां मुकदमेबाजी तुच्छ और कष्टप्रद होती है, वहां जुर्माना लगाकर अदालतें कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग को रोकने और वैध दावेदारों की न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के बीच संतुलन बनाती हैं। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ की एकलपीठ ने राज्य सरकार की ओर से दाखिल याचिका को 5 लाख के जुर्माने के साथ खारिज करते हुए की। न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग पर कोर्ट ने अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को जुर्माने की राशि आदेश के चार हफ्तों के भीतर विपक्षी राजवीर सिंह को देने का निर्देश दिया है। दरअसल सरकार और विपक्षी के बीच बिजनौर में मध्य गंगा नहर चरण-द्वितीय परियोजना के तहत मुख्य नहर से 5.355 किलोमीटर पर क्रॉस ड्रेनेज के निर्माण के लिए एक अनुबंध किया गया था।

उपरोक्त अनुबंध में पक्षकारों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया, जिससे वर्तमान मामला उत्पन्न हुआ। वर्तमान याचिका में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिजनौर और वाणिज्य न्यायालय, मुरादाबाद के आदेशों को चुनौती दी गई है।

## सार-संक्षेप

### कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक को मिली आंशिक राहत



**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के आचार संहिता उल्लंघन मामले को भूपेश बघेल के मामले के साथ आगामी 23 अप्रैल को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है और मुकदमे की अगली सुनवाई तक याची के खिलाफ किसी भी प्रकार की उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने पंखुड़ी पाठक की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार वर्ष 2022 में चुनाव प्रचार के दौरान कोविड और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर नोएडा विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर ने कोतवाली सेक्टर 113 पुलिस से शिकायत की कि आदर्श आचार संहिता लागू है लेकिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पांच से अधिक व्यक्तियों के साथ घर-घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी पंखुड़ी पाठक के पक्ष में वोट मांग रहे हैं। इसके बाद 16 जनवरी 2022 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं और महामारी रोग अधिनियम की धारा 3 के तहत भूपेश बघेल और पंखुड़ी पाठक के साथ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस स्टेशन सेक्टर 49 नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बृहस्पतिवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 14 मार्च 2024 को याची और भूपेश बघेल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था और भूपेश बघेल को अंतरिम राहत पहले ही मिल चुकी है।

### बेटे के जन्मदिन पर पिता ने लगायी फांसी

**फर्रुखाबाद,एजेंसी :** जिले के राजेपुर क्षेत्र में गुरुवार को एक व्यक्ति ने अपने पुत्र के जन्मदिन पर कथित रुप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम बदनपुर निवासी अरविंद उर्फ अभय प्रताप सिंह (36) दिल्ली में नौकरी करता था और उसकी पत्नी फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसैनी में अपने सात वर्षीय पुत्र सोना के साथ किराए पर रह रही थी। दो दिन पहले अरविंद घर आया था। आज तड़के अपनी पत्नी से अपने घर ग्राम बदनपुर जाने की कहकर निकाला था। इसके बाद ग्राम बदनपुर समीपवर्ती एक खेत में खड़े पेड़ पर उसका का शव फांसी पर लटका हुआ देखा गया। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की ,लेकिन आत्महत्या का कारण पता नहीं चल सका है।

### 16 सीटों के लिए कांग्रेस के मीडिया प्रभारी नियुक्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने 16 लोकसभा सीटों के लिए अलग-अलग मीडिया प्रभारी नियक्त किये हैं। कानपुर के एडवोकेट प्रदीप सिंह व प्रेम नारायण पाल, रायबरेली के लिए सुशील पासी व सुधा मिश्रा, अमेठी के लिए पुनीत पाठक, प्रियंका गुप्ता, सीतापुर के लिए प्रियंका गुप्ता व सचिन रावत मीडिया प्रभारी बनाये गये हैं। इसके अलावा आगरा लोकसभा के लिए सैयद इब्राहिम हुसैन जैदी व फतेहपुर सीकरी के लिए पवन कुमार शर्मा मीडिया कोआर्डीनेटर बनाये गये हैं।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक मामले में शामिल दो आरोपियों को मेरठ से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों का प्रिंटिंग प्रेस से संपर्क बताया जा रहा है। इस मामले में अब तक मुख्य आरोपी सहित 12 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एसटीएफ मेरठ इकाई ने गुरुवार की शाम चार बजे मोदीपुरम फ्लाइओवर पल्लवपुरम से अजीत चौहान और अजय कुमार चौहान को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से दो प्रश्नपत्र की प्रति, एक उत्तर कुंजी, तीन मोबाइल और एक ब्लैक स्कार्पियो बरामद की गई है। एसटीएफ अफसरों का कहना है कि पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ में इन दोनों अभियुक्तों के नामों का पता चला था। गौरतलब हो कि प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक एसटीएफ ने दीप उर्फ दीपक, बिट्टू, प्रवीण, रोहित, नवीन कुमार, साहिल, अभिषेक शुक्ला, शिवम गिरि, रोहित पांडेय, सतीश धनकड़, राजीव नयन मिश्रा और रवि अत्री को गिरफ्तार किया है। पेपर लीक मामले में अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# बाराबंकी में ट्रेन के आगे कूद प्रेमी युगल ने दी जान

संवाददाता, बाराबंकी

- धर्म अलग होने के चलते जुदाई के डर का अंदेशा जता रही पुलिस

**अमृत विचार :** मसौली थाना क्षेत्र के के पहलीपर गांव के पास गुरुवार की सुबह बाराबंकी-गोंडा रेल खंड पर प्रेमी युगल के शव रेलवे लाइन पर पड़े मिले। दोनों अलग-अलग धर्मों के थे। आशंका जतायी जा रही है कि दोनों ने ट्रेन से कटकर जान दे दी है। पुलिस ने मौके से युवक का आधार कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया। जिससे दोनों की शिनाख्त हो सकी।

मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत पहलीपर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर गुरुवार को ग्रामीणों ने प्रेमी युगल का शव देखा। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर एक बाइक खड़ी मिली। मृतकों की पहचान अयोध्या जिले के मवई थाना क्षेत्र के पकरिया निवासी शैलेंद्र कुमार दुबे उर्फ जैकी पुत्र पवन कुमार (22) और माहे निगार पुत्री इबरार (26) के रूप में हुई। दोनों एक दिन पहले शाम को दवा लेने के बहाने गांव से निकले थे। पुलिस के मुताबिक युवती मुस्लिम होने के साथ शादीशुदा भी थी। जबकि जैकी की गुरुवार को ही वरीक्षा होनी थी। 26 अप्रैल को उसका विवाह होना है।

मौके पर पहुंचे जैकी के चाचा हरिनरायण दुबे ने बताया कि माहे निगार की शादी अमेठी में हुई थी। माहे निगार करीब दस दिनों पहले ही ससुराल से गांव आयी थी। पड़ोसी होने के नाते बुधवार की शाम को माहेनिगार की दवा लेने के लिए दोनो मोटरसाइकिल से निकले थे। एएसपी (उत्तरी) चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि प्रथमदृष्टया ऐसा लग रहा है कि जुदा होने के डर से दोनों ने आत्महत्या की है।

# नेत्रहीनों ने रामचरित मानस का पाठ कर मनायी रामनवमी

**देवरिया, एजेंसी :** श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या से हटकर देवरिया जिला मुख्यालय से करीब बीस किमी दूर गौरी बाजार विख्यात खंड के ग्राम बागापार में दिव्यांगों द्वारा अद्भुत तरीके के मनाई गई रामनवमी की क्षेत्र में काफी चर्चा है। ग्राम बागापार निवासी अक्षय यादव जन्म से ही नेत्रहीन हैं और बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत है। यादव की किशोर काल से ही पूजा पाठ में विशेष रूचि रही है। इस रूचि में अपनी दिव्यांगता को कभी रोड़ा न मानने वाले यादव ने रामनवमी के दिन अपने घर चौबीस घंटे का मानस पाठ रखा। इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी वाचक भी नेत्रों से दिव्यांग हैं और इनकी रामचरित मानस की पुस्तक भी ब्रेन लिपि में है। गुरुवार को मानस सम्पन्न हुआ। इस मानस पाठ में क्षेत्र के लोगों ने काफी बढ़चढ़ हिस्सा लिया।

# सांसद हाजिर हों, जनता को जवाब दें : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कन्नौज से कौन के सवाल पर सपा सुप्रीमो बोले, साइकिल चुनाव निशान और मैं यहां हूं



**अमृत विचार :** सांसद हाजिर हों, जनता को जवाब दें। पूरे पांच साल तक सांसद ने कुछ विकास नहीं कराया, अब जनता पूछेगी कि सांसद हाजिर हों, जनता को जवाब दें कि पूरे पांच वर्ष में क्या विकास कराया? यह सवाल यहां 18 दिन में दूसरी बार पहुंचे सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए उछाला। वह भूड़पुर्वा गांव में करीब दो माह पहले आत्महत्या करने वाले युवक के घर पहुंचे थे।

पत्रकारों से रूबरू अखिलेश ने कहा कि प्रदेश में सपा सरकार में सबसे अधिक विकास कार्य किये गये। कन्नौज में विशिष्ट मंडी, परफ्यूम पार्क, एक्सप्रेस वे समेत कई अन्य विकास कराए गए पर भाजपा सरकार ने इनको आगे नहीं बढ़ाया। विकास कार्य पूरे हो जाते तो बेरोजगारों को काम मिलता। सपा मुखिया गुरुवार को पार्टी कार्यालय में सपा के सेक्टर प्रभारियों की बैठक लेने आये थे। दो घंटे की बैठक में उन्होंने जिम्मेदारियां सौंपीं और वरिष्ठ नेताओं से बात की। इसके बाद वह भूड़पुर्वा गांव पहुंचे जहां बेरोजगारी से तंग आकर आत्महत्या करने वाले बृजेश पाल के पिता से मिले। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यदि भाजपा नौकरी दे देती तो बृजेश आत्महत्या न करता। भाजपा ने दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन नौकरियां नहीं दीं। सिपाही परीक्षा में 60 लाख बेरोजगार परीक्षा में बैठे पर पेपर लीक करा दिया गया। इससे परीक्षा निरस्त करनी पड़ी। इस चुनाव में पीएम, सीएम से लेकर कई मंत्री वोट मांगने आएंगे पर किसी ने जिले के विकास कराने पर नहीं सोचा। जनता ने सपा को फिर से मौका दिया तो वह जिले का विकास कराएंगे। अखिलेश ने कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के सवाल पर गोलमोल जवाब दिया कि साइकिल चुनाव चिह्न है और वह यहां हैं। कहा कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के पाल, वर्मा समेत कई समाज के लोग भाजपा से नाराज हैं। इससे भाजपा को करीब दो लाख वोटों का नुकसान होगा। कहा कि बेरोजगारी व महंगाई को लेकर इंडी गठबंधन बनाया है। गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक गठबंधन के प्रत्याशी विजयी होंगे। चुनाव का पहला चरण गठबंधन के पक्ष में जा रहा है। फरुर्खाबाद में उनके प्रत्याशी की जीत पक्की है। संजू कटियार के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि कुछ लोग अपनी जान बचाने के लिए भाजपा में जा रहे हैं।

# हाईवे पर तेज रफ्तार कार पलटी, 3 की मौत

संवाददाता, बाराबंकी



हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के शुक्लई गांव के पास गुरुवार को दिन में लगभग 11 बजे बलरामपुर से लखनऊ जा रही एक कार हाईवे पर बेकाबू हो गयी और पलटते हुए सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकरायी। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। इनमें से दो लोगों को सऊदी अरब जाना था। बलरामपुर जिले के सादुल्लाह नगर निवासी अब्दुल खालिद, जुनैद अहमद, अब्दुल मुईन और जमशेद कार से लखनऊ स्थित अमौसी एयरपोर्ट जा रहे थे। तभी इनकी कार लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर अचानक अनियंत्रित हो गई।

कार पलटते हुए हाईवे किनारे पटरी पर लगे पेड़ से जा टकराई। हादसे में अब्दुल खालिद, जुनैद अहमद और अब्दुल मुईन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जमशेद घायल हो गया। जुनैद और अब्दुल मुईन को सऊदी अरब जाना था।

### सीए समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**अमेठी/प्रतापगढ़, अमृत विचार :** सुलतानपुर में धार्मिक स्थल पर दर्शन पूजन करने गए लोगों को लेकर वापस लौट रही बोलेरो की अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर दुर्गापुर में भीषण टक्कर हो गई जिससे बोलेरो पलट गई। हादसे में बोलेरो सवार सीए समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। प्रतापगढ़ के नगर पंचायत अंतू के डंडवा निवासी 64 वर्षीय बाबूलाल वर्मा अपने परिवार के साथ बुधवार देर रात घर वापस आ रहे थे। अमेठी जिले के पीपरपुर क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर स्थित दुर्गापुर चौराहे पर पहुंचते ही प्रयागराज से अयोध्या जा रही बस की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों व पुलिस ने बोलेरो में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला। घायलों को जिला अस्पताल सुल्तानपुर ले गए। वहां पर इलाज के दौरान बाबूलाल, जितेंद्र वर्मा, सचिन की मौत हो गई। मृतक जितेंद्र वर्मा की दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी। वह मुंबई में चार्टर्ड एकाउंटेंट था। दो दिन पहले वह मुंबई से घर आया था।

# रामपुर सपा जिलाध्यक्ष की मतदान से पहले आजम से जेल में मुलाकात

संवाददाता, सीतापुर

- मतदान बहिष्कार ऐलान के बाद दूसरी बार मिलने पहुंचे सपा जिलाध्यक्ष



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले जेल में बंद पूर्व मंत्री आजम खां से बेटे अदीब और रामपुर सपा जिलाध्यक्ष ने मुलाकात कर सियासी गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। बेटे अदीब के साथ आजम की बहन ने भी जेल में मुलाकात की है। डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चली मुलाकात के बाद रामपुर में शुक्रवार को होने वाला मतदान काफी प्रभाव डाल सकता है। बेटे अदीब से मिलकर आजम परिवार को लेकर भावुक भी नजर आये।

बताते चलें कि रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम और पत्नी तंजीम सहित बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा सुनाई थी। रामपुर प्रशासन ने आजम को सीतापुर और बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट कर दिया था। जेल में बंद आजम खां से गुरुवार को हुई सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर, बेटे अदीब आजम और बहन निकहत अल्ताफ ने रामपुर से जेल पहुंचकर आजम से मुलाकात की। सूत्रों की मानें तो इस मुलाकात में पारिवारिक बातों पर कम रामपुर की लोकसभा सीट का भविष्य तय करने पर दिग्गज नेता आजम ने ज्यादा जोर दिया है। आजम का कुछ दिन पहले मतदान बहिष्कार का जारी हुए लेटर का घमासान अभी खत्म नहीं हुआ था और गुरुवार को बेटे अदीब के साथ सपा जिलाध्यक्ष की हुई मुलाकात कई मायनों में अहम मानी जा रही है। गुरुवार की दोपहर बेटे अदीब सहित तीनों ने जेल पहुंचकर ऑनलाइन मुलाकात पर्ची लगवाई।


## वर्ग पहेली-44

**बाएं से दाएं**

1. जिसे जीता न जा सके; अजेय।
2. 1. मुहल्ला, टोला 2. खेत की सीमा, हद 3. भैंस का नर बच्चा।
3. 1. बालक, पुत्र, शिशु 2. तर्पण, पितरों को जल देना।
5. ईख
6. 'चुर-चुर' ध्वनि उत्पन्न होना।
8. प्रकाश, उजाला।
10. कपड़े आदि के दो भागों को आपस में मिलाने और अलग करने वाला एक छोटा उपकरण, (चेन)।
11. 1. वेद-विधि अनुसार अनुष्ठान करना, यज्ञ करना 2. यज्ञभूमि 3. यज्ञस्थल।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पाश्चात्य दार्शनिक मेलब्रांश तथा ज्यूलोक का सिद्धांत 2. अवसर के अनुरूप कार्य कर अपना मतलब साधने का सिद्धांत।
4. 1. वह सोता जहां से पानी लगातार गिरता है 2. किसी चीज़ का लगातार गिरना 3. लगातार बहने वाली छोटी जल-धारा 4. अनाज छानने की एक छलनी 5. लंबी डंडी की एक झंझरीदार चपटी कलछी, पौना।
5. 1. दीपक, चिराग 2. सूर्य।
7. 1. बचपन, कम उम्र की अवस्था, लड़कपन 2. लघुता, छोटापन, छोटाई।
9. 1. नीति, ले जाना 2. अगुआ, नेता 3. युक्ति, उपाय 4. नेतृत्व।



### वर्ग पहेली -43 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 अ | ■ | ■ | 2 त |
| ■ | 3 इ | बा | द | त | ख़ा | ना |
| 4 टा | ■ | ■ | ल | ■ | ■ | सु |
| प | ■ | ■ | ब | ■ | 5 ले | ख |
| ना | ■ | 6 ग | द | न | ■ | ■ |
| ■ | 7 पा | य | ल | ■ | ■ | 8 फे |
| 9 गै | ली | ■ | ■ | 10 कौ | स | र |

## सुडोकू-123

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | | 2 | 5 | |
| | 5 | | | 1 | | | 4 | |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | | 6 | | 9 | | |
| | 1 | | | | | 8 | 6 | |
| 8 | | 9 | | 2 | | 4 | | |
| | | | 3 | | 9 | | | 6 |
| | 3 | | | 7 | | | 8 | |
| | | 4 | | 5 | | | | |

### सुडोकू -122 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 2 | 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 20 .04 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** – आज मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा।

**वृष** – आज काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। एसिडिटी के कारण पेट व सीने में जलन की समस्या हो सकती है। योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गंभीर रहें।

**मिथुन** – आज ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर काफी निर्भर हो सकते हैं। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं।

**कर्क** – आज कमीशन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही से बचें।

**सिंह** – आज कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आप बेहद आनंदित रहने वाले हैं। मित्रों से लंबी बातचीत हो सकती है। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी।

**कन्या** – आज कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। यात्राओं के लिए दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें।

**तुला** – आज भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें।


**धनु** – आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपके विरुद्ध गलत धारणा बना सकते हैं। आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है।

**मकर** – आज अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और दिनचर्या अनुशासित रखें। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी,लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे।

**कुंभ** – आज इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

**मीन** – आज जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस-एकादशी व्रत।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 10 .57 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
दिव्य शक्ति – सुबह : 08 .09
रेस – रात : 08 .39

SONY MAX
दिल तो बच्चा है – सुबह : 11 .44
पटेल की पंजाबी शादी – शाम : 06 .00

SONY PIX
मैड मैक्स फरी रोड – सुबह : 11 .00
एनाकोंडा – शाम : 06 .33

ZEE CINEMA
सनम – सुबह : 09 .45
सत्यमेव जयते – रात : 08 .20

colors CINEPLEX
फिर हेरा-फेरी – सुबह : 07 .57
आर राजकुमार – शाम : 06 .05

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम : 06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा
सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?
मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?
चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए
डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?
चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 1850, राज श्री 1320, फ़ॉर्चून कि. 1835, रविन्द्रा 1800, फॉर्चुन ली0 1685, जय जवान 1435, सचिन 1595, सूरज 1460, अवसर 1690, राग गोल्ड 1710, गृहणी 1610, क्लासिक (kg) 1700, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1730, आशीर्वाद मस्टर्ड 1725, स्वास्तिक 1820 ।किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 12000–18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950 । चावल–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 ।दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7175–7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500–11400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000–15400, अरहर कोरी छोटी 16500 । चीनी – डालमियां 4060, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010 (नयी), बहेड़ी 4020 ( नयी ) ।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 990, फ्लैग–1110, बोल्ड– 1160, डीएमओ– 880
**रामपुर :** शिवालिक–1000, फ्लैग–1105, डीएमओ–885, बोल्ड–1175

## सर्राफा

| कानपुर | |
| --- | --- |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 75400 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 56200–56400 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,600 |
| चांदी आभूषण | 84,000 |

### इंस्टामार्ट को ऑनलाइन खुदरा मंच से जोड़ेगी स्विगी

**नई दिल्ली।** होटलों से खाना ऑर्डर करने की सुविधा देने वाले स्विगी ने कहा कि वह स्विगी मॉल को सामान की आपूर्ति करने वाले इंस्टामार्ट से जोड़ेगा। ग्राहकों को किराने के अलावा व्यापक विकल्प देने के लिए यह पहल की गयी है। स्विगी मॉल बेंगलुरु के कुछ हिस्सों में ही है।

# चौथे दिन भी गिरावट जारी, सेंसेक्स 455 अंक टूटा

## नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और विदेशी निवेशकों के पलायन ने बढ़ाई चिंता

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच गुरुवार को चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। कारोबार के दूसरे हिस्से में मुनाफावसूली का जोर रहने से मानक सूचकांक सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार पलायन की चिंताओं ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स भारी उतार-चढ़ाव के बीच दोपहर बाद अचानक फिसल गया और अपना सारा शुरुआती लाभ गंवाते हुए नुकसान के साथ बंद हुआ। यह 454.69 अंक यानी 0.62 प्रतिशत कमजोर होकर 72,488.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के ऊपरी और निचले स्तर के बीच 1,107.38 अंक का भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। सेंसेक्स अपराह्न 1.31 बजे 73,135.5 अंक पर था लेकिन दो मिनट के बाद ही यह 72,817.03 पर आ गया, जो 318.47 अंक की तगड़ी गिरावट को दर्शाता है। एनएसई का निफ्टी भी 152.05 अंक यानी 0.69 प्रतिशत गिरकर 21,995.85 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान निफ्टी 22,326.50 के ऊपरी और 21,961.70 के निचले स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से नेस्ले में सर्वाधिक तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। कम विकसित देशों में अधिक चीनी की मौजूदगी वाले शिशु दूध उत्पादों की बिक्री करने की खबरें आने से नेस्ले के शेयर टूट गए। इसके अलावा टाइटन, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी गिरकर बंद हुए।

दूसरी तरफ भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, इन्फोसिस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद घटने से प्रभावित कारोबारी धारणा ने घरेलू सूचकांकों को दबाव में ला दिया। निवेशक आगे की दिशा के लिए चौथी तिमाही के नतीजों पर करीबी निगाह रखेंगे।एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

### निवेशकों को 9.30 लाख करोड़ का नुकसान



**नई दिल्ली।** बाजार में तेज गिरावट से चार दिनों में निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। नीतिगत दर में हाल–फिलहाल कटौती की उम्मीद कम होने, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को लेकर चिंताओं के बीच शेयर बाजार में गिरावट आई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इन चार दिनों में 9,30,304.76 करोड़ रुपये घटकर 3,92,89,048.31 करोड़ रुपये (4.70 लाख करोड़ डॉलर) रह गया है। बीएसई सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है।

### साउथ इंडियन बैंक की अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** साउथ इंडियन बैंक ने अपने डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण के लिए वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत बैंक अशोक लेलैंड लिमिटेड के डीलरों को डीलर फाइनेंस विकल्प प्रदान करेगा। साथ, साउथ इंडियन बैंक का लक्ष्य अशोक लेलैंड के डीलर भागीदारों को वाहन इन्वेंट्री फंडिंग को सुव्यवस्थित करने में मदद करना है। बैंक के वरिष्ठ महाप्रबंधक और समूह व्यवसाय प्रमुख बिजी एस.एस. ने कहा कि हम अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। अपने विविध वित्तीय समाधानों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डीलरों को सुविधाजनक और संपूर्ण वित्तपोषण विकल्प प्रदान करना है।

# शिशु आहार उत्पादों में पांच साल में चीनी 30% कम की

**नई दिल्ली, एजेंसी**




नेस्ले इंडिया ने दावा किया है कि उसने पांच वर्षों में भारत में शिशु आहार उत्पादों में चीनी में 30 प्रतिशत से अधिक की कमी की है। नेस्कैफे, सेरेलैक और मैगी जैसे उत्पाद बनाने वाली कंपनी ने उन खबरों के बीच स्पष्टीकरण दिया, जिसमें दावा किया था कि वह कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेच रही है।

स्विस एनजीओ पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) के निष्कर्षों के अनुसार, नेस्ले ने यूरोप के अपने बाजारों की तुलना में भारत सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि चीनी में कमी करना नेस्ले इंडिया की प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में हमने उत्पाद के आधार पर चीनी में 30 प्रतिशत तक की कमी की है। हम नियमित रूप से अपने उत्पादों की समीक्षा करते रहते हैं और पोषण, गुणवत्ता, सुरक्षा तथा स्वाद से समझौता किए बिना चीनी के स्तर को कम करने के लिए अपने उत्पादों में सुधार करते रहते हैं।

### एचडीएफसी लाइफ का चौथी तिमाही का लाभ 15% बढ़कर 412 करोड़

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध लाभ मार्च, 2024 को समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 14.7 प्रतिशत बढ़कर 412 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 359 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय 27,893 करोड़ रुपये रही, जो मार्च, 2023 तिमाही में 21,426 करोड़ रुपये थी। बीमा कंपनी की कुल प्रीमियम आय मार्च, 2024 तिमाही में बढ़कर 20,488 करोड़ रुपये रही, जो 2022-23 की चौथी तिमाही में 19,427 करोड़ रुपये थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 10 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर दो रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। यह वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। पूरे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए शुद्ध लाभ (पीएटी) 15 प्रतिशत बढ़कर 1,569 करोड़ रुपये रहा, जो 2022-23 में 1,360 करोड़ रुपये था।

# औद्योगिक अल्कोहल की नियमन शक्ति पर संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन, विनिर्माण, आपूर्ति और विनियमन के संबंध में केंद्र और राज्यों की शक्तियों के परस्पर व्याप्त होने के मुद्दे पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। औद्योगिक अल्कोहल मानवीय खपत के लिए नहीं है। इस अल्कोहल का इस्तेमाल औद्योगिक गतिविधियों के लिए ही किया जाता है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और विभिन्न राज्यों की तरफ से पेश हुए वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य सूची की आठवीं प्रविष्टि राज्यों को 'नशीली शराब' के उत्पादन, कब्जे, परिवहन, खरीद और बिक्री पर कानून बनाने की शक्ति देती है। वहीं संघ सूची की प्रविष्टि 52 और समवर्ती सूची की प्रविष्टि 33 में उन उद्योगों का उल्लेख है जिनका नियंत्रण "संसद के कानून द्वारा सार्वजनिक हित में सामयिक घोषित किया गया है।" संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, समवर्ती सूची में उल्लेखित विषयों पर संसद और राज्यों के विधानमंडल दोनों ही कानून बना सकते हैं लेकिन उसी विषय पर अगर कोई केंद्रीय कानून आता है तो उसे राज्यों के कानून पर प्रधानता मिलेगी।



## एक नजर

### बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला: विधायक को कागजात दाखिल करने को मिली मोहलत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालयों के लिए शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित मामले में जेल में बंद टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य को अपनी जमानत याचिका के पक्ष में अतिरिक्त कागजात पेश करने के लिए गुरुवार को कुछ मोहलत दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने भट्टाचार्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा की दलीलों पर विचार किया कि वह कुछ कागजात रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करना चाहते हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि वह सीबीआई के मुख्य मामले में आरोपी भी नहीं हैं। पीठ ने कहा कि वरिष्ठ वकील ने कुछ अतिरिक्त दस्तावेज रिकॉर्ड के तौर पर दाखिल करने के लिए समय मांगा है। इसे दो सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करें। पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भट्टाचार्य को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल 11 अक्टूबर को रात भर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

### सोशल मीडिया उपयोगकर्ता का दावा, इंडिगो में परोसे उपमा में सोडियम अधिक

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने दावा किया है कि इंडिगो एयरलाइन के विमान में यात्रियों को परोसे गए उपमा और पोहा में सोडियम की मात्रा मैगी से भी अधिक होती है। हालांकि, एयरलाइन ने इस दावे को नकारते हुए कहा है कि उसके डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों में नमक की मात्रा निर्धारित मानदंडों के भीतर ही है। रेवंत हिमतसिंग्का फूड फार्मर ने सोशल मीडिया पर कहा है कि इंडिगो की उड़ान में परोसे गए खाने से संबंधित एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, हम में से ज्यादातर लोगों को पता है कि मैगी में सोडियम बहुत अधिक होता है। लेकिन हम लोग यह नहीं जानते हैं कि इंडिगो के 'मैजिक उपमा' में मैगी से 50 प्रतिशत और पोहा से 83 प्रतिशत अधिक सोडियम है। इसके दाल–चावल में भी मैगी के बराबर सोडियम है। इंडिगो ने गुरुवार को इस दावे पर कहा कि कुछ डिब्बाबंद खाद्य उत्पादों की तैयारी पारंपरिक भारतीय पकवानों के अनुरूप की जाती है और नमक की मात्रा भी निर्धारित मानदंडों के भीतर होती है।

### प्रवासी मजदूर की हत्या के बाद आतंकवादी रोधी अभियान तेज करने के निर्देश

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश में प्रवासी मजदूर की हत्या के एक दिन बाद कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने घाटी में शेष आतंकी खतरों को खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों को आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करने का निर्देश दिया। बिरदी ने बुधवार की घटना के मद्देनजर सुरक्षा की समीक्षा के लिए यहां पुलिस नियंत्रण कक्ष में बैठक की। बिहार के बांका जिले के रहने वाले राजा शाह की अनंतनाग जिले के बिजबेहरा के जबलीपोरा में आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बिरदी ने कहा, शेष खतरों को खत्म करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों को बढ़ाएं और उनके सहयोगियों और राष्ट्र–विरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। इस बैठक में जम्मू–कश्मीर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल और अन्य एजेंसियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया था।

# ईडी ने केजरीवाल के भोजन पर झूठ बोला जान लेने का रच रहे षडयंत्र : आतिशी

## ईडी का दावा- मेडिकल आधार पर ज़मानत के लिए उच्च शर्करा वाले पदार्थ खा रहे सीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- विशेष न्यायाधीश ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को मामले में रिपोर्ट दायर करने का दिया निर्देश

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने गुरुवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में मिल रहे घर के भोजन को रोककर उनकी जान लेने का 'षडयंत्र' रचा जा रहा है। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी ने कोर्ट में दावा किया है कि आप प्रमुख 'टाइप 2' मधुमेह से पीड़ित होने के बावजूद आम और मिठाई जैसे उच्च शर्करा वाले खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि मेडिकल आधार पर ज़मानत मिल सके।

सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ईडी ने यह कहा। न्यायाधीश ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को मामले में रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया जिसमें केजरीवाल का भोजन का चार्ट भी शामिल हो। इसके कुछ घंटे बाद आतिशी ने आरोप लगाया।

संवाददाता सम्मेलन में आतिशी ने ईडी पर मुख्यमंत्री के भोजन के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा केजरीवाल के स्वास्थ्य को बिगाड़ने के लिए ईडी के जरिए कोशिश कर रही है। वे केजरीवाल को जेल में मिल रहे घर के भोजन को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी ने अदालत में झूठ बोला और कहा कि केजरीवाल मीठी चाय पी रहे हैं और मिठाई खा रहे हैं। यह झूठ है। केजरीवाल वैकल्पिक शर्करा से बनी चीजे ले रहे हैं।

आतिशी ने कहा कि ईडी ने अदालत को बताया कि केजरीवाल केले खा रहे हैं। कोई डॉक्टर आपको बताएगा कि मधुमेह के रोगियों को केला या चॉकलेट रखने के लिए कहा जाता है क्योंकि रक्त में शर्करा के स्तर में गिरावट खतरनाक हो सकती है। ईडी कह रही है कि वह आलू पूड़ी खा रहे हैं। ईडी को इतना झूठ बोलने के लिए थोड़ा तो डरना चाहिए। केजरीवाल ने सिर्फ नवरात्र के पहले दिन पूड़ी खाई थी।

### केजरीवाल को असाधारण अंतरिम जमानत का किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को असाधारण अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि जेल में केजरीवाल की सुरक्षा खतरे में है क्योंकि वह दुर्दांत अपराधियों के साथ कैद हैं। केजरीवाल धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में हैं। मुख्यमंत्री की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए, सभी मुद्दों पर निर्णय लेने और बड़े पैमाने पर जनता की भलाई में आदेश पारित करने के लिए केजरीवाल के उनके कार्यालय और घर में मौजूद होना आवश्यक है। याचिका कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ के समक्ष 22 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री को विभिन्न मुद्दों और समस्याओं पर कई आदेश और निर्देश पारित करने की आवश्यकता होती है, जो जेल या न्यायिक हिरासत से संभव नहीं है।

# ईवीएम में अतिरिक्त वोट दर्शाने की खबर गलत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि केरल के कासरगोड में मतदान के अभ्यास के दौरान ईवीएम में एक अतिरिक्त वोट दिखने के आरोप झूठे हैं। शीर्ष अदालत उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें ईवीएम के माध्यम से डाले गए वोट का वोटर वेरिफियेबिल पेपर ऑडिट ट्रेल वीवीपीएटी से पूरी तरह सत्यापन करने का अनुरोध किया था।

वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नीतेश कुमार व्यास ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि ये खबरें गलत हैं। हमने जिलाधिकारी से आरोपों की पड़ताल की है और यह बात सामने आई है कि ये गलत हैं। हम अदालत में विस्तृत रिपोर्ट जमा करेंगे। व्यास पीठ को ईवीएम की कार्यशैली के बारे में बताने के लिए अदालत में उपस्थित थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा था।

### लोस चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन शुरू

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई।




निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रपति की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की। चौथे चरण में 13 मई को नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर में कुल 96 सीट पर मतदान होगा। इसमें आंध्र प्रदेश (25), तेलंगाना (17) सीट पर मतदान होगा। आंध्र प्रदेश में 13 मई को विधानसभा चुनाव भी होंगे। इस चरण में बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, प. बंगाल और जम्मू–कश्मीर में मतदान होगा।

# शंभू रेलवे स्टेशन पर धरना जारी, 53 ट्रेन और हुई रद

**अंबाला, एजेंसी**

- आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की कर रहे हैं मांग

हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। अपनी मांगों को लेकर किसान पंजाब-हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेलवे लाइन पर बैठे रहे।

अंबाला रेलवे डिवीजन के रेलवे अधिकारियों ने कहा कि 53 ट्रेन और रद कर दी गईं है, 12 ट्रेनों का संचालन गंतव्य से पहले ही खत्म की गई और 23 का मार्ग बदल दिया गया। प्रदर्शनकारी नवदीप सिंह सहित तीन साथी किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं, जिन्हें हरियाणा पुलिस ने आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किया था। किसानों ने कहा है कि जब तक उनके साथी प्रदर्शनकारियों को रिहा नहीं किया जाता तब तक वे प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि उनका विरोध प्रदर्शन अब भी जारी है। अंबाला रेलवे मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक नवीन कुमार ने कहा कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के प्रदर्शन से कई ट्रेन की आवाजाही प्रभावित हुई है। नयी दिल्ली-अमृतसर, ऋषिकेश-श्री गंगानगर, लुधियाना-अंबाला कैंट समेत कई ट्रेन रद कर दी गईं। तीन किसानों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शनकारी किसान बुधवार को अंबाला-लुधियाना रेलवे लाइन पर बैठ गए।

संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने को लेकर किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की भी मांग कर रहे हैं। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर रुके हुए हैं, जब सुरक्षा बलों ने उनके मार्च को रोक दिया था।

### ईडी ने जमीन घोटाले में किए 1.25 करोड़ बरामद

**रांची।** झारखंड के रांची में जमीन घोटाले में करीब डेढ़ साल से मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने बड़ा खुलासा व बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने अब तक 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है। वहीं 51 छापेमारी व नौ सर्वे में ईडी ने 1.25 करोड़ रुपये नकदी जब्त की व बैंकों में पड़े 3.56 करोड़ रुपये को फ्रीज भी करवाया। रांची में जमीन घोटाले में ईडी ने अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित 22 आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों तक पहुंचा दिया है।

# शशिकला के खिलाफ मतदाता रिश्वत मामला को कर्नाटक हाईकोर्ट ने किया खारिज

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को 2023 राज्य विधानसभा चुनाव से संबंधित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक और पूर्व मंत्री शशिकला जोले के खिलाफ 'मतदाता रिश्वत' मामला खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित ने यह फैसला सुनाते हुए कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ रिश्वत के आरोप मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। न्यायमूर्ति दीक्षित ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी कार्य को रिश्वतखोरी माने जाने के लिए, इसमें कम से कम दो पक्ष शामिल होने चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल चुनावी अपराधों के लिए इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध धन को रखना रिश्वत के रूप में योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति दीक्षित ने कहा कि सुश्री जोले के खिलाफ लगाए गए आरोपों से किसी अपराध के घटित होने का खुलासा नहीं हुआ। उन्होंने मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें तर्क और विवेक दोनों का अभाव है।

# बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 6 महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न के मामले में आरोप तय करने को 26 अप्रैल को फैसला सुना सकती है कोर्ट

दिल्ली की एक अदालत भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने को लेकर 26 अप्रैल को अपना फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने मामले पर सुनवाई स्थगित कर दी है। सिंह ने मामले में जांच का अनुरोध करते हुए अदालत में एक याचिका दायर की है।

अदालत को आज इस मामले में आदेश पारित करना था। सिंह ने याचिका में आरोपों पर जवाब देने के लिए वक्त दिए जाने तथा और जांच करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उस घटना की तारीख पर भारत में नहीं थे जिसे लेकर एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उस दिन उसका डब्ल्यूएफआई के कार्यालय में यौन उत्पीड़न किया गया था। सिंह के वकील ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने शिकायतकर्ता के साथ आए कोच के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) पर भरोसा किया था और कहा था कि वे सात सितंबर 2022 को डब्ल्यूएफआई गए थे जहां लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया।

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 07 | 318 |
| रोहित शर्मा (मुंबई) | 07 | 297 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 07 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 07 | 12 |
| गेराल्ड कोएत्जी (मुंबई) | 07 | 12 |

## खेल डायरी

### अमेरिकी क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने स्टुअर्ट लॉ

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ को दो जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले अमेरिकी पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। लॉ अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला के लिए टीम से जुड़ेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 54 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और एक टेस्ट मैच खेल चुके लॉ ने कहा, ''इस समय अमेरिकी क्रिकेट से जुड़ना एक रोमांचक अवसर है। उन्होंने कहा, ''पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ शृंखला के लिए टीम को तैयार करना होगा।''

### मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से हुए बाहर

**नयी दिल्ली।** चोट लगने के बाद घुटने की हुई सर्जरी के कारण एथलीट मुरली श्रीशंकर पेरिस ओलंपिक 2024 से बाहर हो गये हैं। श्रीशंकर को मंगलवार को प्रशिक्षण के दौरान घुटने में चोट लग गई थी। श्रीशंकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह जानकारी साझा करते हुए लिखा, "मेरे पूरे जीवन में, मुझमें असफलता को आंखों से देखने, उन स्थितियों को स्वीकार करने का साहस है जिन्हें मैं बदल नहीं सकता और जिन स्थितियों को मैं बदल सकता हूं, उनके परिणामों को निर्धारित करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं। दुर्भाग्य से, जो एक भयानक सपने जैसा लगता है, लेकिन यह एक वास्तविकता है।"

### आकांक्षा एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के क्वार्टर में

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला स्क्वाश खिलाड़ी आकांक्षा सालुंखे ने गुरुवार को कुआलालंपुर में विश्व चैंपियनशिप के लिए एशियाई क्वालीफाइंग स्पर्धा के शुरुआती दौर में मलेशिया की थानुसा उथ्रियन को हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय ने पहले दौर में उथ्रियन को 11-7, 8-11, 11-3, 7-11, 11-5 से शिकस्त दी। दुनिया की 71वें नंबर की खिलाड़ी आकांक्षा 2023 राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन और मैदान में अकेली भारतीय है। वह शुक्रवार को 16-खिलाड़ियों के ड्रा के क्वार्टर फाइनल में एक अन्य मलेशियाई सहवीत्रा कुमार से भिड़ेंगी।

### तीन भारतीयों ने सऊदी ओपन में कट हासिल किया

**रियाद।** शिव कपूर, अजितेश संधू और गगनजीत भुल्लर ने यहां 10 लाख डॉलर इनामी सऊदी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल कर लिया है। कपूर ने शुरुआती दो दौर में 72 और 69 जबकि संधू ने 76 और 65 से कुल एक अंडर का स्कोर बनाया। दोनों संयुक्त रूप से 33वें स्थान पर चल रहे हैं। भुल्लर (70-72) ने कुल पार 142 के स्कोर से कट हासिल किया। वीर अहलावत (74-70), सपतक तलवार (76-68), कार्तिक शर्मा (75-70), एस चिकारंगप्पा (73-73), एसएसपी चौरसिया (77-73) और युवराज सिंह संधू (73-79) कट हासिल करने में नाकाम रहे। हनी बैसोया भी पहले दौर के बाद हट गए।

### जापान के केंटो मोमोता ने संन्यास लेने की घोषणा की

**टोक्यो।** जापान के बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार के विश्व चैंपियन केंटो मोमोता ने गुरुवार को संन्यास लेने की घोषणा की। जापान की समाचार एजेंसी समाचार एजेंसी के हवाले से मोमोता ने टोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "मुझे लग रहा कि मैं अब उस बिंदु पर वापस नहीं पहुंच सकता जहां मैं फिर से दुनिया में नंबर एक बनने का लक्ष्य पा सकूं।" उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हुए मेरा करियर बहुत ही संतुष्टिदायक रहा। अब मैं सभी प्रकार के लोगों को खेल का आनंद लेने में मदद करने में शामिल होना चाहता हूं।" उन्होंने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, दुर्घटना के बाद मैंने स्वयं ही सवाल किया, मैं ही क्यों।



शॉट लगाने के लिए बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते रोहित शर्मा। • एजेंसी



विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह। • एजेंसी

# रोमांचक मुकाबले में मुंबई की नौ रन से जीत

## मुंबई इंडियंस के लिए सूर्यकुमार ने जड़ा अर्धशतक, पंजाब किंग्स के आशुतोष की 61 रनों की पारी नहीं आई काम




सूर्यकुमार यादव

मुल्लांपुर, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव (78) रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी और उसके बाद जसप्रीत बुमराह और गेराल्ड कोएत्जी की कातिलाना गेंदबाजी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 33वें मैच में पंजाब किंग्स को नौ रन से हरा दिया है।

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 14 रन पर अपने चार विकेट गवां दिये। कप्तान सैम करन (6), प्रभसिमरन सिंह (शून्य), राइली रुसो (एक), लियम लिविंगस्टन (एक) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय हरप्रीत सिंह और शशांक सिंह ने पारी को संभालने का प्रयास किया। हरप्रीत सिंह (13) और जितेश शर्मा (9) रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुये 41 रन बनाये। आशुतोष शर्मा ने 28 गेंदों में दो चौके और सात छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। हरप्रीत बराड़ 21 बनाकर आउट हुये। कगिसो रबाडा आठ रन बनाकर आउट हुये। हर्षल पटेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब की टीम 19.1 ओवर में 183 रन पर सिमट गई। पंजाब की यह सात मैचों में पांचवीं हार है। मुम्बई इंडियंस की ओर से गेराल्ड कोएत्जी ने 32 रन देकर और जसप्रीत बुमराह 21 रन देकर ने तीन-तीन विकेट लिये। आकाश मधवाल और श्रेयस गोपाल को एक-एक विकेट मिला।

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 | +0.677 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 | +1.399 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.074 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.133 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 | -1.303 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.251 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

इससे पहले सूर्यकुमार यादव (78), रोहित शर्मा (36) और तलिक वर्मा के नाबाद (34) रनों की शानदार पारी के दम पर मुम्बई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और इशान किशन (8) को रबाड़ा ने पवेलियन भेज दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार यादव के साथ पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट लिये 81 रन जोड़े।

12वें ओवर में एस करन ने रोहित शर्मा को आउट कर दिया। रोहित ने 25 गेंदों में दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 36 रन बनाये। वहीं सूर्यकुमार यादव ने 53 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्के लगाते हुए 78 रनों की पारी खेली। उन्हें एस करन ने प्रभसिमरन के हाथों कैच आउट कराया। कप्तान हार्दिक पंड्या (10) और टिम डेविड (14), रोमारियो शेफर्ड (एक) रन बनाकर आउट हुये। तिलक वर्मा ने 18 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रन बनाये। पंजाब ने निर्धारित सात विकेट पर 192 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। सैम करन ने दो विकेट लिये। कगिसो रबाडा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**मुंबई 192/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान का बराड़ बो रबाडा | 08 | 08 | 1/0 |
| रोहित का बराड़ बो करेन | 36 | 25 | 2/3 |
| सूर्यकुमार का प्रभसिमरन बो करेन | 78 | 53 | 7/3 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 34 | 18 | 2/2 |
| हार्दिक का बराड़ बो हर्षल | 10 | 06 | 0/1 |
| डेविड का करेन बो हर्षल | 14 | 07 | 2/1 |
| रोमारियो का शशांक बो हर्षल | 01 | 02 | 0/0 |
| मोहम्मद नबी रन आउट (हर्षल) | 00 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** लिविंगस्टोन 2-0-16-0, अर्शदीप 3-0-35-0, रबाडा 4-0-42-1, हर्षल 4-0-31-3, करेन 4-0-41-2, बराड़ 3-0-21-0

**पंजाब 183/10** — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 21

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सैम करेन का किशन बो बुमराह | 06 | 07 | 1/0 |
| प्रभसिमरन का किशन बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0/0 |
| राइली रुसो बो बुमराह | 01 | 03 | 0/0 |
| लिविंगस्टोन का एवं बो कोएत्जी | 01 | 02 | 0/0 |
| हरप्रीत का एवं बो गोपाल | 13 | 15 | 2/0 |
| शशांक का तिलक बो बुमराह | 41 | 25 | 2/3 |
| जितेश पगबाधा मधवाल | 09 | 09 | 1/0 |
| आशुतोष का नबी बो कोएत्जी | 61 | 28 | 2/7 |
| हरप्रीत का नबी बो हार्दिक | 21 | 20 | 2/1 |
| हर्षल पटेल नाबाद | 01 | 04 | 0/0 |
| रबाडा रन आउट (नबी/ किशन) | 08 | 03 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** कोएत्जी 4-0-32-3, बुमराह 4-0-21-3, मधवाल 3.1-0-46-1, हार्दिक 4-0-33-1, गोपाल 2-0-26-1, शेफर्ड 2-0-20-0

## कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया

• नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 हस्तियों के मोम के पुतले

जयपुर, एजेंसी

विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर गुरुवार को जयपुर वैक्स म्यूजियम (मोम संग्रहालय) में क्रिकेटर विराट कोहली की मोम की प्रतिमा का अनावरण किया गया। संग्रहालय के संस्थापक निदेशक अनूप श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक साल से पर्यटकों, खासकर बच्चों और युवाओं की ओर से कोहली की प्रतिमा बनाने की भारी मांग आ रही थी। उन्होंने कहा, ''उनकी राय थी कि कोहली की प्रतिमा संग्रहालय में होनी चाहिए। मोम की प्रतिमा का अनावरण आज विश्व धरोहर दिवस पर किया गया।''

नाहरगढ़ किला परिसर में स्थित संग्रहालय में पहले से ही 44 मोम के पुतले हैं, जिनमें क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी की प्रतिमा भी शामिल हैं। कोहली की इस प्रतिमा का वजन लगभग 35 किलो है। इसे करीब दो महीने में तैयार किया गया है। संग्रहालय में महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, एपीजे अब्दुल कलाम, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, कल्पना चावला, अमिताभ बच्चन और मदर टेरेसा की प्रतिमा भी हैं।

## चेन्नई सपुर किंग्स ने कॉन्वे की जगह ग्लीसन को किया टीम में शामिल

• अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इस सत्र से हुए बाहर

लखनऊ, एजेंसी

अंगूठे में लगी चोट के कारण डेवन कॉन्वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी टीम में शामिल किया है।

कॉन्वे ने आईपीएल 2023 में सीएसके को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान उन्होंने 15 पारियों में 51.69 की औसत और 140 से कम की स्ट्राइक रेट से 672 रन बनाए थे। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी नवाजा गया था। ग्लीसन के शामिल होने से सीएसके को मुस्तफिजुर रहमान की अनुपस्थिति से पैदा हुए गैप को भरने में मदद मिल सकती है। बंगलादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में दस स्ट्राइक के साथ सीएसके के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। बीसीबी ने उन्हें एक मई तक आईपीएल खेलने के लिए एनओसी दे दी है। ग्लीसन ने पहले कभी आईपीएल में नहीं खेला है, लेकिन हंड्रेड (मैनचेस्टर ओरिजिनल्स), बीपीएल (रंगपुर राइडर्स), बीबीएल (मेलबोर्न रेनेगेड्स), एसए20 (डरबन सुपर जायंट्स) और आईएलटी20 (गल्फ जायंट्स) में वह खेल चुके हैं। उन्होंने अब तक 90 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 8.18 की इकॉनमी रेट से 101 विकेट लिए हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच के दौरान कॉन्वे के अंगूठे में चोट लग गई थी। जिसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। चेन्नई को उम्मीद थी कि आईपीएल के दूसरे भाग में कीवी बल्लेबाज मई तक उनके साथ दोबारा जुड़ जाएंगे।

## महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कश्मीरी विलो बल्ले का जलवा

**श्रीनगर।** महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कश्मीर में निर्मित 'विलो क्रिकेट बल्ला' अपने पिंग, संतुलन और स्ट्रोक को लेकर अपना जलवा बिखेर रहा है। कश्मीर की 'विलो क्रिकेट बैट' की निर्माता कंपनी जीआर8 स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का कहना है कि उनके द्वारा बनाए गए बल्ले का उपयोग पाकिस्तान के खिलाफ वेस्टइंडीज महिला टीम और अन्य कई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बल्ले का पिंग, बैलेंस और स्ट्रोक अन्य बल्लो की तुलना में बेजोड़ और बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि यह वर्षों के प्रयास का नतीजा है।

## एलएसजी के सामने चेन्नई के गेंदबाजों की चुनौती

• आज शाम साढ़े सात बजे से होगा मैच का प्रसारण

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं।

ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हें जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। मुस्ताफिजुर रहमान के पास तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं । लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है।

# बॉलीवुड हलचल

## अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना चलि अइहा घरवा रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''चलि अइहा घरवा'' रिलीज हो गया है। फिल्म ''अक्षरा'' के हृदय स्पर्शी गाना ''चलि अइहा घरवा'' में, जिसे वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह और अंशुमान मिश्रा की पति-पत्नी की जोड़ी के रूप में हे। उनके बीच बहुत ही मार्मिक और भावनात्मक रिश्ता दर्शाया गया है। वीडियो में भारतीय संस्कारी बहु के रूप अक्षरा सिंह और फौजी पति के किरदार में अंशुमान मिश्रा हैं। इस गाने प्रियंका सिंह, विकास सोनकर ने गाया है। इसके गीतकार शानदार जी और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह अपने फौजी पति को वापस ड्यूटी पर जाते समय निहार रही हैं और मन मे बिरह व्यक्त कर रही हैं, गाने ये बोल बहुत मार्मिक हैं। गौरतलब है कि वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के प्रोड्यूसर कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं। पीआरओ ब्रजेश मेहर और रामचंद्र यादव हैं। इस फ़िल्म में अक्षरा सिंह के साथ अंशुमान मिश्रा, धानी गुप्ता, विनोद मिश्रा, अनुप अरोरा, विनीत विशाल, जे.नीलम, मटरू, बीना पांडेय, शुभकिशन शुक्ला, प्रतिभा साहू, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, सीपी भट्ट प्रमुख भूमिका में हैं।



## आज जो हूं पिता के बलिदानों की वजह से हूं : हुमा कुरैशी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी का कहना है वह आज जिस मुकाम पर हैं, वह अपने पिता के बलिदान की वजह से है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न अपने कॉमेडी शो, 'मैडनेस मचाएंगे – इंडिया को हंसाएंगे' के साथ एक और हंगामेदार वीकेंड देने के लिए तैयार है, जिसमें दर्शकों को कविता और कॉमेडी का परफेक्ट मिश्रण पेश किया जाएगा। शो के 'मुशायरा स्पेशल' एपिसोड में प्रसिद्ध कवि और अभिनेता, शैलेश लोढ़ा के साथ, कॉमेडी के माहिर गौरव मोरे, सृष्टि रोडे और सुगंधा मिश्रा शामिल होंगे। कॉमेडियन्स अपने परफॉर्मेंस से न केवल मैडनेस की मालकिन, हुमा कुरेशी और मेहमानों का दिल जीतेंगे, बल्कि प्रसिद्ध कवि शैलेश लोढ़ा भी एक पिता और बेटी के उल्लेखनीय स्नेह को दर्शाने वाली हार्दिक कविताएं पढ़ेंगे। हुमा कुरैशी ने अपने पिता सलीम कुरेशी के बारे में बताया, जब आप (शैलेश लोढ़ा) पिता-बेटी के रिश्ते के बारे में यह भावपूर्ण कविता सुना रहे थे, तो मुझे वाकई अपने पिता की याद आ गई। मुझे याद है कि वह हर अवसर या त्योहार पर काम करते थे, चूंकि वह रेस्तरां बिज़नेस में थे और हॉलीडे के दौरान व्यस्त रहा करते थे। बचपन में, मैं उनसे बहस करती थी कि वह हमारे साथ समय नहीं बिताते है। लेकिन अब मुझे एहसास हुआ कि उन्होंने हमारे साथ जो समय नहीं बिताया, वह बहुत महत्वपूर्ण था क्योंकि मैं आज जो कुछ भी हूं वह उनके और उनके बलिदानों के कारण हूं।



## अजय देवगन की फिल्म मैदान ने पहले सप्ताह में 28 करोड़ की कमाई की

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है ।फिल्म 'मैदान' को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला है। फिल्म में अजय देवगन की एक्टिंग की भी काफी तारीफ की जा रही है. बावजूद इसके 'मैदान' सिनेमाघरों में कमाई के मामले में पिछड़ गई है। फिल्म मैदान ने अपने पहले सप्ताह में बॉक्स ऑफिस पर करीब 28 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, रुद्रनील घोष और गजराज राव भी हैं। यह फिल्म बोनी कपूर, आकाश चावला, अरुणव जॉय सेनगुप्ता और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित की गयी है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# संयुक्त राष्ट्र में सुधार के पक्ष में है अमेरिका : वेदांत

वाशिंगटन, एजेंसी



- मस्क की भारत को संयुक्त राष्ट्र में शामिल करने की टिप्पणी पर बोले बाइडन प्रशासन के अधिकारी

बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) सहित इस वैश्विक निकाय में बहुप्रतीक्षित जरूरी सुधार का समर्थन करता है, ताकि 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके।

उनकी यह टिप्पणी भारत को इस वैश्विक निकाय के शक्तिशाली अंग के स्थायी सदस्य बनाए जाने की बढ़ती मांग के बीच आई है। विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने यह टिप्पणी उस समय की जब उनसे अमेरिकी कंपनी टेस्ला के मुखिया एलन मस्क के बयान के बारे में सवाल किया गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई मतलब नहीं है। पटेल ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन पहले भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान इस बारे में (सुधारों की आवश्यकता) बात कर चुके हैं। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र में सुधारों का समर्थन करते हैं, ताकि यह 21वीं सदी की दुनिया को परिलक्षित कर सके, जिसमें हम रहते हैं। मेरे पास कोई विशेष जानकारी नहीं है कि वे कदम क्या हैं, निश्चित रूप से, हम मानते हैं कि सुधार की जरूरत है।

## भारत-अमेरिका में लड़ाकू विमान पर समझौता : ऑस्टिन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने विगत बुधवार को सांसदों से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच भारतीय वायु सेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमान इंजन बनाने के संबंध में जो समझौता हुआ है, वह क्रांतिकारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारत में एफ-414 लडाकू विमान इंजन के सह उत्पादन के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते की शर्तों के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के एफ414 इंजन का भारत में सह-निर्माण किया जाएगा और इससे तेजस हल्के लड़ाकू विमान एमके2 को और शक्तिशाली बनाया जा सकेगा।

# भविष्य में तीनों सैन्य क्षेत्रों पर प्रभाव डालेगा अंतरिक्ष: सीडीएस

- अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि युद्ध के लिहाज से भविष्य में अंतरिक्ष क्षेत्र वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्रों पर अपना प्रभाव डालेगा। गुरुवार को दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो संबोधन में जनरल चौहान ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही वास्तविकता बन जाएगी।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत और सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जनरल चौहान ने अपने संबोधन में भविष्य के युद्ध में अंतरिक्ष की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में बात करूंगा कि हम अभी कहां हैं और हमें कहां जाना है। सीडीएस ने कहा कि अंतरिक्ष को निर्णायक मोर्चा कहा जाता है। अंतरिक्ष का विस्तार अनंत है। अन्य सभी सीमाओं की तरह, इसकी सीमा को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना मुश्किल है। अंतरिक्ष के रहस्य को समझने के लिए मानव जाति को अभी लंबा रास्ता तय करना है। भारत उस यात्रा का हिस्सा बनना चाहता है। उन्होंने भारत के गगनयान कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण ले रहे चार अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में भी बात की। जनरल चौहान ने कहा अंतरिक्ष को युद्ध के उभरते हुए क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है। मेरा मानना है कि यह पहले से ही युद्ध का एक स्थापित क्षेत्र है। मेरा विश्वास इस विशेष क्षेत्र में तेजी से बदल रहे घटनाक्रम पर आधारित है। जनरल चौहान ने कहा कि युद्ध के इतिहास ने हमें सिखाया है कि किसी भी युद्ध में प्रारंभिक स्पर्धा आम तौर पर एक नए क्षेत्र में होती है। उन्होंने कहा कि नया क्षेत्र पुराने क्षेत्र की लड़ाइयों को भी प्रभावित करता है।

जनरल चौहान ने कहा कि शुरुआत में नौसैन्य शक्ति जमीनी लड़ाई को प्रभावित करने में सक्षम थी। बाद में, वायु शक्ति ने थल और जल में युद्ध को प्रभावित किया। यह मेरा विश्वास है कि अब, अंतरिक्ष वायु, समुद्री और भूमि क्षेत्र पर अपना प्रभाव डालेगा। अंतरिक्ष को सबके लिए खुला बताते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में संप्रभुता की कोई अवधारणा नहीं हो सकती। सीडीएस ने यह भी कहा कि अंतरिक्ष कूटनीति जल्द ही एक वास्तविकता बन जाएगी। जनरल चौहान ने कहा कि मित्र राष्ट्रों को अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाने के लिए पड़ोसी होना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि दूरियां और भू-राजनीतिक अलगाव रक्षा अंतरिक्ष सहयोग में फायदेमंद हो सकते हैं।



नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में इंडियन डिफेंस स्पेस संगोष्ठी 2024 के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट करते आईएसपीए के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अनिल कुमार भट्ट।

## एक नजर



**विनाशकारी :** इंडोनेशिया के टैगुलानडांग द्वीप में विस्फोट के दौरान माउंट रुआंग ज्वालामुखी देखा गया। राख फैलने, चट्टानों के गिरने, गर्म ज्वालामुखीय बादलों के खतरों के कारण इंडोनेशियाई अधिकारियों ने एक हवाई अड्डे को बंद कर दिया और विस्फोटित ज्वालामुखी के पास निवासियों ने घर छोड़ दिए।

### दिल्ली में कम कपड़े पहनकर महिला बस में चढ़ी, यात्रियों ने बुलाई पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को कम कपड़े पहने एक महिला भीड़भाड़ वाली एक क्लस्टर बस में सवार हुई जिसके बाद चालक-परिचालक को पुलिस बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, केवल अंतर्वस्त्र पहने महिला पंजाबी बाग बस स्टॉप से बस में चढ़ी थी। परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि महिला बस में ऐसी हालत में चढ़ी, जिस पर चालक दल और यात्रियों को आपत्ति थी। किसी यात्री ने पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन किया और 10 मिनट के बाद महिला बस से उतर गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### केरलः अलाप्पुझा में सामने आए बर्ड फ्लू के मामले, बत्तखों में बीमारी के लक्षण

**अलाप्पुझा (केरल)।** केरल के अलाप्पुझा में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि एडथवा ग्राम पंचायत के वार्ड-एक के क्षेत्र और चेरुथना ग्राम पंचायत के वार्ड तीन के एक अन्य क्षेत्र में पालतू बत्तखों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। बत्तखों में बीमारी के लक्षण दिखने के बाद भोपाल की एक प्रयोगशाला में उनके नमूनों का परीक्षण किया गया, जिसके बाद उनमें बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। अधिकारी ने बताया कि नमूनों में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) की पुष्टि हुई है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार की कार्ययोजना के अनुरूप प्रभावित क्षेत्र के एक किमी. के दायरे में घरेलू पक्षियों को मारने और सुरक्षित तरीके से निपटने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

### कर्नाटक में बीसीए छात्र ने सहपाठी की चाकू मारकर की हत्या

**हुबली।** कर्नाटक को झकझोर देने वाली एक चौंकाने वाली घटना में हुबली में बीसीए के एक छात्र ने दिनदहाड़े अपने सहपाठी छात्रा की बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी। जिसका वीडियो वायरल हो गया। यह घटना कॉलेज परिसर के अंदर की है और आरोपी की पहचान बेलगावी के सौंदत्ती निवासी फयाज के रूप में हुई। फयाज ने सहपाठी नेहा हिरेमठ को प्रपोज किया, इनकार करने पर फयाज ने नुकीली चीज से हमला कर दिया। जिससे नेहा की तुरंत मौत हो गई। हमले के बाद फयाज को साथी छात्रों और कॉलेज स्टाफ सदस्यों ने पकड़ लिया।

### पाकिस्तान में हुआ आतंकी हमला 4 सरकारी अधिकारियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में गुरुवार को हुए एक आतंकवादी हमले में पाकिस्तान सीमा शुल्क के चार अधिकारियों की मौत हो गई जबकि अन्य दो लोग घायल हो गए। डेरा इस्माइल खान पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शिन्हुआ से कहा कि जिले के सग्गू इलाके में नियमित गश्त के दौरान अज्ञात हमलावरों ने पाकिस्तान सीमा शुल्क के एक तस्करी विरोधी दस्ते के वाहन पर गोलीबारी की।

# इजरायल फसह तक नहीं करेगा हमला

## 22 से 30 तक मनाया जाता है यहूदी अवकाश फसह, फिर होगी कार्रवाई

यरुशलेम, एजेंसी

यहूदी अवकाश फसह तक इजरायल की ओर से ईरान पर जवाबी हमला शुरू करने की आशंका नहीं है। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने एबीसी न्यूज ब्रॉडकास्टर को बताया है कि यहूदी अवकाश फसह 22-30 अप्रैल तक मनाया जाता है।

अधिकारी ने इस बात से इंकार नहीं किया कि योजनाएं हमेशा बदल सकती हैं। उन्होंने कहा कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर और अन्य नेतृत्व अभी भी उच्च चेतावनी की स्थिति में हैं, उनमें से कुछ अभी भी सुरक्षित घरों और भूमिगत सुविधाओं में हैं। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि विगत शनिवार रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने इजरायली क्षेत्र पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए।

दरअसल, अप्रैल की शुरुआत में सीरिया की राजधानी में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हवाई हमले का जवाब था। आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजरायल ने सभी ड्रोन सहित ईरान द्वारा दागे गए 99 प्रतिशत हवाई लक्ष्यों को रोक दिया है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने बुधवार को चेतावनी दी कि अगर इजरायल ने ईरान पर जरा सा भी पलटवार किया तो उसे और तेज कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।



संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सुरक्षा परिषद के सदस्यों को संबोधित करते इजराइल के संयुक्त राष्ट्र राजदूत गिलाद एर्दान (ऊपर बाईं ओर)। ● एजेंसी

### परमाणु स्थलों पर हमला करेगा इजराइल तो छोड़ेंगे नहीं : ईरान

**तेहरान।** ईरान के एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर ने गुरुवार को धमकी दी कि अगर इजरायल ने ईरान के परमाणु स्थलों पर हमला किया तो वह उसकी परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाएगा। फार्स न्यूज एजेंसी ने कहा कि ईरानी परमाणु स्थलों की सुरक्षा करने वाले इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) इकाई के कमांडर अहमद हकतलब की यह टिप्पणी तब आई है जब इजरायल ने पिछले सप्ताह बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में ईरानी परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाने का संकेत दिया था।

## अमेरिका और ब्रिटेन ने ईरान पर लगाए प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी

इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व हमले से पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति बनने की आशंका बढ़ने के बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को ईरान पर कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका में वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने इस कार्रवाई में ईरान में 16 लोगों और दो संस्थानों को लक्षित किया है, जो 13 अप्रैल को इजराइल पर हुए हमले में इस्तेमाल किए गए ड्रोन को चलाने वाले इंजन के उत्पादन से जुड़े हैं। वहीं, ब्रिटेन ईरान के ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल उद्योगों से जुड़े कई ईरानी सैन्य संस्थानों, व्यक्तियों और निकायों को निशाना बना रहा है।

अमेरिकी वित्त मंत्री जैनेट येलेन ने कहा कि हम आने वाले दिनों और सप्ताहों में ईरान की कार्रवाइयों के जवाब में अपनी पाबंदियां लागू करते रहेंगे। अमेरिका के अधिकारियों ने इस सप्ताह चेतावनी दी थी कि वे क्षेत्र में ईरान की गतिविधियों के जवाब में और भविष्य में हमलों को रोकने के लिए नई पाबंदियों पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी सांसद ऐसे विधेयक पर जोर दे रहे हैं जो ईरान और उसके नेताओं पर आर्थिक दंड लगाता हो। गत रविवार तड़के इजराइल पर ईरान का हमला इस महीने की शुरुआत में सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजराइली हमले के जवाब में किया गया। यूरोपीय संघ (ईयू) के नेताओं ने भी बुधवार को संकल्प व्यक्त किया कि वे ईरान पर प्रतिबंध बढ़ाएंगे।

# तीनों सेनाओं की महिलाओं ने पूरी की चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग कम्पीटिशन के लिए 27 दिनों में पूरा किया प्रशिक्षण

तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों के एक दल ने अरब सागर में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में करीब चार सप्ताह की कठिन समुद्री यात्रा पूरी कर ली है। इसके चालक दल में सभी महिलाएं हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की 12 बहादुर महिला अधिकारियों वाले चालक दल ने सितंबर में होने वाली वैश्विक जलयात्रा प्रतिस्पर्धा की तैयारी के लिए यह समुद्री यात्रा की।

उन्होंने बताया कि इन महिला कर्मियों ने आर्मी एडवेंचर विंग और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग के आर्मी एक्वा नोडल सेंटर के बैनर तले यह यात्रा शुरू की। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण वैश्विक जलयात्रा के मद्देनजर यह मिशन 27 दिन में पूरा हुआ और इसमें कठिन समुद्री परिस्थितियों में उनके धैर्य और कौशल का परीक्षण किया। मुंबई से लक्षद्वीप तक यह प्रशिक्षण अभियान शुक्रवार को समाप्त हो गया। महिला नाविकों ने पहले ही 6,000 समुद्री मील का प्रशिक्षण हासिल कर लिया है। चालक दल अपने आप को अराउंड द वर्ल्ड सेलिंग कम्पीटिशन के लिए तैयार कर रहा है जो भारत के इतिहास में मील का एक महत्वपूर्ण पत्थर साबित होगा।

### एमएससी एरीज पर सवार भारतीय महिला कैडेट की वापसी



**नई दिल्ली।** ईरान की सेना द्वारा इस सप्ताहांत में बंधक बनाए गए मालवाहक पोत एमएससी एरीज पर सवार भारतीय चालक दल के 17 सदस्यों में शामिल महिला कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ गुरुवार को कोचीन पहुंच गईं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि तेहरान में भारतीय मिशन मालवाहक पोत एमएससी एरीज के बाकी 16 भारतीय कर्मियों के साथ संपर्क में है। तेहरान में भारतीय मिशन और ईरान की सरकार के समन्वित प्रयासों से केरल के त्रिशूर की रहने वाली भारतीय कैडेट ऐन टेस्सा जोसफ आज अपराह्न में कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित पहुंच गईं।



### 'वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर' पुरस्कार

**पेरिस।** रॉयटर्स के फोटोग्राफर मोहम्मद सलेम को गाजा में तबाही का मंजर दर्शाने वाली एक तस्वीर के लिए गुरुवार को इस साल के प्रतिष्ठित वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा गया। इस हृदय विदारक तस्वीर में एक फलस्तीनी महिला को अपनी नन्हीं भतीजी के शव को गोद में लिए हुए देखा जा सकता है। लेम ने यह तस्वीर अपने खुद के बच्चे के जन्म के कुछ दिन बाद खान यूनिस में खींची थी।

## अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुए भारतीय की मौत

**वाशिंगटन।** अवैध तरीके से अमेरिका आने वाले एक भारतीय नागरिक की अटलांटा के एक अस्पताल में मौत हो गई। उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाना था। अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) विभाग ने बताया कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। साथ ही उसके परिजनों को भी इसके बारे में सूचित कर दिया गया है।

आईसीई ने बताया कि 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल में सिंह की मौत हो गई। भारतीय नागरिक सिंह ने पहली बार 25 अक्टूबर 1992 में कानूनी तरीके से अमेरिका में प्रवेश किया था। 21 जनवरी 1998 को एक आव्रजन न्यायाधीश ने सिंह को अमेरिका से जाने का आदेश दिया इसके बाद सिंह स्वेच्छा से भारत लौट आया था। सिंह ने 29 जून 2023 को दोबारा अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश करने की कोशिश की लेकिन अधिकारियों ने उसे अमेरिका- मेक्सिको सीमा पर गिरफ्तार कर लिया था।

## घर से पहले फार्म हाउस पर की रेकी डर पैदा करना चाहते थे हमलावर

मुंबई, एजेंसी

- आरोपियों ने काबुला हमले से 4 दिन पहले गए थे सलमान के पनवेल वाले फार्म हाउस

मुंबई में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए दो लोगों ने घटना को अंजाम देने से चार दिन पहले रायगढ़ जिले से सटे पनवेल में फार्म हाउस की रेकी की थी।

पुलिस ने गुरुवार को घटना के सिलसिले में अब तक हुई जांच का हवाला देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि रविवार तड़के बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान के घर के बाहर गोलीबारी के पीछे दोनों हमलावरों का मुख्य उद्देश्य डर पैदा करना था। अधिकारी ने बताया कि हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) ने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों को बताया कि उन्होंने (आरोपियों ने) 14 अप्रैल को मुंबई में सलमान के घर के बाहर गोलीबारी करने से चार दिन पहले पनवेल में उनके फार्म हाउस की रेकी की थी। पुलिस, सबूत जुटाने की अपनी कवायद के तौर पर फार्म हाउस के गेट और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुट गयी है। उन्होंने बताया कि बिहार के रहने वाले दोनों आरोपियों ने पनवेल के हरिग्राम इलाके में स्थित सलमान के फार्म हाउस से लगभग 10 किलोमीटर दूर एक घर किराए पर लिया था।

## पश्चिमी जापान में आए भूकंप के जोरदार झटके

**टोक्यो।** पश्चिमी जापान में बुधवार रात महसूस किए भूकंप के जोकदार झटकों के कारण किसी बड़े नुकसान या घातक हताहत की सूचना नहीं है। जापान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 11:14 बजे ऐनान, एहिमे प्रीफेक्चर और सुकुमो, कोच्चि प्रीफेक्चर, दोनों शिकोकू द्वीप में महसूस किए गए। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 मापी गई।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार भूकंप का केंद्र बुंगो चैनल में 39 किलोमीटर की गहरायी में था। बुंगो चैनल क्यूशू और शिकोकू द्वीपों को अलग करने वाली एक जलडमरूमध्य है। जापान के सरकारी न्यूज चैनल एनएचके ने गुरुवार सुबह बताया कि भूकंप से एहिमे और कोच्चि में सात लोगों को हल्की चोटें आईं, और कुछ क्षेत्रों में मामूली क्षति हुई, जैसे पानी के पाइप टूटना, बिजली के तार लटकना, स्ट्रीट लाइटें गिरना और राष्ट्रीय सड़क पर भूस्खलन की घटना शामिल है। मौसम एजेंसी ने शुरू में भूकंप की तीव्रता 6.4 बताई थी, लेकिन बाद में आंकड़े को संशोधित कर 6.6 कर दिया।

## रोबोटिक सर्जरी से हुआ ब्रेस्ट कैंसर झेल रहीं दो महिलाओं का इलाज

नई दिल्ली, एजेंसी

- 60 और 27 वर्षीया महिलाओं को पहले दी गई कीमोथेरेपी, फिर किया ऑपरेशन

राजधानी के एक निजी अस्पताल में एडवांस स्टेज ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित दो महिलाओं का रोबोटिक की मदद से सफल उपचार करने में चिकित्सक कामयाब रहे हैं। सी के बिड़ला हॉस्पिटल, दिल्ली के सर्जिकल ओंकोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ मनदीप सिंह मल्होत्रा ने बताया कि इनमें से एक 27 वर्षीय एक महिला को प्रसव के कुछ ही महीनों बाद स्तन में गांठ का अनुभव हुआ और उसे नजरअंदाज करने से कैंसर बढ़कर काफी आगे बढ़ गया था।

पीड़ित महिला को कीमोथेरेपी दी गयी, जिसका उन पर अच्छा असर हुआ। इसके बाद बिना किसी जटिलता के रोबोट की मदद से ब्रेस्ट को बचाते हुए सर्जरी की गई। सर्जरी के बाद मरीज को तेजी से स्वास्थ्य लाभ हुआ।

उन्होंने बताया कि रोबोट की मदद से की गई इस सर्जरी के बाद पीड़ित महिला के स्तन मूल स्तनों की भांति बरकरार रहे। डॉ मल्होत्रा ने बताया कि दूसरे मामले में लगभग 60 साल की महिला को शुरुआती स्टेज का ब्रेस्ट कैंसर का पता चला, हालांकि वह मल्टीफोकल कैंसर था। महिला अपने स्तनों को हटाए जाने की आशंका से परेशान थी। उनकी रोबोट की मदद से तत्काल सर्जरी की गई। रोबोटिक आर्म की मदद से कैंसरग्रस्त टिश्यू को निकाला गया। इसके साथ ही पीठ से निकाले गए टिश्यू की मदद से रीकंस्ट्रक्शन भी किया गया। ये दोनों प्रक्रियाएं सिंगल लेटरल मेमरी इंसाइजन से ही पूरी की गई।

खुले रहस्य | सूर्य से 33 गुना अधिक है गैया बीएच 3 ब्लैक होल का द्रव्यमान

## हमारी आकाशगंगा में एक और ब्लैक होल की खोज

अमृत विचार, नैनीताल

हमारी आकाशगंगा में वैज्ञानिको ने एक और ब्लैक होल खोज निकाला है। इसका नाम गैया बीएच 3 है। इसका द्रव्यमान सूर्य से 33 गुना अधिक है। यह पृथ्वी का दूसरा सबसे निकटतम ज्ञात ब्लैक होल है।

गैया बीएच3 पृथ्वी से 2000 प्रकाश वर्ष दूर है और एक्विला तारामंडल में स्थित है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कुछ मायनों में यह खोज पिछले सिद्धांतों को चुनौती भी देती है। यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला ने 16 अप्रैल को इस खोज की घोषणा की। खोजकर्ता खगोलविदों के अनुसार हमारी आकाशगंगा मिल्की वे में अब तक खोजे गए सबसे विशाल ब्लैक होल नही है। मिल्की वे के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल सैजिटेरियस ए ही सबसे बड़ा है, जो हमारे सूर्य के द्रव्यमान का लगभग चार मिलियन गुना है। नया ब्लैक होल एक तारे की मौत के बाद बना है। यह तारामंडल एक्विला द ईगल की दिशा में स्थित है, जो उत्तरी गोलार्ध के आकाश में एक महत्वपूर्ण तारामंडल है। पेरिस के नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च के खगोलशास्त्री पास्क्वेल पानुज़ो के नेतृत्व इस ब्लैक होल की खोज हुई है। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है। इस ब्लैक होल की खोज 1.7 बिलियन सितारों के स्कैन करने के बाद हुई है। इतने अधिक संख्या में तारों का विश्लेषण करना आज के अंतरिक्ष यान और कंप्यूटर प्रौद्योगिकियों के जरिए संभव है। नई तकनीक विकसित होने से आकाश के बड़े हिस्से का आंकलन संभव हो चला है।


हमारी आकाशगंगा व गैया स्पेस अंतरिक्षयान की तस्वीर।

### वीएलटी ने की ब्लैक होल की पुष्टि

**नैनीताल :** ब्लैक होल व इसके द्रव्यमान को सत्यापित करने के लिए यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला की वेरी लार्ज टेलीस्कोप (वीएलटी) का सहारा लिया गया। इसके अलावा कई अन्य जमीन-आधारित वेधशालाओं के डेटा का उपयोग किया गया। तब इसकी पुष्टि हो सकी। इस खोज के बाद माना जा रहा है कि हमारी आकाशगंगा में और भी ब्लैक होल हो सकते हैं।

## चाकू से हमले की घटना के बाद फिर खुला शॉपिंग मॉल

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में वह शॉपिंग मॉल गुरुवार को आम जनता के लिए फिर से खुल गया जहां चाकू से हमले की घटना में छह लोग मारे गए थे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने पाकिस्तान के उस प्रवासी सुरक्षाकर्मी को नागरिकता देने पर विचार करने की बात कही है।

सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन में शनिवार को हुए हमले के बाद पिछले तीन दिन में शहर में चाकू से हमले की दो और घटनाएं हुईं जिससे लोग स्तब्ध हैं। शनिवार के हमले में 18 लोगों को चाकू मारने वाले हमलावर को पुलिस ने मार गिराया था। प्रधानमंत्री अल्बानीज ने शनिवार को हुए हमले में बीच बचाव करने वाले लोगों की प्रशंसा की जिसमें सुरक्षाकर्मी मोहम्मद ताहा भी शामिल है। हमले में ताहा के पेट में चाकू मारा गया था। ताहा पाकिस्तान से है और अस्थायी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया में काम रहा है। उसके वीजा की अवधि कुछ ही हफ्तों में खत्म होने वाली है।

### हमले में नायक बने फ्रांसीसी को नागरिकता

**सिडनी।** सिडनी में एक मॉल में चाकू से किए गए हमले के दौरान हमलावर का मुकाबला करने वाले एक फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक को सम्मानित करते हुए गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में स्थायी रूप से रहने की अनुमति दी गई है। इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी और 12 अन्य घायल हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने फ्रांसीसी निर्माण श्रमिक डेमियन गुएरोट को उनकी वीरता के लिए सम्मानित करते हुए उन्हें देश का स्थायी निवासी बनाने का फैसला किया।